जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत


epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 6 अगस्त, 2022

# Kanoria
PG Mahila Mahavidyalaya Jaipur
(Affiliated to University of Rajasthan) NAAC Accredited
Estd. 1965

## Admissions 2022-23
**Apply Online**
visit college website
**www.kanoriacollege.in**
For Counselling Visit Campus



## PROGRAMMES AVAILABLE

### Undergraduate

**Faculty of Arts**
B.A. Pass Course
B.A. Hons.: Eng. Literature
B.A. Hons.: Economics
B.A. Hons.: Political Science
B.A. Hons.: Psychology*
(*Subject to Affiliation)

**Faculty of Commerce**
B.Com. Pass Course

**Faculty of Science**
B.Sc. Biology
B.Sc. Mathematics

**Professional Programmes**
BBA
BCA
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Home Science

### Postgraduate (Semester Scheme)

**Faculty of Arts**
M.A. Drawing & Painting
M.A. English Literature
M.A. Geography
M.A. Hindi Literature
M.A. History
M.A. Political Science
M.A. Psychology*
(*Subject to Affiliation)

**Faculty of Commerce**
M.Com. ABST
M.Com. Bus. Admn.
M.Com. EAFM

**Faculty of Science**
M.Sc. Botany
M.Sc. Chemistry
M.Sc. Geography
M.Sc. Mathematics
M.Sc. Physics
M.Sc. Zoology
M.Sc. Psychology*
(*Subject to Affiliation)

### SKILL ENHANCEMENT COURSES

- Certified Accounting Technician (CAT) in collaboration with Institute of Cost Accountants of India (ICAI).
- Certificate Course in Organic Farming in collaboration with Morarka Foundation
- Certificate Course in Tally Accounting
- Certificate Course in Functional English
- Certificate Course in French/German/ Spanish Language in collaboration with IFCS
- Certificate Course in Digital Marketing
- Certificate Course in Cyber Security in collaboration with Dr CBS Security Services LLP , Jaipur
- Certificate Course in Graphic Designing
- Certificate Course in Advance Excel
- Certificate Course in Financial Planning and Investment Management
- Certificate Course in Coding (Python)
- Certificate Programme in Banking Finance and Insurance in collaboration with Bajaj Finserv
- हिन्दी भाषा कौशल
- Diploma in Art and Craft Design
- Diploma in Nutrition and Dietetics
- Diploma in Office Management
- गायन एवं वादन डिप्लोमा

## FACILITIES

- College YouTube Channel
- Wi-fi Campus
- Reading Rooms other than Library
- Air-Conditioned Language Lab
- Hostel in Campus
- Sports Coaching Facility
- Swimming Pool and Gymnasium
- Two-wheeler Parking
- Eco Friendly Campus
- Cafeteria

Coaching for Entry in Service
(Bank / Teaching / SSC / SI / Railways / CAT)

### Fee Exemptions / Concessions for

- Merit Position Holders
- Winners in National/ State Level Sports / Outstanding Players
- Need-Based Aid

### Highlights

- Incubation Centre **NARIKA**
- Separate Section for English & Hindi Medium Students
- NSS

### Campus Placements

- Zucol Group of Services
- Great Champ Technology
- Genpact
- Teleperformance
- Hyrefox Consultants Pvt. Ltd.
- Capgemini
- ICICI Bank
- Infosys
- Concentrix Daksh Service India Pvt. Ltd.


### COLLABORATIONS

**USIEF Fulbright Programme**
**Dutch Green Business**
**Institute of Cost Accountants of India : CAT (Certified Accounting Technician)**
**Internshala (Official Internship Partner of AICTE)**
**Global Talent Track Foundation (GTT)**
**IIT Delhi - Virtual Labs**
**Anveshan Foundation - Delhi University**
**Morarka Foundation**
**Mother Earth Project**
**BOSCH**

**Contact No.: +91-9057807070 For more details visit : www.kanoriacollege.in**
**Email : admissions@kanoriacollege.in**
facebook.com/profile.php?id=100004132096541

# Rajasthan School of Law for Women, Jaipur (RSLW)
(Approved by Bar Council of India and Affiliated to Dr. Bhimrao Ambedkar Law University)

### Eligibility
10+2 with 50% marks
5% relaxation for SC/ST category
3% relaxation for OBC category



**Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya Campus**

Seats 60

## B.A.,LL.B.
## (5 Year Integrated Course)
## Leading Law College Exclusively for Girls

### LEGAL ATTRIBUTES
- Moot Court Training
- Active Legal Aid Cell
- Workshops and Seminars
- Internship Opportunities
- Interaction with Judges, Lawyers and Academicians

### DISTINCTIVE FEATURES
- Centrally located
- Hostel facility available
- Audio visual teaching aid
- Rich library with law journals
- E-journal and research facility
- Experienced and versatile faculty

**Access to Language Lab for English and other foreign languages**

Address : Kanoria Girls College Campus, JLN Marg, Gandhi Circle, Jaipur - 302015
Ph. No. : 7849834615 / 7849834616 / 0141-2701769
website : www.rslw.in Email : admissionrslw@gmail.com (for admission) ; rajasthanschooloflaw@gmail.com

## Hostel offers State of Art Infrastructure with Amenities



- 2/4/6/8 Seater Rooms
- AC Rooms Available
- Hygienic Environment
- Activity Room
- Playgrounds
- Swimming Pool, Gym
- Healthy Atmosphere
- 24-hours Security

*Giving an experience of "Home away from Home"*

**For Hostel Admissions Contact : 7849826045**

## विचार बिन्दु

अगर इंसान सुख-दुःख की चिंताओं से ऊपर उठ जाये तो आसमान की ऊँचाई भी उसके पैरों तले आ जाये। –शेख सादी

# युवाओं में फैलता शराब के नशे का मकड़जाल

नशाखोरी इस सदी की सबसे बड़ी समस्या है जिसमें शराब का नशा प्रमुख है। आज युवा वर्ग शराब के नशे में खोता जा रहा है। शराब जैसे तन मन और परिवार को खोखला करने वाली की लत उन्हें बर्बाद कर रही है। शुरू में युवा शौक के तौर पर शराब का सेवन करता है और बाद में नशे की मांग पूरी करने के लिए तस्करी और गैर सामाजिक कार्य के कारोबार में फंस जाता है।

आजकल के बदलते लाइफस्टाइल में हमारे देश में नशा एक ऐसा अभिशाप बन कर उभर रहा है जो हमारे युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। साल-दर-साल इन युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। युवाओं में शराब जैसे खतरनाक नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवनशैली, अकेलापन, बेरोज़गारी और आपसी कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं।

युवाओं में तेजी से बढ़ रही शराब की लत को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय-समय सचेत करते रहते हैं। शराब का सेवन शरीर को गंभीर क्षति पहुंचा सकता है। युवाओं के बीच शराब का सेवन एक चलन सा चल पड़ा है। शराब एक नशीला पदार्थ है, जिसको एक प्रकार का अवसाद भी माना जाता है।

शोध पत्रिका 'लांसेट' में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में यह खुलासा किया गया है कि युवाओं को ज्यादा उम्र वालों की तुलना में शराब के सेवन से अधिक स्वास्थ्य जोखिम का सामना करना पड़ता है। भौगोलिक क्षेत्र, आयु, लिंग और वर्ष के आधार पर शराब से जुड़े जोखिम के बारे में यह पहला अध्ययन है जिसमें कहा गया है कि दुनिया भर में शराब की खपत की सिफारिशें उम्र और स्थान पर आधारित होनी चाहिए। इसमें सबसे सख्त दिशा-निर्देश 15-39 साल के आयु वर्ग के पुरुषों के लिए लक्षित हों। शोधकर्ताओं ने 204 देशों में शराब के सेवन के अनुमानों के आधार पर गणना की है कि 2020 में 1.34 अरब लोगों ने हानिकारक मात्रा में इसका सेवन किया। अध्ययन में पाया गया कि 15 से 39 साल की उम्र के लोगों को शराब पीने पर ज्यादा खतरा होता है। 2020 में बहुत ज्यादा मात्रा में अल्कोहल लेने वालों में 59.1 प्रतिशत लोग 15 से 39 साल की उम्र वाले थे। इनमें से 76.7 प्रतिशत पुरुष थे।

हमारे समाज में नशे को सदा बुराइयों का प्रतीक माना और स्वीकार किया गया है। इनमें सर्वाधिक प्रचलन शराब का है। शराब सभी प्रकार की बुराइयों की जड़ है। शराब के सेवन से मानव के विवेक के साथ सोचने समझने की शक्ति नष्ट हो जाती है। वह अपने हित-अहित और भले-बुरे का अन्तर नहीं समझ पाता। शराब के सेवन से मनुष्य के शरीर और बुद्धि के साथ-साथ आत्मा का भी नाश हो जाता है। शराबी अनेक बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। अमीर से गरीब और बच्चे से बुजुर्ग तक इस लत के शिकार हो रहे हैं।

**आजादी के बाद देश में शराब की खपत 60 से 80 गुना अधिक बढ़ी है। यह भी सच है कि शराब की बिक्री से सरकार को एक बड़े राजस्व की प्राप्ति होती है। मगर इस प्रकार की आय से हमारा सामाजिक ढांचा क्षत-विक्षत हो रहा है और परिवार के परिवार खत्म होते जा रहे हैं।**

एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच में से एक शख्स शराब पीता है। सर्वे के अनुसार 19 प्रतिशत लोगों को शराब की लत है। जबकि 2.9 करोड़ लोगों की तुलना में 10-75 उम्र के 2.7 प्रतिशत लोगों को हर रोज ज्यादा नहीं तो कम से कम एक पेग जरूर चाहिए होता है और ये शराब के लती होते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार देशभर में 10 से 75 साल की आयु वर्ग के 14.6 प्रतिशत यानी करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं।

छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में शराब का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है।

इस सर्वे की चौंकाने वाली बात यह है कि देश में 10 साल के बच्चे भी नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में शामिल हैं। सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि शराब पर निर्भर लोगों में से 38 में से एक ने किसी न किसी बीमारी की सूचना दी, जबकि 180 में से एक ने रोगी के तौर पर या अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी।

एक अन्य सर्वे के मुताबिक भारत में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 37 प्रतिशत लोग नशे का सेवन करते हैं। इनमें ऐसे लोग भी शामिल है जिनके घरों में दो जून रोटी भी सुलभ नहीं है।

जिन परिवारों के पास रोटी-कपड़ा और मकान की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा सुबह-शाम के खाने के लाले पड़े हुए हैं उनके मुखिया मजदूरी के रूप में जो कमा कर लाते हैं वे शराब पर फूंक डालते हैं। इन लोगों को अपने परिवार की चिन्ता नहीं है कि उनके पेट खाली हैं और बच्चे भूख से तड़फ रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। ये लोग कहते हैं वे गम को भुलाने के लिए नशे का सेवन करते हैं। उनका यह तर्क कितना बेमानी है जब यह देखा जाता है कि उनका परिवार भूखे ही सो रहा है। युवाओं में नशा करने की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते शहरी और ग्रामीण अंचल में आपराधिक वारदातों में काफी इजाफा हो रहा है। शराब के साथ नशे की दवाओं का उपयोग कर युवा वर्ग आपराधिक वारदातों को सहजता के साथ अंजाम देने लगे हैं। हिंसा, बलात्कार, चोरी, आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादीशुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना आम बात है।

आजादी के बाद देश में शराब की खपत 60 से 80 गुना अधिक बढ़ी है। यह भी सच है कि शराब की बिक्री से सरकार को एक बड़े राजस्व की प्राप्ति होती है। मगर इस प्रकार की आय से हमारा सामाजिक ढांचा क्षत-विक्षत हो रहा है और परिवार के परिवार खत्म होते जा रहे हैं। हम विनाश की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। देश में शराब बंदी के लिए कई बार आंदोलन हुआ, मगर सामाजिक, राजनीतिक चेतना के अभाव में इसे सफलता नहीं मिली। सरकार को राजस्व प्राप्ति का यह मोह त्यागना होगा तभी समाज और देश मजबूत होगा और हम इस आसुरी प्रवृत्ति के सेवन से दूर होंगे।

**–बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक और पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 6 अगस्त, 2022



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, विशाखा नक्षत्र सांय 5:51 तक, शुक्ल योग दिन 12:41 तक, बालव करण दिन 3:04 तक, चन्द्रमा दिन 12:06 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मेष, बुध-सिंह, गुरू-मीन, शुक्र-मिथुन, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग सांय 5:51 से आरम्भ होगा। आज श्री हरि जयन्ती, अश्वत्थ मारूती पूजा है। शुक्र कर्क राशि में रविवार प्रातः 5:20 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:36 से 9:15 तक, चर 12:33 से 2:11 तक, लाभ-अमृत 2:11 से 5:29 तक।


**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:57, सूर्यास्त 7:08

### मेष




अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है और बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा।

### वृष




अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा और विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन का भय समाप्त होगा। दिन के मध्यान्ह परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### मिथुन



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कर्क



घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### सिंह




मित्रों/परिजनों से चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। परिजनों के सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात घर-परिवार कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और अनावश्यक धन खर्च होगा।

### कन्या




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### तुला



अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी और कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### वृश्चिक



घर-परिवार कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनावश्यक समय खराब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी और मन:स्थिति में सुधार होगा।

### धनु



अपने आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कुंभ



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### मीन




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

# अभेद्य दीवारों से रक्षित चूरू का किला

चूरू किले का निर्माण चूरू के ठाकुर कुशलसिंह ने सन् 1694 में करवाया। उन्होंने नगरवासियों को सुरक्षा प्रदान करने एवं आत्मरक्षा के उद्देश्य से इस क़िले का निर्माण कराया। किले का निर्माण होते ही लोगों का कुशलसिंह में विश्वास बढा और बड़ी संख्या में लोग आकर चूरू में बसने लगे। कहा जाता है कि किला बन जाने से नगर के विकास एवं व्यापार का मार्ग प्रशस्त हुआ और चूरु तरक्की करने लगा।

चूरू के मुख्य बाजार में स्थित इस किले का परकोटा बहुत मजबूत बना है। यह किला नौ बुर्जों में विभक्त है। किले का सिंहद्वार पश्चिमाभिमुख है। किले की दीवारें अत्यंत मजबूत, चौड़ी और ऊंची हैं। सिंहद्वार के दरवाजे लोहे की मोटी सलाखों से जुड़े हैं। दरवाजे को भेदना अत्यंत दुष्कर कार्य था। किले की प्राचीर में अनेकों सुराख हैं जहां से शत्रुओं पर बंदूकें दागी जाती थी। सिंहद्वार के दक्षिण के एक बुर्ज में सन् 1870 ईस्वी का एक पट्ट लगा है। किले के एक भाग में मेहता मेघराज की देवली, एक पुराना कुआं और गोपीनाथ जी का भव्य मंदिर है।

**■ आजादी की रक्षा के लिए इस किले से दुश्मन की सेना पर चांदी के गोले दागे गए**




पन्नालाल मेघवाल

चूरु के किले में ठाकुर शिवसिंह द्वारा बनाया गया भव्य गोपीनाथ का मंदिर है। इस मंदिर में राधा-कृष्ण के साथ-साथ शिव-पार्वती गणेश-कार्तिकेय, हनुमानजी एवं दुर्गा की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। किले में भगवानदास बावला ने सन् 1895 में एक अस्पताल बनवाया था। किले के दक्षिणी-पूर्वी भाग में ठाकुरों के महल और कचहरी थी। चूरू का तहसील मुख्यालय भी वर्षों तक यहां रहा। नगरपालिका का कार्यालय भी अनेक वर्षों तक यहीं से संचालित हुआ। यहां पर एक बालिका विद्यालय संचालित है। बालिका स्कूल के पास ही जेल और प्रहरियों के क्वार्टर बने थे उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। किले के दक्षिण में बने एक भवन में वर्षों स्वास्थ्य विभाग का दफ्तर रहा। बाद में दूरदर्शन रिले केंद्र भी स्थापित हुआ। इस भवन में मातृ शिशु कल्याण केंद्र संचालित रहा। किले के पुराने कुएं से किले और आस-पास के लोगों की जलापूर्ति की जाती है।

इतिहासकार गोविंद अग्रवाल द्वारा लिखित चूरू मंडल का शोधपूर्ण इतिहास के अनुसार यह किला अनेक लड़ाइयों का साक्षी रहा है। इस किले को तोप के गोले भी नहीं भेद पाए।

ठाकुर कुशलसिंह के वंशज ठाकुर शिवसिंह शूरवीर और स्वाभिमानी थे। बीकानेर के महाराजा सूरतसिंह से उनकी कभी नहीं बनी। महाराजा सूरतसिंह ठाकुर शिवसिंह से नाराज रहते थे। उन्होंने शिवसिंह को सबक सिखाने एवं किला अपने अधीन करने के लिए अनेक बार चूरू पर आक्रमण किए। सन् 1814 में बीकानेर नरेश ने अमरचंद सुराणा को भारी सैन्य बल के साथ चूरू पर आक्रमण के लिए भेजा। बीकानेर की सेना ने चूरू के किले को चारों तरफ से घेर लिया। दोनों तरफ से तोपें दागी गई। ऐसे में ठाकुर शिवसिंह के पास गोला-बारूद खत्म हो गया।



यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि जब गोला-बारूद समाप्त हो गया तो अपनी आजादी की रक्षा के लिए चूरू के इस किले से दुश्मन की सेना पर चांदी के गोले दागे गए। चूरू के लोगों द्वारा दी गई चांदी से गोले बनाए गए थे। विश्व के इतिहास में अपनी आजादी की रक्षा के लिए चांदी के गोले बनाकर तोपों से दागने की ऐतिहासिक घटना स्वर्णाक्षरों में अंकित की गई। इसी कारण चूरू के किले का नाम अमर हो गया।

आजादी के बाद धीरे-धीरे किले की स्थिति जर्जर हो गई। राज्य सरकार ने इस किले का जीर्णोद्धार करवाकर इसका सौन्दर्यीकरण किया जिससे यह किला पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**–पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# बीएसएफ बटालियन ने हर घर तिरंगा रैली निकाली



**पोकरण में बीएसएफ के जवानों ने तिरंगा रैली निकाली।**

**पोकरण,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के 75वे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभर में चलाए जा रहे घर-घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार सुबह सीमा सुरक्षा बल 87 वीं बटालियन की ओर से परमाणु नगरी पोकरण में तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया।

सीमा सुरक्षा बटालियन के समादेष्टा रणवीरसिंह ने बताया कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत आगामी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने के अभियान का आगाज किया गया, सीमा सुरक्षा बल के जवानों की ओर से कस्बे में रैली निकालकर जनजागरण किया गया। कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली शहर के रेड फोर्ट से हरी झण्डी दिखा कर रवाना हुई जो शहर के गांधी चौक, फोर्ट रोड, सुभाष चौक, स्टेशन रोड, नगर पालिका के आगे से होते हुए,जयनारायण व्यास सर्किल, अंबेडकर सर्किल से होते हुए गुरुद्वारा तक पहुंची।

इस दौरान बीएसएफ के जवानों की ओर से शहर के राष्ट्रीय स्मारकों पर तिरंगा फहराया गया। सीओ ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर में लोगों को राष्ट्रीय भावना जगाने व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया गया। इस दौरान बडी संख्या में बीएसएफ के वीर जवान इस रैली में शामिल हुए। इस दौरान बीएसएफ के अधिकारी सहित जवानों व स्कूली छात्रों ने ऊंटों और वाहनों पर सवार होकर तिरंगा रैली में भाग लिया। जवानों की ओर से आमजनों को अपने-अपने घरों में तिरंगे को लगाने का आव्हान किया गया। इस यात्रा को लेकर कमांडेंट रणबीर सिंह ने आमजनों से अपील की कि अपने अपने घरों, मकान, स्कूल सार्वजनिक स्थलो में ज्यादा से ज्यादा झंडे लगाएं।

**■ जवानों की ओर से आमजनों को अपने-अपने घरों में तिरंगे को लगाने का आव्हान किया गया**

# कीचड़ के बीच होकर विद्यालय तक पहुंचने को मजबूर हैं छात्र



**रेवदर के निकट डाक से गोंडाना गोलिया जाने वाले रास्ते पर कीचड़ से लोग को परेशान हैं।**

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर के निकट अनादरा पंचायत समिति के डाक ग्राम पंचायत मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रेबारियों के गोलिया ढाणी के लोगों को बारिश के दिनों में गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रेबारियों के गोलिया में निवास करने वाले ग्रामीणों के आने व जाने हेतु एक मात्र यही रास्ता है। जिसका निर्माण नहीं होने से बारिश के दिनों में यह रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है। इतना ही बारिश के दिनों में रास्ते पर जगह-जगह कीचड़ फैल जाता है। गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारियों को भी अवगत करवाकर सड़क बनाने हेतु पुरजोर मांग की जा चुकी है लेकिन इस समस्या की और कोई ध्यान नही दे रहा है। स्कूल में पढ़ने हेतु आने वाले छात्रो का कहना है की हर वर्ष बारिश के समय में मार्ग पर कीचड भरी स्थिति रहती है। जिससे फिसलने लगते हैं। और गिरने की स्थित रेबारियों के गोलुओ ढाणी में लगभग 15० से अधिक घरों की आबादी होने के बावजूद भी प्रशासन की आँखे मूंद हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के कारण हर वर्ष इसी प्रकार परेशानीयों का सामना करना पडता है। सरपंच को कई बार अवगत करवाने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर डाक सरपंच राधा देवी का कहना है की क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर लगातार जारी है जिससे ग्रेवल नही बना पा रहे हैं। लेकिन बारिश के रुकते ही ग्रेवल करवा दिया जाएगा।

# सदा कोर : बहादुरी और मोह का विस्मृत इतिहास

बात 1798 के बाद की है जब अहमद शाह अब्दाली के पौत्र ने सिंधु पार बसे सिखों को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने का बीड़ा उठाया और लाहौर को सिखों की भांगी मिस्ल जो कि इसके संस्थापक सरदार छज्जा सिंह के भांग के आदी होने के कारण भांगी मिस्ल कहलाई थी, से छीन लिया। अब उसका निशाना अमृतसर पहुंच कर सिख कौम को सदा के लिए नष्ट करना था।

जब सिखों के सरबत खालसा में युवा रणजीत सिंह के अलावा बाकी सब मिस्लों के सरदारों ने चुप्पी साध ली तो एक महिला गरज के बोली कि ये मर्दों के लिबास हमें दे कर जनाना कपड़े पहन लो क्योंकि हम सरदारनियां अफगानों से युद्ध करने जाएंगी। इस पर सारे सरदार रणजीत सिंह के नेतृत्व में अफगानों से युद्ध को तैयार हुए। हालांकि फुलकियां मिस्ल के साहिब सिंह, कांगड़ा के राजा संसार चंद और कसूर के नवाब ने अफगानों का साथ दिया पर आखिरी जीत सिखों की हुई जिसके बाद युवा रणजीत की धाक पूरे पंजाब में फैल गई। सरबत खालसा में जो औरत गरजी थी वह युवा रणजीत सिंह की सास और कन्हैया मिस्ल की नेता सदा कोर थी।

सदा कोर चूंकि एक महिला थी इसलिए पुरुष प्रधान समाज में उसे उतनी पहचान नहीं मिली जिसकी वह हकदार थी। अब्दाली के मरते ही सिख आपस में वर्चस्व की लड़ाई लड़ने लगे। उस समय के पंजाब में जत्थों को मिस्ल कहा जाता था जिनमें भांगी, कन्हैया, रामगढ़िया आदि शक्तिशाली मिसलें हुआ करती थी। कान्हा गांव की कन्हैया मिस्ल के संस्थापक सरदार जयसिंह ने अपनी महत्वाकांक्षा के चलते भांगी और रामगढ़िया मिस्ल के साथ -साथ कांगड़ा के राजा संसार चंद को अपने आधीन करने के लिए एक नई उभरती सुक्करचक गांव से उठी सुक्करचकिया के सरदार चरत सिंह का साथ लिया। युद्ध में चरत सिंह की मृत्यु होने पर उसके पुत्र महासिंह को सरदार नियुक्त किया गया, जयसिंह इस युवक का शिक्षक और संरक्षक बना।



आगे चलकर जम्मू के राजा ने अपनी रियासत को भांगियों से मुक्त करवाने के लिए जयसिंह एवम् महासिंह का साथ मांगा। यहां पर महासिंह लालच में आ गया और उसने अकेले ही जम्मू पर हमला कर शहर को लूट लिया। इस वादा खिलाफी से नाराज जयसिंह ने उससे संबंध तोड लिए। कडवे होते जा रहे संबंधों के दौर में महासिंह ने रामगढिया मिस्ल के जस्सा सिंह और कांगड़ा के राजा संसार चंद से मिल कर अपने ही संरक्षक जयसिंह पर हमला कर उसके एक मात्र पुत्र गुरबक्श सिंह को मार डाला। इस सदमे के कुछ समय बाद जयसिंह भी चल बसे। अब इस बिखरती, कमजोर और नेतृत्वविहीन होती कन्हैया मिस्ल की सिरमौर बनी गुरबक्श सिंह की विधवा सदा कोर। हताशा के इस दौर में सदा कोर ने समझदारी से काम लेते हुए महासिंह के बेटे रणजीत सिंह से अपनी सुंदर और लंबी कद काठी की बेटी मेहताब कोर से सगाई करवा दी हालांकि बेटी अपने बाप के हत्यारे के बेटे से शादी नहीं करना चाहती थी।



डॉ रामावतार शर्मा

थोडे समय बाद महासिंह बीमारी से चल बसे पर मृत्यु से पहले अपने युवा बेटे रणजीत सिंह की भांगियों पर विजय को देख लिया। विजय के बाद युवा रणजीत ने दीवान लखपत राय को राजकाज सौंप अपने आप को अय्याशी में झोंक दिया जिसके कारण उसकी मां राजकोर दुखी रहने लगी। मौका देख कर सदा कोर ने सगाई को विवाह में बदल दिया और रास्ते से भटकते रणजीत सिंह को अपनी छत्रछाया में ले लिया। कुछ ही समय में दीवान लखपत राय और राजमाता राज कोर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सदा कोर का युवक रणजीत पर पूर्णाधिकार हो गया पर समय को कुछ और ही मंजूर था क्योंकि मेहताब कौर मां नहीं बन पाई तो रणजीत सिंह ने दूसरी शादी कर ली। इस शादी से जब पुत्र खड़ग सिंह का जन्म हुआ तो निराश सदा कोर अपनी बेटी को लेकर वापस अपनी जागीर बटाला चली गई। सदा कोर के जीवन में फिर उमंग लौटी जब अफगानों ने एक बार फिर पंजाब की तरफ रुख किया। सदा कोर ने रणजीत सिंह के साथ लाहौर की तरफ कूच किया और दोनों ने चालाकी और जन सहयोग से बिना किसी खून खराबे के लाहौर पर कब्जा किया। युवा रणजीत सिंह के विभिन्न विजय अभियानों से कई सिख सरदार खुश नहीं थे। उन्होंने जब मिलकर उस पर हमला किया तो सदा कोर उसके साथ चट्टान की तरह खड़ी रही। उसके निर्देशन में ही रणजीत सिंह ने अमृतसर पर बिना लहू बहाए अधिकार किया। सदा कोर ने बुजुर्ग सिख सरदारों को मना कर रणजीत सिंह को महाराजा घोषित करवाया।

**■ सदा कोर बहादुर, चतुर, राजनीतिक सूझबूझ और वार्तालाप द्वारा विजय पाने में माहिर थी**

सदा कोर की जान अपनी इकलौती संतान मेहताब कौर में अटकी थी जो कि संतानहीन होने से अपना पद और राज शक्ति खो चुकी थी। सदा कोर ने दो नवजात शिशु खरीद कर प्रचारित किया कि ये रणजीत सिंह के बच्चे हैं। चतुर राजा ने बच्चों को स्वीकार तो कर लिया पर साहिबजादा का दर्जा देकर सबको बता दिया कि वह इनका बाप नहीं है। जब रणजीत सिंह ने एक मुस्लिम नर्तकी मोरान से शादी कर ली तो अपमानित मां बेटी ने अंग्रेजों से मिल कर उसे सत्ताच्युत करने का षडयंत्र रचा पर अंग्रेज भी एक पुरूष राजा पर ज्यादा विश्वास करते थे। सास और दामाद के बीच बड़ी खाई पड़ गई जब राजा ने राजकुमार खड़ग को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। इस घोषणा से बचा हुआ रिश्ता भी टूट गया।

इतने मन मुटाव के बावजूद जब मालवा के आधिपत्य को लेकर अंग्रेजों और रणजीत सिंह के बीच युद्ध की स्थिति आई तो सदा कोर ने मध्यस्थता कर अमृतसर समझौता करवाया क्योंकि अंग्रेजों को हराना रणजीत सिंह के बस की बात नहीं थी। जब आत्मसम्मान खो चुकी मेहताब कौर की मृत्यु पर रणजीत सिंह नहीं आए तो सदा कोर ने राजा को हटाने के प्रयास फिर से तेज कर दिए। वह साठ की उम्र पार कर चुकी थी। रणजीत सिंह ने बटाला अपने अधिकार में लेकर उसकी देखभाल मेहताब के क्रय किए बच्चों को सौंप दी, सदा कोर को नजरबंद कर दिया गया। सदा कोर कब और कैसे मरी इसके बारे में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इतिहास हारे हुए पात्रों को याद नहीं रखता है पर लेखक सरबप्रीत सिंह जैसे लोग बीते समय काल में जाते हैं और गुम हुए इतिहास को वापस लाते हैं। सदा कोर बहादुर, चतुर, राजनीतिक सूझबूझ और वार्तालाप द्वारा विजय पाने में माहिर थी पर वह एक मां भी थी जो अपनी बेटी को अपमानित नहीं देखना चाहती थी। यही उसकी शक्ति थी और यही बड़ी कमजोरी।

**डॉ रामावतार शर्मा,**
**चिकित्सक एवं लेखक**

फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 73 संख्या: 06 प्रभात जयपुर, शनिवार 6 अगस्त, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Telling the Story of our Gainda: The Unicorn**

The saying goes Al-karkaddan ras bila badan (rhinoceros, head & no torse), is smaller than an elephant but its head much larger.

**Weight Loss Surgery**

**Ovarian Cancer Risk Lowered** Make use of nitrogen based drugs...

# क्या सुनक का होशियारी से खेला गया, धर्म व ''रेस'' कार्ड कामयाब होगा?

## सुनक ने कहा, ब्रिटेन के सांसदों की प्रतिष्ठा है कि, वे कभी भी धर्म व ''रेस'' के आधार पर वोट नहीं करते और इस बार भी वे अपनी इस प्रतिष्ठा का सम्मान करेंगे

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में लगे प्रत्याशियों के लिए निर्णय का दिन जैसे-जैसे करीब रहे हैं, ऋषि सुनक फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रहे हैं। लिज़ ट्रस के साथ चल रही अपनी प्रतिस्पर्धा में वह स्वयं का वर्णन एक कम क्षमता वाले व्यक्ति के रूप में करते हैं और घोषित करते हैं कि कंज़रवेटिव पार्टी के नेता एवं प्रधानमंत्री के चयन में नस्ल और धर्म कोई फैक्टर नहीं होगा।

सुनक ओपीनियन पोल्स के निर्णय से भली भांति वाकिफ हैं जो उन्हें 10 डाउनिंग स्ट्रीट की दौड़ जीतने की एक क्षीण संभावना प्रदान करते हैं। लेकिन वह आशावादी बने हुए हैं और उनका नवीनतम बयान कि चुनावी संघर्ष में नस्ल निर्धारक नहीं होगी, पार्टी सदस्यों की अन्तरआत्मा के लिए एक अपील प्रतीत होता है क्योंकि पार्टी सदस्य अपने नेता के चयन की तैयारी कर रहे हैं। पार्टी नेता एवं प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी के चयन के लिए हो रही वोटिंग के परिणाम 5 सितंबर को घोषित होंगे।

सुनक ने स्पष्ट रूप से कहा कि ब्रिटिश सांसदों को जातिवादी एवं धार्मिक राजनीति करने वालों के रूप में नहीं जाना जाता और उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार भी वे अपनी प्रतिष्ठा अनुरूप कार्य करेंगे। विश्लेषक इस बयान की व्याख्या पार्टी के उन लोगों का दिल जीतने के रूप में करते हैं जो किसी

- **सुनक के इस तर्क व दलील का असर दिखने लगा है, कंज़रवेटिव पार्टी के प्रमुख दानदाता व पुराने समर्थक, लॉर्ड रामी रेंजर ने कहा कि, ब्रिटेन की धर्म निरपेक्ष व ''रेस निरपेक्ष'' होने की प्रतिष्ठा को धक्का लगेगा, अगर सुनक का कंज़रवेटिव पार्टी का नेतृत्व करने का मौका इसलिए उनके हाथ से निकल जाता है, क्योंकि, वे इमिग्रैन्ट दम्पति (शरणार्थी युगल) के पुत्र हैं।**
- **अब, लॉर्ड रेंजर का यह तर्क काफी चर्चित हो रहा है, कंज़रवेटिव पार्टी में। तथा पार्टी अपने ऊपर ''रेसिस्ट'' होने का लांछन नहीं लगवाने के लिये क्या सुनक के पक्ष में वोट करेगी?**
- **सुनक इस बात से पूर्णतया परिचित हैं कि, सर्वे उन्हें प्र.मंत्री की दौड़ जीतने की संभावना बहुत कम मान रहे हैं, अतः सुनक ने बड़ी होशियारी से हताश होकर यह ''रेस व धर्म'' का कार्ड खेला है।**

प्रत्याशी को उसके गुणों के आधार पर नहीं बल्कि उसकी जातीय प्रोफाइल के आधार पर वोट करते हैं।

हाउस ऑफ लॉर्ड्स के मैम्बर एवं टोरी पार्टी के प्रमुख दानदाता लॉर्ड रामी रेंजर ने सुनक के पक्ष में अपनी पूरी ताकत झौंकते हुए टिप्पणी की कि ''यदि ऋषि सुनक देश का नेतृत्व करते हैं तो ब्रिटेन एक बेहतर जगह बन जाएगा। उनमें अर्थव्यवस्था की कायापलट करने और अपनी योग्यता के आधार पर विपक्ष से लड़ने की क्षमता है।''

लॉर्ड रेंजर ने यह भी कहा कि सुनक यदि टोरी लीडरशिप की रेस हार जाते हैं तो यू.के. के समक्ष प्रतिष्ठात्मक परिणामों का सामना करने का जोखिम उपस्थित हो जाएगा। अगर एक प्रवासी दम्पती के पुत्र को 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचने से रोक दिया जाता है तो देश को ''नस्ल वादी'' मान लिया जाएगा।

अब इस उम्मीद को लेकर अटकलें लगाईं जा रही हैं कि ऐसे किसी कलंक से बचने के लिए टोरी सदस्य सुनक के पक्ष में अपना वोट डालेंगे।

लगता है कि सुनक अपनी तरफ से बेहतर कर रहे हैं। लिज ट्रस हालांकि प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आगे बनी हुई पर स्टूडियो में हुई महत्वपूर्ण बहस में सुनक ने एक आश्चर्यजनक रूप से जीत हासिल की।

ओपीनियन पोल्स ने जहां कंज़रवेटिव पार्टी सदस्यों के वोट के आधार पर ट्रस की जीत की उम्मीद जतायी है, वहीं स्काय न्यूज़ डिबेट में मौजूद श्रोताओं ने एक इलैक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम के खराब हो जाने के बाद सुनक के पक्ष में हाथ खड़े कर उनका पुरजोर समर्थन किया।

शो के प्रैज़ेन्टर के. बर्ली ने ट्रस से उनकी नीतियों पर एक के बाद एक यू-टर्न लेने के लिए कई कठोर सवाल किए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उपराष्ट्रपति चुनाव

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए शनिवार को चुनाव होगा और उसी दिन शाम तक

- **भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए शनिवार को मतदान होगा और नतीजे की घोषणा भी उसी दिन होगी।**

नतीजे आने की संभावना है।

उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा का पदेन सभापति भी होता है, के पद के लिए पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सिख और कृपाण

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक एविएशन सिक्योरिटी के निर्णय के खिलाफ दायर

- **सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय हवाई अड्डों और उड़ानों में सिखों को 6 इंच तक लम्बी कृपाण रखने की अनुमति दे दी।**

याचिका को खारिज कर दिया। एविएशन सिक्योरिटी के निर्णय में सिखों को यह अनुमति दे दी गई थी कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ममता बनर्जी का राष्ट्रपति व प्र.मंत्री से मिलना तो समझ में आता है

## पर, उनकी दिल्ली यात्रा की ''टाइमिंग'' व आचरण सवाल खड़ा कर रहा है, कि, विपक्षी की एकता से उनका कम सरोकार है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 05 अगस्त। पार्थो चटर्जी से संबंधित भारी नकदी घोटाले सहित कई विवादों से परेशान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा से मेल मिलाप करती प्रतीत हो रही हैं।

सार्वजनिक रूप से बनर्जी की प्रधानमंत्री के साथ आज की मीटिंग का संबंध 1,00,968.44 करोड़ की भारी भरकम राशि को जारी करने की उनकी मांग से था। यह महानरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, समग्र शिक्षा मिशन, मिड डे मील योजना पर 14वें वित्त आयोग द्वारा तय परफॉर्मेंस ग्रांट के लिए केन्द्र सरकार से लेना पैंडिंग था।

राष्ट्रीय राजधानी में गुरूवार से शुरू हुए उनके चार दिवसीय दौरे के दूसरे दिन बनर्जी ने नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भी भेंट की और प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को होने जा रही नीति आयोग के गवर्निंग काउन्सिल की मीटिंग में भाग लेने का भी उनका कार्यक्रम हैं।

प्रधानमंत्री व अन्य के साथ बनर्जी की मीटिंग्स में उनके दिल्ली दौरे के समय के अलावा कुछ भी अनुचित नहीं हैं। मुख्यमंत्री का दौरा ऐसे समय में हुआ है जब कांग्रेस नेताओं को 6 अगस्त को होने जा रहे उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से कुछ दिन पूर्व कीमत वृद्धि के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर गिरफ्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री व सी.बी.आई का कथित दुरूपयोग किए पर कांग्रेस द्वारा कुछ सप्ताह पूर्व आयोजित विपक्ष के सम्मेलन से ममता बनर्जी अनुपस्थित रही थी। उन्होंने एन.डी.ए. के उपराष्ट्रप्रति पद के प्रत्याशी

- **पूरे विपक्ष, जिनमें टी.आर.एस. व जे.एम.एम. भी शामिल हैं, ने केन्द्रीय एजेंसियों के राजनीतिक दुरूपयोग की भर्त्सना की, पर ममता जी ने चुप्पी साधी।**
- **ममता बनर्जी ने भाजपा के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को समर्थन देने का निर्णय लिया, क्योंकि कांग्रेस ने उनसे सलाह मशविरा नहीं किया, मारग्रेट अल्वा को विपक्ष का उम्मीदवार बनाने से पहले।**
- **ममता बनर्जी उस समय दिल्ली आयी हैं, जबकि कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी पर आंदोलन, प्रदर्शन कर रही है, दिल्ली में तथा ममता बनर्जी राष्ट्रपति व प्र.मंत्री से मिल रही हैं, सद्भावना की नीति के अंतर्गत।**
- **क्या ये सब संकेत हैं, ममता बनर्जी मोदी व भाजपा के नजदीक आने के प्रयास में हैं।**

अन्य के साथ दिल्ली में इस वक्त उनकी मीटिंग्स से यह संदेश जाता है कि वह विपक्ष की एकता को लेकर चिंतित नहीं हैं।

केन्द्र सरकार द्वारा राजनीतिक उद्देश्यों को लेकर ई.डी. और जगदीप धनखड़ को अपेक्षाकृत इस कमजोर आधार पर अपनी पार्टी के समर्थन की घोषणा की कि विपक्ष की उपराष्ट्रपति पद की प्रत्याशी मार्गरिट अल्वा की पसंद को लेकर कांग्रेस ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गर्भपात

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने मैडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रैगनैंसी एक्ट 19711 की धारा 3 (2) (बी) तथा मैडिकल टर्मिनेशन ऑफ

- **सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि, गर्भपात में विवाहित और अविवाहित में भेदभाव नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात एक अविवाहित महिला को गर्भपात करवाने की अनुमति देते हुए कही।**

प्रैगनैंसी रुल्स 2003 के रुल 3बी की प्रगतिशील व्याख्या करते हुए कहा कि गर्भपात में विवाहित व अविवाहित में भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोर्ट इस मुद्दे पर अगली सुनवाई बुधवार को करेगा। जस्टिस डी.वाय.चंद्रचूड़,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस को दिल्ली में भारी मीडिया ''अटैंशन'' मिला

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 अगस्त। नरेन्द्र मोदी सरकार के विरूद्ध कांग्रेस पार्टी का यह ''ब्लैक फ्राइडे'' था। पार्टी के नेता, कार्यकर्ता व अन्य कीमत वृद्धि, बेरोजगारी और खाद्य पदार्थों पर लगायी गई जी.एस.टी. के विरोध में काले कपड़े पहनकर सड़कों पर आ गए।

आम आदमी से जुड़े मुद्दों को लेकर एक विपक्षी पार्टी के रूप में कांग्रेस का यह संभवतया यह पहला महा-विरोध आंदोलन था, जिसमें दिल्ली पुलिस ने धारा 144 लगाकर विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी और राहुल तथा प्रियंका गांधी सहित सभी प्रदर्शनकारी गिरफ्तार कर लिए गए और उन्हें देर शाम ही रिहा किया गया।

पुलिस ने समूचे अकबर रोड़ जहां कांग्रेस मुख्यालय भी स्थित है, की पूरे दिन बेरिकेडिंग करके रखी।

कांग्रेस ने राहुल और सोनिया गांधी से एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) की पूछताछ को लेकर पूर्व में भी विरोध प्रदर्शन किया था और गिरफ्तारियां दी थीं, लेकिन शायद इन आलोचनाओं के बाद कि गांधी परिवार न अपने व्यक्तिगत मुद्दों को लेकर ही पार्टी कार्यकर्ताओं से लामबंद होने को कहा था, यह बड़ा आंदोलन किया गया।

- **ऐसा जरूर लगा कि, कांग्रेस अपने विपक्ष के रोल के प्रति जागरूक हो गयी है।**
- **पर, यह सवाल भी उठा, क्या रोल केवल आज के दिन के लिये ही था, इसके कुछ लम्बे समय तक बरकरार रहेगा।**

राहुल गांधी ने आज सुबह एक प्रैस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए इसे ''लोकतंत्र की हत्या'' की संज्ञा दी और इसे भारत में तानाशाही की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने संसद के भीतर और बाहर सभी तरह के विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा रखा है और ऐसी कार्यवाहियों का स्वागत वॉटर कैनन्स, बैरिकेडिंग और पुलिस की धक्का-मुक्की से किया जाता है और प्रयास किए जाते हैं कि विपक्षी पार्टियां विरोध के स्वर ना उठा पाएं।

कांग्रेस का कहना है कि वह सरकार की ऐसी सभी दमनात्मक नीतियों के विरूद्ध अपनी लड़ाई जारी रखेगी, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'प्रजातंत्र अब केवल एक याद बन कर रह गया है देश में'

## राहुल गांधी ने यह भी कहा कि, जो प्रजातंत्र एक-एक ईंट रखकर, सौ साल में बना था, वह आपकी आंखों के सामने ध्वंस हो रहा है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 05 अगस्त। आज, जब कांग्रेस पार्टी महँगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिये सड़कों पर उतर आई थी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में लोकतन्त्र केवल एक याद के रूप में रहा गया है तथा आरोप लगाया कि भारत में इस समय लोकतन्त्र नहीं, बल्कि तानाशाही है और जो भी व्यक्ति इस नेतृत्व के विचार के खिलाफ खड़ा होता है, उसे जेल भेज दिया जाता हैं।

शुक्रवार को महँगाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के अखिल भारतीय विरोध-प्रदर्शन से पहले, ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर अपनी प्रैंस कॉफ्रेंस को सम्बोधित करते हुये, राहुल गांधी ने अपने पहले वाक्य में प्रश्न किया, ''भारत में तानाशाही की शुरूआत आपको कैसी लग रही हैं?''

राहुल गांधी ने एन्फोर्समेंट डायरेक्ट्रेट (ई.डी) द्वारा नेशनल हैरल्ड मनी-लॉन्डरिंग केस में उनसे तथा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से की जा रही पूछताछ के बीच कहा, ''आज भारत में लोकतन्त्र नहीं है। आज, चार लोगों की तानाशाही हैं हम बेरोजगारी, मूल्य-वृद्धि तथा सामाजिक विभाजन के मुद्दे उठाना चाहते हैं। हमें संसद में बोलने नहीं दिया जाता हैं। हमे गिरफ्तार कर लिये जाते हैं।''

- **''आर.एस.एस. का पूर्ण नियंत्रण है, प्रजातंत्र के सभी ''इन्स्टिट्यूशन्स'' पर।''**
- **''इसलिये हम जो भी आंदोलन करते हैं, जनता के सामने प्रभावी तरीके से नहीं आता।''**
- **''बढ़ती महंगाई एक सच्चाई है, पर एक दूसरा ही परिदृश्य प्रस्तुत किया जा रहा है।''**
- **''लाखों लोग मरे कोविड के प्रकोप के दौरान, पर सरकार कहती है यह झूठ है।''**
- **''बेरोजगारी बढ़ रही है, पर सरकार इसे स्वीकार नहीं कर रही।''**
- **''हिटलर भी चुनाव जीतते थे, क्योंकि सारा इन्स्टिट्यूशनल ढांचा उनके नियंत्रण में था।''**
- **राहुल गांधी ने संसद के कॉम्पलैक्स में प्रदर्शन किया, पर जब वे 64 सांसदों के साथ राष्ट्रपति भवन की ओर अग्रसर हो रहे थे, उन्हें सांसदों के साथ विजय चौक पर गिरफ्तार कर लिया गया।**

गांधी ने ई.डी. के उल्लेख को टालते हुए सीधे सरकार पर आरोप लगाया तथा मीडिया कर्मियों को चुनौती दी कि वे जायें तथा उन ई.डी. अधिकारियों से पूछे जिन्होंने मुझसे पूछताछ की थी कि उन्हें पूछताछ में क्या मिला।

गांधी ने कहा, ''हम लोकतन्त्र को मरता हुआ देख रहे हैं। एक-एक ईंट को जोड़ते हुये, करीब एक सदी पहले जिस भारत का निर्माण शुरू हुआ था, वह आपके सामने ध्वस्त किया जा रहा है। जो भी व्यक्ति इस तानाशाही के विचार के खिलाफ खड़ा होता है, उस पर दुष्टता पूर्ण तरीके से हमला होता है तथा उसे जेल में डाल दिया जाता है। मूल बात यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

Azadi Ka Amrit Mahotsav

Ministry of Culture
Government of India

West Zone Cultural Centre Udaipur

in association with

MAHATMA GANDHI UNIVERSITY of MEDICAL SCIENCES & TECHNOLOGY
JAIPUR

Presents

खूब लड़ी मर्दानी
सुभद्रा की ज़ुबानी

A Play on the contribution of poet Subhadra Kumari Chauhan in India's Fight for Freedom



by

National School of Drama, Delhi

SATURDAY | 6 AUGUST 2022 | 7:00 PM

Venue:
R L Swarankar Auditorium
Mahatma Gandhi University of Medical Sciences & Technology
Sitapura, Tonk Road, Jaipur

Dr M L Swarankar
Emeritus Chairperson
MGUMST

Dr Vikas Chandra Swarankar
Chairperson cum Chancellor
MGUMST

Dr Sudhir Sachdev
Vice Chancellor
MGUMST

JPC

# नाकाबंदी तोड़कर भागे बदमाश ने करधनी एसएचओ पर पिस्टल तानी, चार गिरफ्तार

## बदमाश गोली चलाता उससे पहले ही एसएचओ ने मुक्का मारकर उसके हाथ से बंदूक छीनी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। कालवाड़ रोड पर ज्वैलरी शोरूमों में लूट और डकैती की इरादे से घूम रहे मध्यप्रदेश के मुरैना निवासी 4 शातिर बदमाशों को करधनी थाना पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को दबोच लिया। नाकाबंदी पर बैरिकेड तोड़कर भागे लुटेरो की बोलेरो गाड़ी का पीछा कर पुलिस ने उन्हें घेरा तो एक बदमाश ने करधनी एसएचओ के सीने पर लोडेड पिस्टल तान दी। गनीमत रही कि फायरिंग करने से पहले ही पुलिस ने बदमाशों से हथियार छीन लिये।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पंकज शर्मा उर्फ ढोलू (35), संतोष सिंह चौहान उर्फ कृष्णा (22) निवासी अंबा मुरैना मध्य प्रदेश, भूपेश यादव उर्फ भुपेन्द्र (30) निवासी कोतवाली मुरैना मध्य प्रदेश और तरुण गौड़ (30) निवासी सुभाष नगर-एरीको एरिया पाली को गिरफ्तार किया है। लुटेरों के कब्जे से 2 पिस्टल, 3 मैग्जीन, 13 कारतूस, 2 एयरगन, 2 नकाब और 4 मास्टर चाबियां और बोलेरो गाड़ी जब्त की है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामसिंह ने बताया कि डीएसटी टीम के हेड कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह को सूचना मिली थी कि मध्य प्रदेश (मुरैना) की गैंग के हथियारबंद 4 बदमाश जयपुर में ज्वैलरी शोरूम में डकैती डालने आए है। बदमाश बोलेरो गाड़ी से कालवाड़ से झोटवाड़ा की ओर जा रहे है। इस पर करधनी एसएचओ बनवारी लाल मीणा और थाना इंचार्ज गुरु भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने 2 बजे नाकाबंदी की। इसी दौरान कालवाड़ रोड पर गोविंदम् टावर के सामने नाकाबंदी को तोड़कर बदमाश बोलेरो भगा ले गए। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। 9 दुकान स्थित थाना मोड पर उनकी बोलेरो के आगे दूसरी गाड़ी आने के कारण गति धीमी हुई। तभी करधनी एसएचओ बनवारीलाल मीणा ने अपनी गाड़ी बदमाशों की कार के आगे लाकर खड़ी कर दी। पुलिस को देख बदमाशों ने बोलेरो को अंदर से लॉक कर लिया और गेट व शीशे नहीं खोले। एसएचओ ने शीशे को तोड़कर गेट खोला तो ड्राइवर के बगल की सीट पर बैठा बदमाश नीचे उतरा और एसएचओ बनवारी लाल के सीने पर लोडेड पिस्टल तान दी। बदमाश गोली चलाते, उससे पहले ही एसएचओ ने उसके हाथ से बंदूक छीन ली और उनको काबू किया।

एसएचओ बनवारीलाल ने बताया कि बदमाश पंकज शर्मा उर्फ ढोलू के खिलाफ मुरैना, गुजरात, राजस्थान में लूट, चोरी, डकैती, हत्या के प्रयास के 19 मामले दर्ज है। साल 2016 में झोटवाड़ा जयपुर में निवारू रोड पर शुभम ज्वेलर्स पर ज्वेलर को गोली मारकर डकैती कर चुका है। 26 महीने जेल में रहने के बाद धौलपुर में लूट की और अहमदाबाद में ज्वेलर की शॉप में 25 लाख की लूट की। एक महीने पहले जमानत पर जेल से बाहर आया। आरोपी भूपेश के खिलाफ लूट, डकैती, हत्या के प्रयास के करीब 10 केस दर्ज है। करीब डेढ़ महीने पहले ही जेल से बाहर आया है। आरोपी संतोष चौहान के खिलाफ 12 केस दर्ज है।



करधनी थाना पुलिस ने हथियारबंद चार लुटेरों को गिरफ्तार किया।

- जयपुर में ज्वैलरी शोरूमों में डकैती डालने के लिए मध्यप्रदेश के मुरैना से आये थे बदमाश, कार में बैठकर रैकी कर रहे थे।
- आरोपियों के कब्जे से 2 पिस्टल, 3 मैग्जीन, 13 कारतूस, 2 एयरगन, 2 नकाब और 4 मास्टर चाबियां और बोलेरो गाड़ी जब्त
- गिरफ्तार बदमाश निवारू रोड पर ज्वैलर को गोली मारकर डकैती डाल चुके हैं , 26 महीने जेल में रहने के बाद धौलपुर और अहमदाबाद में भी लूट की वारदात को अंजाम दे चुके।
- आरोपी भूपेश के खिलाफ लूट, डकैती, हत्या के प्रयास के करीब 10 केस दर्ज है, जबकि दूसरे आरोपी संतोष चौहान के खिलाफ 12 केस दर्ज है।

# सीकर के 7 कुख्यात बदमाश जयपुर में पुलिस के हत्थे चढ़े

- करधनी पुलिस ने फ्लैट में दबिश देकर पुलिस ने दबोचा, हथियार बरामद

**जयपुर** (कासं)। करधनी पुलिस ने जयपुर में मीटिंग करने जुटे सीकर के 7 बदमाशों को शुक्रवार शाम गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए है।

डीसीपी (वेस्ट) वन्दिता राणा ने बताया कि बदमाश राकेश जितरवाल (25) पुत्र नाथूराम निवासी जयरामपुरा खण्डेला श्रीमाधोपुर सीकर, दिपेन्द्र सिंह माण्डिया (24) निवासी खठून्तरा खण्डेला सीकर, अभय भटनागर (23) पुत्र सुनील कुमार भटनागर निवासी खाटूश्यामजी सीकर, दीपक मीणा (21) पुत्र कैलाश चन्द मीणा निवासी गांव आलेसर गोविन्दगढ़ जयपुर, अजय कुमावत (20) पुत्र गणेशराम कुमावत निवासी खाटूश्यामजी सीकर, निक्की बगडिया (21) पुत्र हरलाल सिंह निवासी आस्टी कला थानाद गोविन्दगढ जयपुर और अंकित बिजारणिया (19) पुत्र उम्मेद सिंह निवासी नीमकाथाना कोतवाली सीकर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक लोडेड पिस्टल, एक देसी कट्टा, 6 कारतूस और एक लग्जरी कार बरामद की है।

आरोपी राकेश जितरवाल सीकर के श्रीमाधोपुर थाने का कुख्यात है। अजीतगढ़ में 20 किलो चांदी लूटने के मामले में वह फरार चल रहा है। के हेड कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह को सूचना मिली कि अल्कापुरी स्थित श्रीश्याम रेजिडेंसी के फर्स्ट फ्लोर के फ्लैट में 6-7 सीकर के बदमाश ठहरे हुए है। जिनके पास हथियार भी है। करधनी थाना पुलिस और ने फ्लैट पर दबिश देकर सातों हथियारबंद बदमाशों को पकड़ा। पुलिस पूछताछ में किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से फ्लैट पर इक्ट्ठे होना स्वीकार किया है।

## सार-समाचार

### अखिल अरोड़ा से मिले कर्मचारी नेता

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान राज्य कर्मचारी मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रांतीय मंडल के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को प्रमुख वित्त सचिव अखिल अरोड़ एवं प्रमुख कार्मिक सचिव हेमंत गेरा से मिलकर पदोन्नति के लिए शीर्ष पदों की अनुभव में एक बारीय पूर्ण शिथिलता दिए जाने और इस शिथिलता की अवधि 31 मार्च 2023 तक बढ़ाने की मांग की। प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रांतीय मंडल सदस्य देवेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग के वर्तमान पदों को पुनर्गठित कर पदोन्नित के पद क्रमोन्नत किए जाने पर डीपीसी के लिए अनुभव में 1 वर्ष की एक बारीय छूट 8 अगस्त 2022 तक दी गई है। इसके बावजूद प्रत्येक विभाग में अधिकांश शीर्ष पद रिक्त रहेंगे और पर्याप्त अनुभव के बिना सभी पदों को भरा जाना संभव नहीं है। वर्ष 2013 एवं 2017 में जब कैडर रिव्यू किया गया था, तब भी अनुभव में एक बारीय पूर्ण छूट दी गई थी, ताकि पदोन्नित के समस्त पदों को भरा जा सके। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति के शिष्टमंडल ने प्रमुख वित्त सचिव अखिल अरोड़ा से विस्तृत वार्ता की। जिस पर अरोड़ा ने आश्वस्त किया है कि छूट की अवधि 8 अगस्त से आगे बढ़ा दी जाएगी तथा अनुभव में एक बारीय पूर्ण छूट दिए जाने पर भी सकारात्मक रुख जताया। संघर्ष समिति के शिष्टमंडल में प्रांतीय मंडल के सदस्य गजेंद्र सिंह राठौड़, राजेश पारीक, शेर सिंह यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका शामिल थे। इस सकारात्मक वार्ता के लिए संघर्ष समिति ने प्रमुख वित्त सचिव का आभार जताया और शीघ्र आदेश जारी होने की आशा व्यक्त की है।

### बिजनेस पार्टनर ने किया महिला से रेप

**जयपुर**। जयपुर में एक महिला से उसके बिजनेस पार्टनर के रेप करने का मामला सामने आया है। स्टाम्प पर एठाीमेंट कर दोनों लिव-इन-रिलेशनशिप में रहे। शादी का वादा कर बिजनेस पार्टनर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। करधनी थाने में पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है। करधनी एसएचओ बनवारी लाल मीणा ने बताया कि हाथोज करधनी निवासी 30 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके पति की मौत के बाद वह अपने बच्चों के साथ यहां रहती हूं। पिछले करीब 2 साल पहले आरोपी अयुब खान से उसकी मुलाकात हुई थी। दोनों साथ में बिजनेस करने लगे। बिजनेस पार्टनर होने के कारण अयुब ने जरुरत होने पर रुपए उधार दिलवाए। अप्रैल 2022 में बहला-फुसलाकर और बच्चों की परवरिश करने का झांसा देकर स्टाम्प पर रिलेशनशिप का एठाीमेंट करवा लिया। बाद में शादी करने का वादा कर लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने लगा। शादी का झांसा देकर पिछले 4 महीने से दुष्कर्म करता रहा। जिसके बाद गांव जाने के बाद कॉन्टैक्ट खत्म कर दिया। धोखा देने का पता चलने पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

### बगरू में खुले केंद्रीय विद्यालय : बोहरा

**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने बगरू विधान सभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने के संदर्भ में लोकसभा में मांग उठाई। बोहरा ने बताया कि जयपुर संसदीय क्षेत्र के बगरू विधान सभा क्षेत्र में करीब 3 लाख लोग निवास करते हैं, जिसमें ग्रामीण व शहरी आबादी है। इस इलाके में एक नगरपालिका, 31 पंचायतें व जयपुर नगर निगम ग्रेटर के 21 वार्ड शामिल हैं। अधिकतर लोग अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हैं, जो मध्यम और निम्न आय वर्ग से आते हैं। इनके बच्चों की शिक्षा की उपयुक्त व्यवस्था के लिए इस क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने आवश्यक हैं। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के अभाव में बच्चों को दूरदराज इलाकों में जाकर पढाई करनी पड रही है जहां उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पडता है। कई मेधावी छात्र-छात्राएं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इसलिए बगरू में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की नितान्त आवश्यकता है। पिछले कई वर्षो से यहां केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी।

### लैंडमार्क की संगीत संध्या सात को

**जयपुर**। लैंडमार्क आर्ट एंड मैनेजमेंट संस्था द्वारा 7 अगस्त को संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह संस्था का पहला संस्करण है। इस आयोजन का नाम दिया गया है ''सिंग फोर स्ट्रेस और सुक़ून''। इसी नाम से संस्था ने व्हाट्सएप पर भी एक म्यूजिकल ग्रुप भी बनाया हुआ है। इस ग्रुप की शुरुआत कैप्टन अरविंद कुमार शर्मा, इंजीनियर रविंद्र शर्मा और कुलदीप शर्मा डायरेक्टर, लैंडमार्क ग्रुप इंस्टिट्यूशन के द्वारा की गई है। बहुत ही थोडे समय में इसमें 100 से अधिक मेंबर बन चुके हैं जिनमें से कुछ मेंबर अमेरिका, कनाडा, लंदन, और ऑस्ट्रेलिया तथा भारत के विभिन्न हिस्सों से हैं, अधिकांश मेंबर बहुत ही उत्तम गाने वाले हैं। डायरेक्टर कुलदीप शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में 30 से ज्यादा गायक- गायिकाऐं अपनी प्रस्तुति देंगे।

### दो जोड़ी ट्रेनों में बढ़ाये थर्ड एसी डिब्बे

**जयपुर** (कासं)। रेलवे द्वारा लम्बी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 2 जोडी रेलसेवाओं में 1-1 थर्ड एसी डिब्बें की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर रेलसेवा में बिलासपुर से 15अगस्त से 30 अगस्त तक तथा भगत की कोठी से 18 अगस्त से 2 सितम्बर तक 1 थर्ड एसी डिब्बे की अस्थाई बढातरी की जा रही है। बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवा में बिलासपुर से 18 अगस्त से 27अगस्त तक तथा बीकानेर से 21 अगस्त से 30 अगस्त तक 1 थर्ड एसी डिब्बे की अस्थाई बढातरी की जा रही है।

### डाक विभाग की प्रभात फेरी आज

**जयपुर** (कासं)। डाक विभाग के जयपुर नगर मंडल की ओर से शनिवार सुबह 7 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। मीडिया सहायक विकास तिवारी ने बताया कि यह प्रभात फेरी जयपुर जीपीओ से शुरू होकर पुलिस कमिश्नरेट, सीपीएमजी ऑफिस, चौमू हाऊस सर्किल होते हुए स्टैच्यू सर्किल तक जायेगी। जहां निदेशक और चीफ पोस्टमास्टर जनरल उद्बोधन देंगे।

### पुरुषोत्तम तिवारी प्रदेश मीडिया प्रभारी

**जयपुर**। ब्राह्मण समाज राजस्थान कार्यकारिणी के निर्णयानुसार सामाजिक सेवाओं और समाज के प्रति समर्पण के सम्मान में प्रदेशाध्यक्ष अम्बिका प्रकाश पाठक ने पुरुषोत्तम तिवारी को प्रदेश के मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया है।

## 50 साल पुराना पेड़ गिरा, 2 घंटे ट्रेफिक बंद रहा

**जयपुर** (कासं)। राजधानी में बारिश के कारण शुक्रवार को टोंक रोड पर एक 50 साल पुराना नीम का पेड़ गिर गया। गोपालपुरा फ्लाइओवर से पहले गिरे इस पेड़ के कारण टोंक रोड पर ट्रेफिक का संचालन बंद हो गया। गोपालपुरा फ्लाइओवर से लेकर टोंक फाटक तक जाम लगने के बाद पुलिस ने ट्रेफिक को गोपालपुरा फ्लाइओवर से त्रिवेणी और सरस पुलिया की तरफ डायवर्ट किया।

दरअसल गोपालपुरा फ्लाइओवर से दुर्गापुरा की तरफ जाने वाले मार्ग पर जयपुर हॉस्पिटल के सामने एक 50 साल पुराना नीम का विशालकाय पेड गिर गया। जिस समय ये पेड़ गिरा उस समय वहां ट्रेफिक चल रहा था और कई लोग पेड के नीचे खडे थे। हालांकि धीरे-धीरे जैसे पेड़ गिरने लगा वहां से ट्रेफिक को रोक दिया और लोग हट गए। गनीमत ये रही कि पेड़ अचानक धराशायी नहीं हुआ, वरना वहां कोई जनहानि भी हो सकती थी। पेड़ गिरने के करीब डेढ़ घंटे बाद नगर निगम की टीम मौके पर जेसीबी लेकर पहुंची और वहां से पेड को कटवाकर उसे हटाने का काम शुरू करवाया।

# हिंगोनिया गौशाला में लम्पी केयर सेंटर शुरू



ग्रेटर निगम की पशु नियंत्रण एवं संरक्षण समिति के चेयरमैन अरुण वर्मा ने शुक्रवार को गौशाला का दौरा किया।

**जयपुर**। पशुओं में लम्पी स्किन बीमारी के बढ़ते प्रकोप के चलते ग्रेटर निगम ने हिंगोनिया गोशाला में ''लम्पी केयर सेंटर'' की शुरुआत की है। यहां संक्रमित गायों का अलग से आइसोलेशन व उपचार किया जाएगा। साथ ही जयपुर के क्षेत्र पशुपालकों के लिए हेल्पलाइन नंबर 91-8764879770 जारी किया है, जिसकी पर आश्रयहीन गायों में लम्पी स्किन रोग की सूचना देकर सहायता प्राप्त की जा सकेगी। उधर,पशु नियंत्रण एवं संरक्षण समिति के चेयरमैन अरुण वर्मा ने शुक्रवार को गौशाला का दौरा किया। महापौर सौम्या गुर्जर के निर्देश पर ग्रेटर नगर निगम की पशु प्रबंधन शाखा के उपायुक्त हेमाराम चौधरी अध्यक्षता में चार सदस्यीय हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राधेश्याम मीणा, पशु चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र मीणा व हिंगोनिया गौशाला सम्भाल रहे कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक प्रेम आनंद निताईदास को शामिल किया है। कमेटी को निर्देशित किया है कि ''डेली डेटा रिपोर्ट'' से संक्रमित गायों व रिकवर हो चुकी गायों की मॉनिटरिंग करेंगे।

## उत्तर कुंजी पर जवाब मांगा

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने ग्राम विकास अधिकारी भर्ती-2021 की विवादित उत्तर कुंजी से जुड़े मामले में प्रमुख पंचायती राज सचिव और कर्मचारी चयन बोर्ड से जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह कुशाल भारद्वाज की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने गत वर्ष ग्राम विकास अधिकारी के पदों पर भर्ती निकाली थी। मुख्य परीक्षा के बाद बोर्ड ने उत्तर कुंजी जारी की। जिसमें याचिकाकर्ता के सवालों के जवाब सही थे। वहीं गत 9 जुलाई को बोर्ड ने अंतिम उत्तर कुंजी जारी की, लेकिन उसमें याचिकाकर्ता के चार जवाब को गलत माना गया।

याचिकाकर्ता की ओर से मान्यता प्राप्त पुस्तकों का हवाला देते हुए कहा गया कि बोर्ड ने अपनी अंतिम उत्तर कुंजी में प्रश्नों को गलत जांचा है। ऐसे में परिणाम को रद्द कर नए सिरे से परिणाम जारी किया जाए और पेपर सेटर को ब्लैकलिस्ट किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# 'वेतन विसंगतियों से नाराज कर्मचारी करेंगे आंदोलन'

**जयपुर** (कासं)। वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने 24 अगस्त से आंदोलन करने की घोषणा की है। यह निर्णय शुक्रवार को महासंघ की प्रदेश महासमिति की मीटिंग में लिया गया। इस दौरान महासंघ के जयपुर जिला अध्यक्ष छोटे लाल मीणा ने जयपुर जिले की कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ से शपथ ग्रहण भी कराया।

महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति परीक्षण समिति के रिपोर्ट का कार्यकाल पूरा हो चुका है। लेकिन कमेटी की रिपोर्ट को अभी तक प्रकाशित नहीं किया गया है। इसके अलावा कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए भी सरकार की ओर से वार्ता की कोई पहल नहीं है। इससे प्रदेश के कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। प्रदेश महासमिति की मीटिंग में जिलों से आए कर्मचारी नेताओं ने भी सरकार पर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करने और संवादहीनता का आरोप लगाया।

राठौड़ ने कहा कि खेमराज चौधरी की रिपोर्ट को प्रकाशित करने एवं चुनावी वादों को पूरा करने सहित लंबित मांगों के निराकरण को लेकर प्रदेश महासमिति ने आंदोलन करने की घोषणा की है। आंदोलन के प्रथम चरण में 24 अगस्त (बुधवार) को प्रदेश के कर्मचारी सभी जिलों में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद प्रदेश व्यापी आंदोलन की तैयारी के लिए केंद्रीय पदाधिकारियों के द्वारा जिलों के दौर किये जाएंगे। गौरतलब है कि खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति परीक्षण समिति का कार्यकाल 3 अगस्त 2022 को पूरा हो चुका है। महासंघ की प्रदेश महासमिति की बैठक में राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पारीक और महामंत्री देवेंद्र नरुका ने महासंघ एकीकृत से सम्बद्धता ठाहण करने की घोषणा की। इसके अलावा अखिल राजस्थान वाहन चालक तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष अजयवीर सिंह राठौड़ ने भी महासंघ की सम्बद्धता ग्रहण की।

# अपहृत 4 माह के दिव्यांश का तीसरे दिन भी सुराग नहीं

**जयपुर** (कासं)। एसएमएस अस्पताल से अपहृत हुए 4 माह के दिव्यांश का तीसरे दिन भी सुराग नहीं लगा। पुलिस के सभी प्रयास फेल हो रहे हैं। इससे जयपुर की जनता आक्रोशित है। लोग अपने सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी की फोटो वायरल कर रहे हैं।

पुलिस की ओर से जारी किए गए पोस्टर्स की फोटो लोग अपने व्हाटसएप, फेसबुक, ट्वीटर व अन्य माध्यमों से अधिक से अधिक वायरल कर रहे है। सोशल मीडिया यूजर्स आरोपी की जल्द से जल्द सूचना देने की अपील कर रहे हैं। उधर दिव्यांश और अपहरणकर्ता युवक की तलाश में सीकर, दौसा, कोटा और मध्यप्रदेश के खरगोन, देवास व उज्जैन भी पुलिस टीम भेजी है।

पुलिस ने अपहरणकर्ता की पुख्ता सूचना देने वाले को 5 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। इसके अलावा बच्चे व अपहरणकर्ता की फोटो के 4 हजार पोस्टर छपवाए हैं। ताकि जयपुर से बाहर भी इन पोस्टरों को भेजकर बच्चे व अपहरणकर्ता की तलाश की जा सके। आरोपी की फुटेज के आधार पर एसएमएस अस्पताल के आस-पास खानाबदोश, फुटकर व्यापारी और अन्य दुकानों से भी जानकारी ली जा रही है।

शहर में ई-रिक्शा,ऑटो व कैब चालकों से भी फुटेज के आधार पर पूछताछ की जा रही है। उधर, मां कैला देवी और दादी ढोली देवी बच्चे को यादकर बेसुध हो जाती हैं। गौरतलब है कि बुधवार शाम को एसएमएस अस्पताल से दौसा के चांदराना निवासी अंकुर योगी के छोटे पुत्र दिव्यांश को अगवा कर लिया गया था।

## जीएनएम प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल ने जीएनएम प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल जयपुर के रजिस्ट्रार डॉ शशिकान्त शर्मा ने बताया कि अप्रैल 2022 में आयोजित जी.एन.एम. प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम राजस्थान नर्सिंग काउंसिल जयपुर की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। डॉ शर्मा ने बताया कि कौंसिल में परीक्षा परिणाम प्रथम बार ऑनलाइन जारी किया गया है। अभ्यार्थी विभागीय वेबसाइट पर रोल नम्बर एवं एनरोलमेंट नम्बर अंकित कर अपनी अंकतालिका डाउनलोड कर सकते है। साथ ही पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना के लिए समय रहते आवेदन कर सकते हैं।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी जयपुर में होगी

**जयपुर**, (का.सं.)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (1897) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की मेजबानी इस साल राजस्थान द्वारा की जा रही है। जिसके चलते जयपुर के टोंक रोड स्थित होटल क्लारियो बेला कासा में 20-21 अगस्त को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी सन्दर्भ में शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी देने के लिए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह, संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वी.पी. सिंह, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंदर सिंह सोलंकी ने सम्बोधित किया।



इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की स्थापना 19 अक्टूबर 1897 में राजा बलवंत सिंह जी आवागढ द्वारा की गई थी। संस्था की स्थापना के साथ ही ये समाज उधार और आमजन के कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत थी। हर 2 साल में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय आयोजन की अध्यक्षता राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा के द्वारा की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हिज हाइनेस डॉ करण सिंह जी जम्मू कश्मीर एवं भारत सरकार के जल शक्ति मन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे एवं विशेष अतिथि राजसमंद सांसद दिया कुमारी, राज्यसभा सांसद युवराज हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर होंगे। 23 राज्यों में राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, पांडिचेरी, उत्तर प्रदेश,

# पिछले छह दिनों में करोना से 11 लोगों की मौत हुई राजस्थान में

## शुक्रवार को बारां और बीकानेर में दो लोगों की मौत हुई है

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या बढ़ने के साथ ही इस बीमारी से मरने वालों का आंकड़ा भी बढ़ता ही जा रहा है। पिछले 6 दिन में करोना से 11 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में शुक्रवार को भी दो लोगों की मौत हुई है। वहीं इस बीच 431 नए संक्रमित मिले हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को 9742 कोविड जांचों पर 431 नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें सर्वाधिक 171 संक्रमित जयपुर जिले में मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 52, जोधपुर में 39, दौसा में 25, अलवर में 15, डूंगरपुर में 13, सिरोही में 11, चित्तौड़गढ़ और नागौर में 10-10, बीकानेर, कोटा व राजसमंद में 9-9, भीलवाड़ा में 8, बांसवाड़ा, झालावाड़ व जालोर में 7-7, अजमेर व चूरू में 5-5, बारां, भरतपुर व सीकर में 4-4, हनुमानगढ़ व सवाईमाधोपुर में 2-2 तथा बाड़मेर और गंगानगर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में केवल 153 मरीजों के ही ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 2607 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 902 मामले जयपुर जिले में हैं।

वहीं उदयपुर में 212, जोधपुर में 197, अलवर में 169, दौसा में 144, अजमेर में 123, राजसमंद में 104 और भीलवाड़ा में 100 रोगियों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से बारां और बीकानेर में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9589 लोगों की जान जा चुकी है।

राजधानी जयपुर में शुक्रवार को 42 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा जगतपुरा में 20, नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा सांगानेर में 16, वैशाली नगर में 12, सोड़ाला में 10, बस्सी व मालवीय नगर में 9-9, जमवारामगढ़ व शास्त्री नगर में 8-8, मानसरोवर में 7, जवाहर नगर, बनीपार्क व मुरलीपुरा में 4-4, चांदपोल, सी-स्कीम, दूदू व निर्माण नगर में 3-3, अजमेर रोड, चाकसू, सिविल लाइन्स, गांधी नगर, गोविदगढ़, खातीपुरा, सुभाष चौक, सिरसी, रामगंज व राजापार्क में 2-2 तथा बाइस गोदाम, आदर्श नगर, अम्बाबाड़ी, बगरू, बजाज नगर, बापू नगर, झोटवाड़ा, त्रिवेणी नगर, टोंक रोड, सिधी कैंप, सांभर, फागी, लालकोठी और कोटपूतली में एक-एक नया मरीज मिला है। वहीं 13 संक्रमितों का पता सही नहीं मिला है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में केवल 40 मरीज ठीक हुए हैं।

- प्रदेश में थोड़ी और वृद्धि के बाद 431 नए संक्रमित मिले हैं।
- पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 171 संक्रमित जयपुर में और 52 रोगी उदयपुर में पाए गए हैं।

# स्तनपान दिवस जागरूकता दिवस के रुप में मनाया




**जयपुर**। विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जयपुर के चाँदपोल स्थित जनाना अस्पताल में विश्व स्तनपान दिवस जागरूकता दिवस के रुप में मनाया। ओपीडी प्रभारी रमेश सैनी ने बताया कि इसमें स्तनपान पर पोस्टर प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम किया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. कुसुमलता मीना ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। नर्सरी प्रभारी डॉ. कैलाश मीना ने स्तनपान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. के के मीणा, डॉ. नीलम भारद्वाज, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. आलोक गोयल सह आचार्य, डॉ. विजेंद्र गर्ग सहायक आचार्य, डॉ. ओपी नायक एवं नर्सिंग अधीक्षक आदि उपस्थित रहे। पोस्टर्स प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अधीक्षक द्वारा प्रथम पुरस्कार डॉ. सिदार्थ को, द्वितीय जहान्वी जयेश सैनी को और तृतीय पुरस्कार पूजा बैरवा को दिया गया। सभी 25 प्रतियोगियों को पुरुस्कृत किया।




## Cycle to Work Day

Have you ever thought about taking your bicycle and riding it to work? Well, there's a day dedicated towards just that. Cycle to Work Day has been created in order to encourage people to do just that. Not only is this good for your health but you are going to be doing your bit for the environment as well. There have even been government and state initiatives created around the world to encourage people to cycle to work more often.

#ABLATION

## Weight Loss Surgery

There are a variety of factors that increased the odds of a participant having a change in relationship status post-weight loss surgery.



Single adults in the US who get weight-loss surgery are more than twice as likely to get married within five years, when compared to the general population.

Likewise, adults who are married and get bariatric surgery are more than twice as likely to get divorced, according to a new analysis.

The study is the first to characterize marital outcomes among US adults who underwent bariatric surgery, giving patients and doctors concrete data on changes in romantic relationships post-surgery.

"Weight loss is generally the goal of bariatric surgery, but people have a variety of motivators for wanting to lose weight-for example, remission of Type 2 diabetes and improvement in joint pain," says lead study author Wendy King, associate professor of epidemiology at the University of Pittsburgh Public Health.

"Patients have also described the desire for romantic partnership or improving relationships as important motivators. Before this study, we had no quantitative data in the US on how marital status changes after bariatric surgery are patients more likely to get married, divorced, find romantic stability?"

For the study in Annals of Surgery Open, King and her colleagues examined data on 1,441 US adults who between 2006 and 2009, underwent Roux-en-Y gastric bypass or sleeve gastrectomy, the two most common and effective surgical treatments for severe obesity. The participants ranged in age from 19 to 75 years old and 79% were women. At the time of surgery 62% were married or living with a partner while the rest were separated, divorced, widowed or had always been single.

The participants were enrolled in the National Institutes of Health-funded Longitudinal Assessment of Bariatric Surgery-2 (LABS-2), a prospective, cohort study of patients undergoing weight-loss surgery in the US.

Consistent with previous studies in Scandinavia, the vast majority of the LABS-2 participants maintained their relationship status for the five years they were followed after weight-loss surgery with 81% of married participants staying married and 70% of always-single participants staying single.

But 18% of unmarried participants got married, compared to 7% of the general US population; and 8% of married participants got divorced, compared to 4% of the general population. An additional 5% of married participants who did not get divorced got separated.

There were a variety of factors that increased the odds of a participant having a change in relationship status post-surgery, King notes. Some were expected: Younger participants and those living with a partner before surgery were more likely to get married throughout the following five years. But some were more surprising. For example, the amount of weight lost was not associated with whether someone got married but improved physical health was.


However, weight loss did matter when it came to separation and divorce: Participants who lost more weight were more likely to get separated or divorced as were those who reported an increase in sexual desire post-surgery.

"This could indicate that a patient's changing lifestyle post-surgery put them out of sync with their spouse," King says. "It can be really hard when one spouse changes what they eat and how active they are and desires more sexual activity while the other doesn't. That can put significant strain on a marriage. It may be important for couples to consider this and have strategies to maintain their connection after surgery."

King notes that the LABS-2 study did not ask participants whether a desire to change their romantic relationship status was among their motivations for getting bariatric surgery, so the team could not determine if the participants who got married or divorced went into surgery hoping for a change.

"Our relationships with others particularly lifelong partners have been shown to have a profound impact on our health, both physical and mental," says King. "It will be important for future studies to disentangle the directionality of the various associations between bariatric surgery and relationship status that we uncovered in this study so doctors can best counsel their patients and manage expectations before and after surgery."

Amanda S. Hinerman and Gretchen E. White, both PhDs at the University of Pittsburgh, are co-authors of the study. No funding was provided for this specific analysis, but LABS-2 received funding through a cooperative agreement with the National Institute of Diabetes and Digestive Kidney Diseases.



Al-Biruni's description is remarkably accurate, but Ibn-Battuta has allowed his fancy to take hold of his observations when he says that the head of a rhinoceros is bigger than that of an elephant. He does not mention the locality where the king hunted but it could be the environs of present-day Delhi. We have yet another interesting notice of the rhinoceros, this one dating to 1387-1388 from Prince Muhammad Khan, son and successor of Sultan Firuz Shah Tughluq. He marched towards the Sirmaur hills 'and there spent two months, hunting rhinoceros and elk (deer)'. The locality is the Himalayan foothills in the southeast of the present-day Himachal Pradesh.



# Telling the Story of our Gainda

# The Unicorn (...2)


Divyabhanusinh
*Ex India head for WWF, A renowned wildlife expert*


#CLASSIFICATION

The gainda is an animal which to a general observer looks like a creature left over from a long bygone era. The male animal is somewhat bigger than the female. The height of the animal is 175 to 200 cm, and it weighs around 2,000 kg. To quote Eric Dinerstein: "The legs have deep scars on anal folds; the extra skin is known as epidermal knobs; cuts on the ears, and missing tail tips. Body colour is grey and mosaic like pattern on the skin is quite noticeable on the rump."

The most important point for our story is its horn which is without a bony core and 'contains tiny keratin tubes dispersed in a keratinous matrix', growing over its nose. Rowland Ward's of Big Game has catalogued 23 horns of more than 11 inches (28 cm), the longest recorded being 24 inches (61 cm). Having written all this, one must accept the fact that the animal defies description and it has to be seen to fully appreciate its prehistoric appearance.

The Indian species of the rhinoceros is primarily a grazer. It inhabits today the protected areas along the large riverine tracts along the Himalayan mountain range. It lives amidst the tallest grass in the world popularly called elephant grass because of its height. Today, the most famous abode of the greater one-horned rhinoceros is the Kaziranga National Park along the Brahmaputra river system in Assam. The environs of oxbow lakes and other water bodies are its favourite feeding and wallowing grounds.

During the monsoon though when Kaziranga gets water-logged, the rhinos move into the adjoining hills returning to Kaziranga as the waters recede. The males are territorial, marking their area with urine and dung and charging aggressively at male intruders. The females carry their young for 16 months and their calves remain with them for three to four years.

While history writing on the environment came into its own in the second half of the 20th century, few works have focused on the history of human interaction with a particular species. From Europe, the masterly work of Michel Pastoureau comes to mind. He chronicled the European brown bear's unfortunate brush with humanity leading to its near extinction there. From Japan, Brett L. Walker wrote the story of the extinction of the wolf; and Andrew C. Isenberg chronicled the story of the near extinction and resurrection of the iconic bison by the white man in America.

In India we are not far behind. The ubiquitous goose's presence in art and literature has been chronicled by Jean Philippe Bogel and the peacock has found a biographer in P. Thankappan Nair. Coming to animals the cheetah, the lion and the elephant have been chronicled extensively. Several tomes have been written on the charismatic tiger, yet it awaits a serious biographer. So do India's unicorn and our story proposes to fill this gap.

To flesh out information on human-animal interaction through the ages is a task which involves meandering through a variety of sources from different time periods. Some animals being iconic, like the lion and the elephant in Asia and Africa or the brown bear in Europe, are found to be fairly common in various sources. The rhinoceros on the other hand though a very noticeable large mammal is not quite in the same league.

### Literary Sources

The rhinoceros appears in cave and rock art of the Indian subcontinent before the written word. Through examination of such depictions its presence in geological times since the Pleistocene age has been established. Shibani Bose presents the prehistoric evidence in chapter 2, while in the next chapter she provides a portrait of the animal through Harappan seals, literary sources, medical texts of ancient India sculptures at Sacchi and gloriously in Gupta coinage. These sources amply testify to the range of the rhinoceros in ancient India.

Between this early period and the coming of the Mughals in the 16th century there is a major gap in the narrative which needs to be addressed here briefly. Apart from literary and other related sources of the time the genre of travelogues and history writing by foreign visitors to India assumes importance in our story.

Foremost among the early travellers who provide information on the rhinoceros is Abu Rahim Al-Biruni. Originally from Khiva, in modern-day Uzbekistan, he spent several years in Punjab around 1030, having accompanied the raiding armies of Mahmud of Ghazni to India. Al-Biruni studied Sanskrit and translated some works into Arabic, besides writing a detailed account of India and its people. He has left us a description of the rhinoceros as well: "The ganda exists in large number in India, more particularly about the Ganges. It is of the build of a buffalo; has a black scaly skin and dewlaps hanging down under the chin. It has three yellow hoves on each foot the bigger one forward, the others on both sides. The tail is not long, the eyes lie low, further down the cheek than is the case with all other animals. On the top of the nose there is a single horn which is bent upward. The Brahmins have the privilege of eating the flesh of the ganda. I have myself witnessed how an elephant coming across a young ganda was attacked by it. The ganda wounded the elephant's forefoot with its horn, and threw it down on its face."

Three centuries later we have Muhammad Ibn Battuta from Tangier, who travelled to India and lived in the country from 1332 onwards. He saw India first had over two decades until 1353. He too was fascinated by the rhinoceros and has left a detailed description of the creature: "After crossing the river Sind (In the land) called Ban Jab (Punjab) we entered a forest of reeds ---- when we were confronted by a rhinoceros. In appearance it is a black animal with a huge body and a disproportionately large head. For this reason it has become the subject of a proverb, as the saying goes Al-karkaddan ras bila badan (rhinoceros, head and no torse). It is smaller than an elephant but its head is many times larger than the elephant's. It has a single horn between it's head many times larger than an elephant's. It has a single horn between its eyes, about three cubits in length (54-66 inches, i.e. 137-167 cm) and about a span in breadth. When it came out against us one of the horsemen got in its way: it struck the horse ... pierced his thigh and knocked him down; then went back into the thicket and we could not get at it. I saw a rhinoceros a second time on this road after the hour of afternoon prayer. It was feeding on plants but when we approached it ran away. I saw a rhinoceros yet another time when in the company of the King of India (Ghiyas-ud-Din Muhammad Shah I Tughluq) we had entered a jungle of reeds. The Sultan was mounted on an elephant and we too were mounted on elephant along with him. The foot soldiers and horsemen went in and beat it up, killed it and conveyed its head to the camp (mahalla)."

### The Observations

Al-Biruni's description is remarkably accurate, but Ibn Battuta has allowed his fancy to take hold of his observations when he says that the head of a rhinoceros is bigger than that of an elephant. He does not mention the locality where the king hunted but it could be the environs of present day Delhi. We have yet another interesting notice of the rhinoceros, this one dating to 1387-1388 from Prince Muhammad Khan, son and successor of Sultan Firuz Shah Tughluq. He marched towards the Sirmaur hills 'and there spent two months, hunting rhinoceros and elk (deer)'. The locality is the Himalayan foothills in the southeast of present day Himachal Pradesh.

With the establishment of the Mughals in Hindustan, a whole new window opens up to give us a glimpse of the life and times of the rhinoceros. Biological of the great Mughal emperors and the autobiography of Jahangir, detailed chronicles of the administration of the empire, the history of the house of Timur, translations of the great epics Mahabharata and Ramayana from Sanskrit into Persian, all provide a plethora of sources to examine. In addition to literary materials the profusion of paintings suddenly gives us an ocular record hitherto unparalleled.

Ashok Kumar Das examines these sources in Chapter 4, to record the rhinoceros's brush with the empire from the arrival of Babur in 1526 through Akbar's and Jahangir's shikar to Aurangzeb during whose reign an album of paintings of animals was made which includes a remarkable picture of the rhino. In the subsequent chapter Das takes us on a tour of Jain iconography, paintings of the Bhagavata Purana, depictions of the hunting expeditions of Bundi kings and the rhinoceros in the Mewar School of painting. Though the animal did not exist in Rajasthan at the time, the Bundi kings may well have hunted them elsewhere, and the Mewar paintings are tantalizing. Das presents a variety of sources from Jean-Baptist Joseph Gentil's album, which records the Nawab of Avadh's rhinoceros hunt near Bahraich (present day Uttar Pradesh) in the late 18th century, Thomas Daniell's exquisite rendering of the unicorn from the foothills of the Himalaya, the rhinoceros at the Peshwa's court at Pune, to Indo-Portuguese rhino-horn artefacts and a temple relief in Murshidabad, West Bangal. These sources go further to establish the animal's existence in fair numbers in its range up to the beginning of the 18th century apart from creating a firm niche for its presence in the cultural world of the period.

Before we come to the British period a short diversion to make not of the rhinoceros's arrival in Europe is worth taking here. We have seen earlier that there was a huge misconception of the unicorn in the ancient world of Greece and Rome. It appears that no accurate descriptions of the rhinoceros were available in Europe even in the 16th century, as is testified by the rhinoceros drawn by Albrecht Durer in 1515. He endowed the animal with a small horn protruding from between its shoulder blades, apart from a very stylized body.

> A British Surgeon, John Fleming, who was the President of Bengal Medical Service in 1800, assembled albums of over 200 natural history studies of local fauna by European and Indian artists. Notable for our context is a study of a young Indian rhinoceros by Robert Home (c. 1799).

In 1581 a living specimen brought from India by the Portuguese was presented to King Philip II of Spain and came to be known as the 'Madrid' rhinoceros. In 1684, an engraving by Francis Barlow claimed to be 'a true representation' of a fight between a rhinoceros and elephant, the rhino having been 'lately brought over from the East Indies to London'. However, the rhinoceros here is suspiciously similar to Durer's though without the horn on its back, Durer's depiction also seems to be the inspiration for the 20th century Bengal school artist Nandalal Bose in his stylized linocut illustration of circa 1950.

In 1741, a Dutch sea captain, Douwemont Van der Meerm bought young Clara, a female rhinoceros from JA Sichterman, a Director of the Dutch East India Company in Calcutta. The travails of this poor creature need not be detailed here, except to say that she was transported from Calcutta to Rotterdam vie the Cape of Good Hope, and over the next few years toured various royal courts in Europe from Paris, London and Berlin to Krakow, Prague, Rome and Naples. The 'Dutch' rhinoceros was a curiosity and earned the sea caption a comfortable living until her death in London in 1758. Of interest to us here is the accurate rendering of the species in Europe. Finally, Clara was immortalized by the German painter Johman Elias Ridinger in 1748 and by King Louis XV of France's favourite artist Jean Bapist Oudry in 1749, among others.

### Meticulous Records

As early as 1684, Captain Henry Udall brought a rhino to London on his ship. It was from 'the Court of the King of Gulkindall', i.e. Golconda. A second one reached London in 1739. One rhino arrived in France in 1770 and another landed in London in 1790 known as the 'Stubbs' rhinoceros since it was painted that same year by the famous artist George Stubbs and yet another was brought to London in 1799. Many more were to follow.

The fate of these animals has been meticulously recorded in detail by TH Clarke. They were curiosities in 18th century Europe where the memory of the Ancient Roman games that had included African and possibly Indian rhinoceroses had long faded. These animals were objects of wonder kept in the menageries of kings and potentates and made a remarkable impression in European art, tapestries, porcelain and clocks. Some of them travelled from one city to another being exhibited and earning handsome amounts for their owners.

However, important as these sojourns of India's unicorns were to European art and culture, they had little to contribute to the animal's interaction with man in its own homeland. These unfortunate animals had to face captivity, voyage through choppy oceans and life in captivity in an alien environment but what is relevant here is the rather accurate renderings of them by European artists as mentioned above.

Coming back to ur story of the unicorn in India, Chapter 6 on the British period and beyond traces the travails of the animal which had all but disappeared from its former range except for some area in the eastern most area of the subcontinent where it precariously hung on to existence near extinction. A British Surgeon, John Fleming, who was the President of Bengal Medical Service in 1800, assembled albums of over 200 natural history studies of local fauna by European and Indian artists. Notable for our context is a study of a young Indian rhinoceros by Robert Home (c. 1799). However, as in the Mughal period most of the images from this time relate the hunting. We give an account of the relentless shikar in colonial times, and later conservation efforts by the British Indian government and the government of independent India which led to the successful stabilization of its population and the increase in its numbers from less than 200 around 1900 to a total population of more than 3,500 between Nepal and India in the 21st century.

The final chapter examines the continuing efforts at conservation up to the present time including translation of the animal within its former range. It also examines some aspects of the most serious threats to its existence caused largely by the demand for its horn which is believed to have medicinal value. India's unicorn still lives on the brink, notwithstanding its successful conservation that appears to have made its survival secure for the moment.

***Concluded.***



writetoarbit@rashtradoot.com



### Acknowledgement


1. **The Book:** 'The story of India's Unicorns'
2. **Authors:** Divyabhanusinh, Asok Kumar Das & Shibani Bose.
3. **Publisher:** The Marg Foundation.
4. **For Purchase:** The book is available for purchase on www.marg-art.org

*(All photos and reproduction of pages from the book on Arbit edition here are featured with the permission of the publishers.)*




A fanciful rhinoceros: Albrecht Durer (1471-1528), the German artist, drew this animal in 1515 from descriptions he had heard. He endowed the animal with an additional horn between its shoulders. *The Trustees of the British Museum.*



A record horn of the greater one-horned rhinoceros in the Natural History Museum, London. Its length is not mentioned, but the longest they have recorded is 24 inches (61 cm). From Dollman and Buriace, 1935.



The 'Dutch Rhino': This is an accurate rendering of Clara at rest by the German Painter Johann Elias Ridinger (1698-1767), dated 1748. *Courtesy The Samuel Courtauld Trust, The Courtauld Gallery, London.*



Rhino-Elephant Fight: an imagined rendering of the event by English artist Francis Barlow (1626-1704), dated 1684. *The Courtauld Gallery, London.*

#MEDICAMENT

## Ovarian Cancer Risk Lowered

Earlier studies have found medicines used to treat other diseases may be useful in preventing cancer prompting this investigation into bisphosphonates.



A medication used to prevent bone loss may help lower the risk of ovarian cancer, according to a new study.

Researchers compared medications taken by more than 50,000 women over the age of 50, using de-identified medical records from 2004-2013, to analyse differences in those with ovarian cancer and those without.

Women who used nitrogen based bisphosphonates were found to be less likely to develop ovarian cancer, says Karen Tuesley, a PhD candidate at the University of Queensland School of Public Health.

"The findings varied between ovarian cancer subtypes and included a 50% lower risk for endometrioid cancers and 16% for serous ovarian cancers."

"We don't yet know why these medicines may lower the risk of ovarian cancer in women but previous studies have shown that nitrogen based bisphosphonates can stop the disease spreading in laboratory grown cells.

In 2021, there were 1,720 cases of ovarian cancer diagnosed and 83% of these occurred in women aged over 50 years, according to the Australian Institute of Health and Welfare.

More than 200,000 Australians are prescribed bisphosphonates containing nitrogen each year making them one of the most prescribed medicines of their type in the country. The medicines prevent bone loss and help reduce fractures in osteoporosis patients.

This study is important because most known risk factors for ovarian cancer cannot be easily modified, says Susan Jordan, associate professor in the School of Public Health.


"Earlier studies have found medicines used to treat other diseases may be useful in preventing cancer prompting this investigation into bisphosphonates," Jordan says.

"Further research is needed to understand why these medicines might affect ovarian cancer subtypes differently. We know ovarian cancer subtypes look different under the microscope and have unique risk factors."

"However, it is important to look at each subtype separately to improve our knowledge and understanding of these cancers. This study may help inform medicine choice for women with osteoporosis and suggest areas for further research to better understand how ovarian cancer develops."



## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जालोर एसपी-तत्कालीन थानाधिकारी सहित छह पुलिस कर्मियों के खिलाफ न्यायाधीश ने पेश किया इस्तगासा

## बाल अपचारी को मुकदमे में झूठा फंसाने व तीन व्यक्तियों को बिना अपराध के हवालात में बंद रखने पर दर्ज हुआ इस्तगासा

**जालोर,** (कासं)। विशिष्ट न्यायाधीश अजा - अजजा न्यायालय जालोर पीयूष चौधरी ने एक बाल अपचारी को मुकदमे में झुठा फंसाने व तीन व्यक्तियों को बिना किसी अपराध के हवालात में बंद रखने पर एएसआई बद्रीदान चारण, नरेन्द्र कुमार व शशिकला , पुलिस कर्मी उम्मेदाराम व दिनेश कुमार, जालोर कोतवाली के तत्कालीन थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह के खिलाफ एक लोक सेवक होने के नाते मिथ्या साक्ष्य गढने, मिथ्या साक्ष्य देना, कूटरचना करना तथा किये गये अपराध के विषय में मिथ्या इतिला देना का जालोर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल के खिलाफ इस्तागासा सीजेएम जालोर के समक्ष पेश किया गया।

न्यायाधीष पीयुष चौधरी ने सीजेएम में इस्तागासा पेश कर बताया कि 2 दिसम्बर 2021 को किशोर बोर्ड की न्यायाधीश अवकाश पर होने से लिंक अधिकारी के नाते सीजेएम जालोर के पद पर रहते हुए सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया गया। उस दौरान एक बाल अपचारी ने बताया कि उसे चोरी के मामले में गिरफतार किया गया है तथा उससे चोरी की मोटरसाईकिल भी बरामद कर दी है। उसी रोज कोतवाली के एएसआई बद्रीदान चारण ने चोरी की उक्त मोटरसाईकिल बरामद करने को लेकर प्रार्थना पत्र न्यायाधीष के समक्ष पेश किया, जो पूर्व में उक्त मोटरसाईकिल पुलिस द्वारा बरामद की जा चुकी है।

उसी रोज न्यायाधीष चौधरी ने कोतवाली थाने का निरीक्षण किया तो मोटरसाईकिल थाने में खडी थी। वही बद्रीदान ने अपने पुलिस कर्मी उम्मेदाराम व दिनेष कुमार को उक्त मोटरसाईकिल बरामद का झूठा गवाह भी बना दिया। इस प्रकार एएसआई बद्रीदान ने एएसआई शशिकला के साथ मिलकर पुलिस कर्मी उम्मेदाराम व दिनेश कुमार ने मिथ्या तथ्य गढ़ने व एक बाल अपचारी को चोरी के मामले में झूठा फंसाने का प्रयास किया। वही थाने के लॉकअप में जाकर देखा तो तीन व्यक्ति अर्धनग्न अवस्था में बंद थे। पूछने पर एएसआई नरेन्द्र कुमार ने बताया कि उक्त तीनो व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जबकि लॉकअप में बंद तीनो व्यक्तियों की एसडीएम जालोर के समक्ष पेश कर जमानत पर रिहा करने के बाद भी बिना किसी अपराध के उन्हे लॉकअप में अर्धनग्न अवस्था में रखा गया। उक्त बात का पता तत्कालीन थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह व डिप्टी हिम्मत चारण को होने पर दोनों न्यायाधीश के पहुंचे तथा माफी मांगते हुए आगे ध्यान रखने की बात कही। इस प्रकार इन्हे भी अपने पुलिस कर्मियों की उक्त अपराध की पूर्ण जानकारी थी। उक्त शिकायत एसपी जालोर तक पहुंचने पर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल ने अपने पुलिसकर्मियो को बचाने के लिए अपने हिसाब से तथ्यो को तोड मरोडकर विभागीय कार्यवाही का नाटक कर अपने हिसाब से कानून से उपर समझकर दोशी पुलिसकर्मियो को मुख्य आरोपों से बिना किसी युक्तियुक्त कारण के क्लीन चीट दे दी।

उन्होने एक झूठी एवं मिथ्या रिपोर्ट बनाई जो निरीक्षण के दौरान एकदम विपरीत है। न्यायाधीश ने अपने इस्तगासा में बताया कि कोतवाली के एएसआई बद्रीदान व एएसआई शशिकला के साथ मिलकर एक बाल अपचारी को चोरी के मामले में झूंठा फंसाने व पुलिस कर्मी उम्मेदाराम व दिनेश ने फर्जी मोटरसाईकिल फर्द जब्ती बनाने तथा तत्कालीन सीआई लक्ष्मणसिंह ने मिथ्या प्रविष्टि रोजनामचा आम में की। वही एएसआई नरेन्द्र कुमार ने बिना विधिक प्रक्रिया के तीन व्यक्तियो को लॉकअप में बंद करने तथा उस दौरान डयूटी पर तैनात एएसआई धर्मेन्द्र हुडा ने तथ्य छुपाने का अपराध किया है। इसकी जानकारी एसपी को होने पर भी उन्होंने भी इस मामले में काई ठोस कार्यवाही नही की। बल्कि दोषी पुलिसकर्मियों को कठोर दण्ड से बचाने के लिए विभागीय कार्यवाही का दिखावा कर अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्यों के बिल्कुल ही विपरीत जाकर तथ्यों को अपने हिसाब से तोड मरोडकर उन्होंने झूठी व फर्जी रिपोर्ट बनाई।

इस्तगासा में कोतवाली के एएसआई बद्रीदान चारण, एएसआई नरेन्द्र, एएसआई शशिकला, एएसआई धर्मेन्द्र हुडा, तत्कालीन सीआई लक्ष्मणसिंह व पुलिस कर्मी उम्मेदाराम व दिनेश के खिलाफ प्रसंज्ञान लेने को लेकर इस्तागासा सीजेएम जालोर के समक्ष पेश किया। वही किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सैशन न्यायाधीश जालोर ने सीजेएम जालोर को उक्त प्रकरण में मामला दर्ज करने के निर्देष देने पर मामला दर्ज करवा दिया है। वही न्यायाधीश पीयूष चौधरी को भी उक्त मामले में आपराधिक परिवाद पेश करने को लेकर निर्देशित किया गया था। जिसके तहत न्यायाधीश चौधरी ने इस्तगासा पेश किया।

# मन्दबुद्धि महिला की कृषि भूमि को धोखाधड़ी से हड़पने पर मामला दर्ज

## भूमाफिया ने जमीन हड़पते ही बैंक से लोन भी उठा लिया



पीड़ित कुकालाल व पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

**मांडलगढ़,** (नि.सं.)। मांडलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के श्यामगढ़ पंचायत के टहला गाँव में एक मंदबुद्धि बुजुर्ग महिला से धोखाधडी कर करोड़ों की खेती की जमीन को हड़पने का मामला सामने आया है। इस षड्यंत्र में भूमाफिया ओर पंजीयन विभाग के अधिकारी, कार्मिक समेत 13 लोगों के खिलाफ मांडलगढ़ पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।वहीं भूमि को हड़पने वाले गिरोह ने बैंक से लोन भी उठा लिया।

मंदबुद्धि महिला माँगी देवी गुर्जर के पति कूकालाल गुर्जर ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी माँगी देवी गुर्जर असहाय ओर मंदबुद्धि की है।बुजुर्ग महिला बोल-चाल भी नहीं कर सकती है। ग्राम टहला में उसके नाम 27 बीघा कृषि भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है।

उसकी पत्नी मांगी देवी को एक रिश्तेदार की शादी में शामिल करने का झांसा देकर भू माफिया गिरोह के लोग पीड़ित महिला के एक रिश्तेदार को साथ लेकर उसे ससुराल से उठा लाए। बुजुर्ग महिला को रामलाल पिता शंकर गुर्जर,उदा पिता देवा गुर्जर,रघुनाथ पिता देवा गुर्जर,नंदा पिता देवा गुर्जर,हीरालाल पिता छोगा लाल गुर्जर,शंकर पिता होकमा गुर्जर पीड़ित महिला माँगी देवी को मांडलगढ़ लेकर आए। उक्त गिरोह ने माँगी देवी की कृषि भूमि के विक्रय दस्तावेज तैयार कराए।

गिरोह के सदस्यों ने मांडलगढ़ तहसीलदार नारायण प्रसाद शर्मा, गिरदावर योगेश कुमार,पटवारी दिनेश कुमार व स्टाम्प प्रलेखक श्यामसुंदर से मिलीभगत कर 31जून 2022 को पंजीयन कार्यालय से रजिस्ट्री गिरोह के लोगों ने अपने नाम करा ली। जबकि नियम के मुताबिक मंदबुद्धि सम्पति विक्रेता की रजिस्ट्री नहीं की जा सकती है या मन्दबुद्धि के साथ पारिवारिक सदस्य का साथ होना जरूरी होता है क।

- **तहसीलदार, गिरदावर,पटवारी, स्टाम्प प्रलेखक समेत 13 जनों पर दर्ज हुआ मामला**

उक्त भूमि में पीड़ित महिला के अलग अलग खाते में कृषि भूमि दर्ज होने से 4 रजिस्ट्रियां कराई गई।भूमि विक्रय की सभी रजिस्ट्री में गवाह के रूप में रामचन्द्र पिता जोधा गुर्जर व लादूलाल पिता रघुनाथ ने हस्ताक्षर किए।गौरतलब हैं कि गवाह रामचन्द्र गुर्जर पूर्व में भी एक चारागाह के भूखण्डों की रजिस्ट्री में भी शामिल रहा है।

उक्त भूमि की रजिस्ट्री के बाद गिरदावर व पटवारी ने निर्धारित अवधि से पूर्व तत्काल राजस्व रिकॉर्ड में नामान्तरण भी दर्ज कर दिया।जबकि पँचायत की ठाम सभा मे नामान्तरण अनुमोदन होना आवश्यक हैं। करोड़ो की हड़पी गई जमीन पर माफिया गिरोह ने एक लाडपुरा स्थित एक बैंक से लोन भी स्वीकृत करा लिया हैं।

सुरजीत सिंह थाना प्रभारी, मांडलगढ़ ने बताया कि टहला निवासी बुजुर्ग महिला मांगी देवी के पति कुकालाल की शिकायत पर 13 लोगों के ख़िलाफ़ भादंसं की धारा 406-420-384-467 व 468 में मुकदमा दर्ज कर अनुसन्धान किया जा रहा है।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



एआईसीसी के निर्देश पर कांग्रेस के जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामुहिक गिरफ्तारियां दीं।

**राजसमंद,** (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में देश में बढ ती महंगाई, खाद्य पदार्थ पर जीएसटी, बढ ती बेरोजगारी के साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों को लेकर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड एवं पूर्व जिलाध्यक्ष देवकींनदन गुर्जर के नेतृत्व में करीब 16० से अधिक कार्यकर्ताओं ने सामुहिक गिरफ्तारियां दी। पुलिस ने हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को तीन बसों में बिठाकर रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में छोडा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड ने कहा कि केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार द्वारा लगातार विपक्ष की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है यहा तक की जनता की मांगों को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन पर भी रोक लगाई जा रही है जो कि पूर्णतया असंवैधानिक और तानाशाही हुकूमत का प्रतीक है।

# 10 बदमाशों पर धौलपुर एसपी ने किया इनाम घोषित

- **2 बदमाश टॉप 5 की सूची में शामिल**
- **जिले में इनामी बदमाशों की कुल संख्या हुई 62**

**धौलपुर,** (निसं.)। शुक्रवार को धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने जिले के 10 बदमाशों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित कर दिया। धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह द्वारा इनामी बदमाशों की सूची में 10 नए बदमाशों को जोड़ने के बाद जिले में इनामी बदमाशों की कुल संख्या 62 पहुंच गई है। जिनमें से दो डकैत राजस्थान के टॉप 5 बदमाशों की सूची में शामिल है। एसपी सिंह ने बसई डांग थाना क्षेत्र के रहने वाले रामगोपाल पुत्र सुंदर गुर्जर पर 5 हजार रूपए, रामराज पुत्र दामोदर निवासी बसई डांग पर एक हजार रूपए और सुरेंद्र पुत्र सोने राम निवासी बसई डांग पर एक हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। इनके अलावा बसेड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले केशव सुपुत्र सोनेराम, धीरा पुत्र केदार, भूरी पुत्र केशव, बंटी पुत्र केदार, दशरथ पुत्र निर्भय, बाड़ी सदर थाना क्षेत्र के भूमि पुत्र रामनाथ और भरतपुर के गढ़ी बाजना क्षेत्र के बदमाश समुद्र पुत्र निर्भय गुर्जर पर 500-500 रुपए के इनाम घोषित किए हैं। धौलपुर जिले के 10 नए इनामी बदमाशों में रामगोपाल पुत्र सुंदर गुर्जर पर करौली जिले से भी 3 हजार रुपए का इनाम घोषित है।

धौलपुर के 2 बदमाश प्रदेश के टॉप फाइव में शामिलः राजस्थान की टॉप 5 बदमाशों की सूची में धौलपुर के दो बदमाश शामिल हैं। जिनमें धौलपुर के डकैत केशव गुर्जर और उसके भाई शीशराम गुर्जर राजस्थान के टॉप 5 बदमाशों की सूची में चौथे और पांचवें नंबर पर शामिल है। जिनकी तलाश के लिए एसपी द्वारा गठित की गई टीम डांग क्षेत्र में लगातार दबिश दे रही है।

# ग्राम विकास अधिकारियों ने किया पूर्णतः कार्य बहिष्कार

**भुसावर,** (निसं.)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा भुसावर के सदस्यों द्वारा अपनी 8 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही नही कर सरकार द्वारा वादा खिलाफी करने के विरोध में चलाये जा रहे अभियान के तहत आगामी आदेशों तक पूर्णतः कलम बन्द असहयोग आन्दोलन के साथ सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार कर दिया है। जहां ग्राम विकास अधिकारियों ने कलम एवं रिकॉर्ड की चाबी को एक कलश में रखकर अधिकारी को सौंप दिया।

ग्राम विकास अधिकारी एवं संघ के जिला प्रतिनिधि संजय मीणा ने बताया कि राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जयपुर के पदाधिकारियों के निर्देशानुसार उपशाखा भुसावर द्वारा अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार द्वारा की गई वायदा खिलाफी के लिए अभियान चलाकर सोयी हुई सरकार को जगाने का कार्य किया जा रहा है। उसी के तहत संगठन के आगामी आदेशों तक संविधान की शपथ लेते हुए राजकीय कार्यो में पूर्णतः असहयोग करते हुए प्रदत्त दायित्वों का किसी भी प्रकार का निर्वहन नही करने का संकल्प लिया। जन्म मृत्यु पंजीयन से लेकर भुगतान आदि तक का कोई कार्य निष्पादित नही करने की बात कही। वहीं ग्राम विकास अधिकारियों ने कलम और रिकॉर्ड की चाबियों को अधिकारी को सुपुर्द कर प्रदेश नेतृत्व के आगामी निर्देशों तक वापिस नही लेने की बात कही है। उन्होने बताया कि समझौता लागू नहीं कर हमारे साथ विश्वासघात किया जा रहा है।

# 'बाबा विजयदास की मृत्यु पर गंदी राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण'



भरतपुर में मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया।

**भरतपुर,** (निस)। भरतपुर में कैबिनेट मंत्री विष्वेन्द्र सिंह ने पसोपा में संत विजयदास महाराज की आत्मदाह के मामले में भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि भाजपा संत की आत्मदाह के मामले में राजनीति कर रही है।

कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को संभागीय आयुक्त सभागार में पूर्व सासंद पण्डित रामकिषन, सम्भागीय आयुक्त साँवरमल वर्मा, भरतपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर आलोक रंजन की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह षेखावत पर निषाना साधते हुए कहा कि मानेसर घटनाक्रम में मेरा व उनका कोई संवाद नहीं हुआ जिसके लिए मैं वॉयस सेम्पल देने के लिए तैयार हूं लेकिन गजेन्द्र सिंह षेखावत वॉयस सेम्पल देने से क्यों डर रहे है।

चार बार उनको सेम्पल देने के लिए बुलाया गया था लेकिन वह देना नहीं चाहते है। उन्होनें कहा कि भाजपा के प्रदेष अध्यक्ष सतीष पूनिया का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। पूनिया को याद रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे भी 70 साल की आयु पार कर चुके है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह पर भी प्रहार करते हुए हिदायत दी कि अपने सोषल मीडिया पर संयम बरते। उन्होंने कहा कि वे अभी राजनीति में बच्चे हैं। खरा सिक्का बनने के लिए अच्छे प्रयास करें। उन्होंने कहा कि डॉ. षैलेश सिह के पिता डॉ. दिगम्बर सिंह व राजेन्द्र राठौड़ से उनकी राजनैतिक प्रतिद्वन्दिता रही है। लेकिन उनके बीच में कभी भी अष्लील टिप्पणी व अषोभनीय बयानबाजी नहीं हुई। भाजपा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को 550 दिन बाद संतो के आंदोलन की याद आई। इतने दिन भाजपा के नेता कहां सो रहे थे। वहां पर विकास के कार्य कराए जा रहे है और संतों की बात को सरकार ने माना है वहां से क्रेषर मषीनों को हटाया जा रहा है और उस क्षेत्र को वन्य क्षेत्र घोशित कर दिया है। पसोपा कोई चारागाह जगह नहीं है जहां पर कोई भी कुछ कह कर चला जायेगा। यहां की जनता इतनी मूर्ख नहीं है। यह मेरी अपील है कि यहां पर कोई भडकाऊ भाशण ना दे। आगे अगर ऐसा किया तो यहां की जनता उनको उचित पुरूस्कार भी देगी।

राजस्थान के 13 जिले पानी के लिए तरस रहे है। प्रदेष से 25 सांसद केन्द्र में हैं। जिसमें गजेन्द्र सिंह षेखावत स्वयं जल संसाधन मंत्री भी है। इसके बावजूद भी ईआरसीपी परियोजना में केन्द्र के द्वारा मंजूरी के प्रयास नहीं कराए जा रहे।

इस अवसर पर पं. रामकिशन ने ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को भरतपुर जिले के लिये बहुत महत्वपूर्ण बताया तथा यमुना जल बंटवारे के सम्बंध में पूर्व में हुये अन्तर्राज्यीय समझौते के अनुसार परियोजना का दूसरा फेज पूर्ण करवाने की मांग की जिससे जिले के किसान लाभान्वित हो। प्रेस वार्ता में सम्भागीय आयुक्त साँवरमल वर्मा, भरतपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर आलोक रंजन भी उपस्थित रहे।

# गैस सिलेण्डर रिफलिंग पर कार्रवाई की

**कोटा,** (निसं)। अवैध रूप से गैस सिलेण्डर के संग्रहण एवं रिफलिंग की सूचना प्राप्त होने पर रसद विभाग की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर जाकर जांच कर 20 घरेलू एवं 7 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर जब्त किया गया। संबंधित दोषी व्यक्ति के विरूद्व कानूनी एवं प्रशासनिक कार्यवाही करने के संबंध में मामला दर्ज कराया गया है। जिला रसद अधिकारी पुष्पा हरवानी ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक अदिति जगरवाल एवं कृष्ण कुमार यादव को मय पुलिस थाना महावीर नगर अवैध गैस सिलेण्डर संग्रहण एवं अवैध रिफलिंग की शिकायत की जांच करने के लिए महावीर नगर विस्तार योजना स्थित मकान न. 4-एल-40 पर भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान मौके पर मकान मालिक प्रदीप कुमार गोयल पुत्र राधेश्याम गोयल, अभिषेक गोयल पुत्र प्रदीप गोयल उपस्थित पाये गये।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

- **आय से अधिक संपत्ति का मामले में विशिष्ठ न्यायाधीश कटारा ने दिए निर्देश**

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, भीलवाड़ा के विशिष्ठ न्यायाधीश राकेश कटारा ने शुक्रवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। विशिष्ट लोक अभियोजक कृष्णकांत शर्मा ने एफआईआर के तत्थों के अनुसार प्रेमलाल बाहेती श्रम निरीक्षक व हीरालाल कनिष्ठ लिपिक को 3 जून 2010 को परिवादी पांसल रोड़ जवाहर नगर निवासी गौरीशंकर पुत्र लक्ष्मीनारायण भांबी से 700 रुपये की रिश्वत मांग और रिश्वत लेते ट्रैप किया गया।

इस दौरान बाहेती के निजी आवास, बैंक लॉकर नंबर 235 राजस्थान बैंक शाखा महिला आश्रम की ट्रैप पार्टी ने खाना तलाशी ली थी। मकान से संबंधित कागजात, वेतन भत्तों, बैंकों, एलआईसी, एफडी, राष्ट्रीय बचत पत्र, पोस्ट ऑफिस आदि से सूचना प्राप्त की गई। जांच में आरोपितों द्वारा अपने सेवा काल में पद एवं अधिकारों का दुरुपयोग अवैध एवं भ्रष्ट तरीके से ज्ञात स्त्रोतों से 50 लाख 52 हजार 522 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करना पाया गया था। विशिष्ठ लोक अभियोजक शर्मा ने बताया कि आय से अधिक संपत्ति के इस मामले में आरोपित कर्मचारियों की अग्रिम जमानत के प्रार्थना-पत्र को न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आज खारिज कर दिया।

# राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में मिले स्थान : दीयाकुमारी



लोकसभा के मानसून सत्र में राजस्थानी भाषा की पैरवी करती सांसद दीयाकुमारी।

**राजसमन्द,** (कासं)। लोकसभा के मानसून सत्र में राजसमन्द सांसद दीयाकुमारी ने राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने हेतु संविधान संशोधन विधेयक 2022 प्रस्तुत किया।

सदन में प्राइवेट बिल पेश करते हुए सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि भाषा किसी क्षेत्र के इतिहास संस्कृति जनता शासन प्रणाली पारिस्थितिकी राजनीति आदि की सूचक है। राजस्थानी पश्चिमी इंडो-आर्यन मूल की एक भाषा है जो पूरे राजस्थान के साथ ही हरियाणा गुजरात तथा मध्य प्रदेश के कुछ भागों में व्यापक रूप से बोली जाती है। राजस्थानी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। यह 1500 से भी अधिक वर्षो की समृद्ध विरासत है। राजस्थानी भाषा में 7 वीं शताब्दी ईस्वी पूर्व के प्रसिद्ध प्राचीन दार्शनिकों खगोलविदों गणितज्ञों कवियों और लेखकों के कार्यो की भी पहचान की गई है और उन्हें संरक्षित किया गया है।

सांसद दीयाकुमारी ने संविधान संशोधन बिल पेश करने के पुख्ता कारणों और उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा की उपस्थिति विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों जैसे संगीत कला नृत्य और नाटक में भी देखी जा सकती है। राजस्थानी भाषा ऐतिहासिक और पारंपरिक रूप से बहुत समृद्ध होने के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर घोर उपेक्षा की शिकार है। अंततः इससे भाषा के अपने अस्तित्व को खोने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। साथ ही संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं की योजना में अब तक राजस्थानी भाषा को शामिल नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप इस भाषा में दक्ष विद्यार्थी कुशलता से इसका प्रयोग करने में असमर्थ हैं। राजस्थानी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने से रोजगार के भी अवसर सृजित होंगे।

सांसद ने कहा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में राजस्थानी भाषा को शामिल करने की मांग आमजन द्वारा लगातार की जाती रही है। साहित्य अकादमी और विवि अनुदान आयोग राजस्थानी भाषा को एक अलग भाषा के रूप में मान्यता देते हैं। राजस्थानी भाषा राजस्थान राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में भी पढाई जाती है। फिर भी, राजस्थानी भाषा को राष्ट्रीय मान्यता नहीं दी गई है।

# अधेड़ आधी रात को टॉवर पर चढ़ा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती काली बेरी से आगे ढंडियों की ढाणी में आधी रात को एक अधेड़ टॉवर पर चढ़ गया। वह नशे में भी था। उसकी मांग थी कि क्षेत्र में टूटी सडक़ों को ठीक किया जाए। कई बार प्रशासन को अवगत कराया मगर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर उसके टॉवर पर चढऩे की जानकारी पर एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। रात दो बजे के आस पास उसे सकुशल टॉवर से उतार दिया गया।

एसीपी पश्चिम चक्रतर्वी सिंह राठौड़ ने बताया कि रात्रिकालीन गश्त में सूचना आई कि काली बेरी के नजदीक ढंडियों की ढाणी में एक व्यक्ति मोबाइल टॉवर पर चढ़ा हुआ है। इस पर वे वहां पहुंचे। इससे पहले वहां पर प्रतापनगर एसीपी प्रेम धणदे भी आ गई थी। टॉवर पर चढ़े हरचंद नाम के इस शख्स को समझाने का प्रयास किया गया। मगर वह नहीं माना तो पुलिस ने एसडीआएफ मय दमकल को बुलाया। दमकल की सीढिय़ों से बाद में उसे समझाबुझाकर उतारा जा सका।

# पांचना बांध के पानी छोड़ने को लेकर बन रही टकराव के हालात

## हाईकोर्ट ने 8 जुलाई को पांचना के कमांड क्षेत्र में पानी छोड़ने के दिए थे निर्देश

**करौली,** (निसं.)। करौली के पांचना बांध के पानी को नहरो में छोड़ने को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब आपत्तियों का दौर शुरू हुआ है। गत दिन गुडला पांचना संघर्ष समिति ने आपत्ति दर्ज कराते हुए सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया तो वहीं अब मांड क्षेत्र के लोगों ने गंगापुर सिटी विधायक के नेतृत्व में करौली पहुंचकर पांचना का पानी नहरों में छोड़ने की मांग करते हुए विरोध करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करने की बात कही है।

गंगापुर सिटी के विधायक रामकेश मीणा के नेतृत्व में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरगोविंद कटारिया, अब्दुल वहाब खान,फुलवाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच कैलाश, खण्डीप सरपंच किरोड़ी, मेडी सरपंच हरिलाल, बगलाई सरपंच अमर सिंह, रामपुर सरपंच देवी सिंह गुर्जर,श्यारौली सरपंच तेज सिंह,बड़ौदा सरपंच प्रेम सिंह,पूर्व सरपंच रामहेत,राजेंद्र नेता फूलवाड़ा,वजीरपुर सरपंच मुकेश बैरवा, मोहचा सरपंच भरत लाल, जीवली सरपंच पंखी लाल मीणा सहित 50 से अधिक लोगों ने करौली कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस को पांचना बांध के पानी को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 8 जुलाई द्वारा पांचना बांध सिंचाई परियोजना से कमांड एरिया में पानी छोड़ने के आदेश जारी किए गए हैं।

कमांड/ अनकमांड क्षेत्र के किसानों से अपनी मांग एवं आपत्तियां जिला कलेक्टर के माध्यम से मांगी गई है इस संबंध में हमारी मांगे की पांचना बांध का पानी जो कि वर्ष 2006 से सरकार की घोर लापरवाही के कारण पानी रुका हुआ है वह तत्काल कमांड क्षेत्र के किसानों को उपलब्ध करवाया जाए साथ ही वर्ष 2006 से वर्ष 2022 तक बांध का पानी रोकने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए साथ ही कमांड क्षेत्र के प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाया जाए। उन्होंने बताया कि पांचना बांध के पानी को लेकर लोगों में वैमनस्यता बढ़ रही है और टकराव की स्थिति है इसे रोका जाए उन्होंने कहा कि पांचना बांध का निर्माण क्षेत्र तहसील वजीरपुर, गंगापुर, बामनवास, नादौती, तालावड़ा आदि को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करवाने के लिए किया गया था परंतु राजनैतिक रुप से कमजोर पैरवी के कारण आज दिनांक तक इन क्षेत्रों को पेयजल एवं सिंचाई का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया है। पांचना बांध की क्षमता मात्र 2150 एमसीएफटी है जिससे कमांड क्षेत्र की मात्र 10 हजार हेक्टेयर जमीन ही सिंचित हो पाती है इन तहसील की शेष भूमि अनउपजाऊ एवं बंजर पड़ी हुई है।

ऐसी स्थिति में चंबल से पानी लिफ्ट करके पांचना बांध में डाला जाए ताकि कमांड क्षेत्र और आसपास के लोगों को पेयजल एवं सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो सके जो लोग पिछले 16 वर्षों से बांध के पानी को रोके हुए हैं उनके विरुद्ध सरकार सख्त से सख्त कार्यवाही करें।

# कोटपूतली में मास्टर प्लान के नाम पर संरचनाएं हटाने का मामला

## न्यायालय ने दिए थे भूमि अवाप्त कर मुआवजा राशि देने के आदेश



कोटपूतली में प्रशासन ने अतिक्रमण को चिहिन्त कर मौके पर ट्रैक्टर व जेसीबी तैनात किए।

- नगर परिषद् आयुक्त का तुगलकी फरमान, 24 घंटे में संरचनाएं तोड़ने के नोटिस चस्पा किए
- प्रशासन ने 50 से अधिक लोगों को थमाए 107/116 के नोटिस
- नगर परिषद् की कार्यवाही से करीब 500 दुकान व मकान मालिक तथा 700 किराएदार बेघर होने के कगार पर

**कोटपूतली,** (निसं)। कोटपूतली में मास्टर प्लान 2011 के अनुरूप मुख्य सड़कों को चौड़ा करने को लेकर स्थानीय नगर परिषद् प्रशासन ने एक बार फिर बिना भूमि अधिग्रहण किये व मुआवजा राशि तय किये ही संरचनायें ध्वस्त करने को लेकर व्यापारियों के लिए 24 घंटे में संरचनायें हटाने का तुगलकी फरमान जारी किया है।

इसको लेकर नगरपरिषद् प्रशासन ने राजमार्ग से लेकर पुरानी नगर पालिका तिराहा एवं बानसूर रोड से पूतली कट तक सडक को चौडा किये जाने की कार्यवाही को लेकर संरचनाओं पर शुक्रवार सुबह 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए नोटिस भी चस्पा किये है। इसके बाद व्यापारियों व रिहायशी मकान मालिकों में एक बार फिर हड़कम्प मच गया है। जिसको लेकर पुरानी नगर पालिका तिराहे पर प्रभावितों द्वारा धरना प्रदर्शन शुरू किया। वहीं दूसरी ओर शनिवार को प्रस्तावित नगर परिषद् की कार्यवाही के विरोध में व्यापारी एवं सम्पत्ति मालिक लामबंद होते हुए दिखाई दिये। व्यापारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष किशोरी लाल शर्मा, भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना की अगुवाई में बड़ी संख्या में व्यापारीगण धरने पर भी बैठ गये साथ ही नगर परिषद् द्वारा प्रस्तावित कार्यवाही का विरोध भी करने लगे। इस सम्बंध में व्यापारियों ने रैली निकालकर उपखण्ड कार्यालय पहुँचकर तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा को एसडीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद् द्वारा 24 घण्टे में सामान हटाने एवं भवन संरचना हटाने के नोटिस जारी किये गये है जबकि 8 माह पूर्व भी इसी प्रकार तुरन्त खाली करने के नोटिस दिये गये थे। इस संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट में दायर की गई रिट में न्यायालय ने विधिक प्रक्रिया अपनाकर अधिग्रहण करते हुए निर्माण हटाने के निर्देश दिये थे। जबकि जिन लोगों के पट्टे निरस्त किये गये है, उन लोगों से इस सम्बंध में स्थगन आदेश भी लिए हुए है। नगर परिषद् उन सभी पक्षकारों को छोडकर जो निर्माण तोडने पर आमदा है वह विधि संगत नहीं है। बताया जा रहा है कि दोनों मार्गो को क्रमशः 80 व 60 फिट चौड़ा किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि विगत दिसम्बर 2021 में भी उक्त कवायद के चलते आम नोटिस व व्यक्तिगत नोटिस के माध्यम से दोनों मार्गो को चौड़ा करने की कार्यवाही शुरू की गई थी। जिसके विरोध में एक ओर जहाँ धरना प्रदर्शन शुरू हो गया था। वहीं सम्पत्ति मालिकों ने उक्त कार्यवाही को विधि विरूद्ध बताते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में याचिकायें दायर की थी। जिस पर न्यायालय ने नगर परिषद् को व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए 30 दिवस में विस्तृत एवं सकारण आदेश पारित करने व तब तक याचीगण के विरूद्ध कोई कार्यवाही ना करने के निर्देश दिये गये थे। साथ ही नगर परिषद् को मौका एवं दस्तावेजों की जाँच के लिए भी निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में नगर परिषद् ने प्रभावित लोगों को दिये गये नोटिसों के मिले जवाबों व दस्तावेजों के आधार पर कई पट्टे निरस्त भी किये थे। जिसके बाद अब नगर परिषद् द्वारा संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी अनुसार निर्माण हटाने को लेकर नगर परिषद् द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इसको लेकर जेसीबी के साथ-साथ पोकलैण्ड मशीन आदि भी मंगवाई गई है। साथ ही जयपुर से एसटीएफ की एक कम्पनी को भी कोटपूतली भेजा गया है। वहीं कोटपूतली समेत चार थानों का जाप्ता भी मौके पर तैनात रहेगा। आयुक्त फतेह सिंह मीणा ने बताया कि जिन चार लोगों को उच्च न्यायालय द्वारा स्टे दिया गया है। उनके निर्माण छोडकर शेष सभी निर्माण पूर्व निर्धारित चौड़ाई के अनुसार हटाये जायेगें। शुक्रवार को प्रस्तावित कार्यवाही को लेकर एडीएम जगदीश आर्य की अध्यक्षता में एसडीएम ऋषभ मंडल, तहसीलदार सूर्यकांत शर्मा, एएसपी विधा प्रकाश, डीएसपी डॉ. संध्या यादव, एसएचओ सवाई सिंह आदि की बैठक का आयोजन भी हुआ। वहीं पालिका तिराहे पर भारी संख्या में पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा।

स्थानीय प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 50 से अधिक जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों को 107/116 के तहत नोटिस जारी करते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पांबद किया है। थाना प्रभारी सवाई सिंह ने भी नोटिस जारी करते हुए कहा है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस सम्बंध में कोई अफवाह या भ्रामक तथ्य सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाया गया तो उसके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इधर परिषद् की सम्भावित कार्यवाही को देखते हुए शुक्रवार को दिन भर बाजार बंद देखे गये। वहीं शाम होते-होते बडी संख्या में व्यापारीगण स्वयं ही दुकानों से सामान भी खाली करने लगे।

नगर परिषद् की कार्यवाही से करीब 500 दुकान व मकान मालिक तथा 700 किराएदार बेघर होने की कगार पर हैं। अब देखना यह होगा कि आखिर नगरपरिषद् द्वारा की जा रही कार्यवाही शांतिपूर्ण रहेगी या फिर यह दिन कोटपूतली के इतिहास के लिए नया अध्याय बनेगा।

## टाइल्स फैक्ट्री में लगी आग

- आठ दमकलों ने पाया आग पर काबू

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के काजरी रोड पर एमआइए के पास में आई एक टाइल्स फैक्ट्री में गुरूवार की रात को भीषण आग लग गई। आग को काबू करने में तीन घंटे से ज्यादा समय लगा। आठ दमकलों ने मिलकर इस आग पर काबू पाया। देर रात तक एक दमकल की गाड़ी वहां ऐहतियात के तौर पर खड़ी रखी गई। आग से हुए नुकसान का फिलहाल आंक लन नहीं किया जा सका है। दमकल सूत्रों ने बताया कि काजरी रोड पर एमआइए के समीप सोमानी टाइल्स आई है। रात पौने आठ बजे के आस -पास इसमें आग लगने की सूचना मिली। इस पर शास्त्रीनगर से दमकल को भेजा गया। मगर आग की तीव्रता को देखते हुए बाद में नागौरीगेट और बासनी से भी दमकलों को बुलाया गया। फैक्ट्री का मालिक जेडीए मेहता- अर्जुनराज मेहता बताया गया है। आग संभवत : शार्ट सर्किट से लगी थी। दमकल सूत्रों के अनुसार आग से हुए नुकसान के बारे में अभी नहीं बताया गया है। फैक्ट्री में टाइल्स का काम होता है।

# खाद पाने के लिए घंटों लाइन में लगे किसान



पावटा में खाद की रैक पहुंचने पर किसानों की भीड़ उमड़ी।

**पावटा,** (निसं)। उपखंड पावटा के कोऑपरेटिव सहकारी समिति कार्यालय पर यूरिया खाद वितरण की खबर लगते ही किसानों की लंबी कतार लग गई। लोगों की भीड़ को देखते हुए कोऑपरेटिव सहकारी समिति व कृषि विभाग द्वारा लोगों के खडे रहने व गाडी के खडी रहने की जगह को लेकर किले पर खाद वितरण किया गया। जहाँ खाद लेने के लिए किसान घंटों तक लाइन में लगे रहे। पावटा जीएसएस डायरेक्टर नीरज सैन ने बताया कि प्रत्येक किसान को दो बैग यूरिया का वितरण किया गया। जिससे सभी लोगों को पर्याप्त मात्रा में कृषि कार्यों के लिए खाद उपलब्ध हो सके। वही कैलाश चन्द्र यादव व्यवस्थापक ग्राम सेवा सहकारी समिति पावटा ने बताया कि शाहपुरा क्रय विक्रय सहकारी समिति से प्राप्त कुल 800 कट्टों में से 400 कट्टे ग्राम सेवा सहकारी समिति पावटा के कर्मचारियों द्वारा एवं 400 कट्टे क्रय विक्रय सहकारी समिति पावटा के कर्मचारियों द्वारा वितरित किए गए।

# कृषि पर्यवेक्षक ने किसानों से मांगे रुपए, लेने से पहले ही एसीबी ने दबोचा

- पर्यवेक्षक का अन्य मामलों में किसानों से हुआ लेनदेन

**हनुमानगढ़ ,** ((निसं)। ग्राम पंचायत मलवानी के घूसखोर कृषि पर्यवेक्षक की गिरफ्तारी के बाद कई अहम खुलासे हुए हैं। ग्राम पंचायत मलवानी के घूसखोर कृषि पर्यवेक्षक ने इलाके के कुछ अन्य किसानों से भी सम्पर्क किया था। यह जानकारी एसीबी की ओर से अन्य किसानों से हुई पूछताछ के बाद सामने आई है। पूछताछ में अन्य किसानों ने एसीबी को जानकारी दी कि आरोपी कृषि पर्यवेक्षक का उनसे रुपयों का लेन-देन नहीं हुआ था।

परिवादी सतवीर (45) पुत्र हरीराम जाट निवासी रतनपुरा तहसील नोहर की कृषि भूमि मलवानी ग्राम में है। परिवादी ने अपनी कृषि भूमि में डिग्गी निर्माण के लिए ई मित्र नोहर से कृषि विभाग में आवेदन किया था । करीब 10-15 दिन पहले कृषि पर्यवेक्षक दयाराम का परिवादी के पास फोन आया और बताया कि उसने उनका चयन खेत में डिग्गी निर्माण के लिए करवा दिया है। वे मलवानी गांव में आकर उससे मुलाकात करें। इस पर परिवादी सतवीर कृषि पर्यवेक्षक दयाराम के पास गया तो उसने परिवादी से रिश्वत की मांग की। रिश्वत नहीं देने पर उसने फाइल निरस्त करने की धमकी दी। जिसके बाद 20 हजार रुपए देने की बात तय हुई।

एसीबी हनुमानगढ़ के पुलिस निरीक्षक सुभाष ढिल ने बताया कि आरोपी कृषि पर्यवेक्षक दयाराम (55) पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम बरवाली तहसील नोहर भूतपूर्व सैनिक था। वह 2002 में सेवानिवृत्त हुआ था जो 2005 में कृषि पर्यवेक्षक के पद पर तैनात हो गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को आरोपी को एसीबी कोर्ट श्रीगंगानगर में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# हरियाणा रोडवेज की चलती बस पर हवाई फायरिंग व पत्थरो से हमला



पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच की।

**पावटा,** (निसं)। हरियाणा रोडवेज की बस में बैठे लोग तब सहम गए, जब अचानक उन पर दो गाडियों में सवार लोगों ने हवाई फायरिंग व पथराव शुरू कर दिया। दरअसल ओल्ड राव होटल के पास जयपुर से नारनौल जा रही हरियाणा रोडवेज की बस पर फॉर्चुनर व हेरियर गाडी में आए बदमाशों ने हवाई फायरिंग व पथराव कर दिया और मौके से फरार हो गए।

फिलहाल भाबरु, प्रागपुरा पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर बस पर हवाई फायरिंग व पथराव क्यों किया गया था। घटना गुरुवार रात करीब 9.30 बजे की बताई जा रही है । हवाई फायरिंग व पथराव से हरियाणा रोडवेज बस के पीछे का शीशा टूट गया। अचानक हुई घटना से सहमे ड्राइवर-कंडक्टर ने गाडी को तेज गति से चलाकर प्रागपुरा थाने की शरण ली।

हरियाणा रोडवेज के परिचालक गुलशन के अनुसार मनोहरपुर टोल टैक्स से हरियाणा रोडवेज व फॉर्च्यूनर गाडी में सवार लोगों में हरियाणा रोडवेज के साइड दबाने पर विवाद शुरू हुआ था। जिस पर आपस में कहासुनी व हाथापाई के बाद शाहपुरा थाना पुलिस द्वारा राजीनामा करवाने के बाद दोनों को वहा से रवाना कर दिया गया। उसके बाद फॉर्च्यूनर गाडी में सवार लोगों ने अपने साथियों को फोन करके बुलाया हरियाणा रोडवेज का पीछा किया व ओल्ड राव होटल के पास आकर बस पर हवाई फायरिंग व पथराव शुरू कर दिया। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव मय जाप्ता हरियाणा रोडवेज को पुलिस सुरक्षा देते हुए मौके पर ले गए। जहां पर शाहपुरा वृत्ताधिकारी सुरेंद्र सिंह कृष्णीया, शाहपुरा थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह, भाबरु थाना प्रभारी अतर सिंह, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने मौके पर जाकर मौका मुआयना किया।

## दिल का दौरा पड़ने से पर्यटक की मौत

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर शहर के एक नामी तीन सितारा होटल के स्विमिंग पूल में दिल का दौरा पडने से पर्यटक की मौत हो गई। युवक को जवाहर चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित किया। चिकित्सकों ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अनुप कुमार पुत्र प्रताप कुमार 27 वर्ष अपने तीन दोस्तों के साथ जैसलमेर घूमने के लिए आया था जो कि होटल हेरिटेज इन में रुके हुए थे और शुक्रवार दोपहर को अपने दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल में नहाते वक्त अचानक दिल का दौरा पड गया। जिस पर जवाहर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने अनुपकुमार को मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक दोस्त ने बताया कि आज सुबह से ही अनूप के के सीने में दर्द हो रहा था मगर उसे गंभीरता से नहीं लिया और नहाते वक्त अचानक दिल का दौरा पड गया और अनूप की मौत हो गई । दुर्घटना की पुलिस को सूचना दी गई जिस पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एनएच 48 पर जल भराव से आमजन परेशान




राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बारिश मे भरा पानी।

- एनएचआई अधिकारियों व प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी नहीं हो रहा समस्या का समाधान

**पावटा,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बरसात के पानी के भराव व उसकी निकासी नहीं होना एनएचआई अधिकारियों व प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। पावटा में बावडी मोड के पास मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बरसात का पानी जमा होने से राहगीरों, यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पानी निकासी के लिए नाला तो बनवा दिया गया है लेकिन नाले की सफाई नहीं होने के कारण जल निकासी नहीं हो पाती व थोडी सी बारिश से ही सडक पर बरसात का पानी भर जाता है व तालाब का रूप ले लेता है।

ग्रामीण विष्णु शर्मा ने बताया कि राजमार्ग पर बरसातत का पानी भर जाने से आने जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क निर्माण विभाग व प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी वह इसे अनदेखा कर रहे हैं। राजमार्ग पर पानी भरा होने के कारण जगह-जगह बडे-बडे गड्ढे बन गए हैं।

## सोलर प्लांट लगाने के नाम पर ठगी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर देवनगर पुलिस थाना क्षेत्र में शास्त्रीनगर निवासी एक व्यक्ति के साथ सोलर प्लांट लगाने के नाम पर लाखों की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने देवनगर थाने में रिपोर्ट दी है। बुधवार को भी एक प्रकरण नामजद आरोपी के खिलाफ भगत की कोठी थाने में दर्ज हुआ था। देवनगर पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर निवासी राजेंद्र कुमार की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि बोंबे मोटर्स के पास में सोलर प्लांट लगाने का कारोबार करने वाले धर्मेंद्र पंवार ने उससे सोलर प्लांट लगाने के नाम पर रूपए ऐंठ लिए।

## दो ट्रेनों में बढाये डिब्बे

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जितेन्द्र मीणा ने बताया कि गाडी संख्या 20843/ 20844, बिलासपुर-भगत की कोठी रेलसेवा में बिलासपुर से 15 से 30 अगस्त तक तथा भगत की कोठी से 18 अगस्त से 02 सितम्बर तक 01 थर्ड एसी डिब्बे की अस्थाई बढातरी की जा रही है। इसी प्रकार गाडी संख्या 20845/ 20846, बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवा में बिलासपुर से 18 से 27 अगस्त तक तथा बीकानेर से 21 से 30 अगस्त तक 01 थर्ड एसी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

# सुंधामाता तलहटी पर साधु ने की आत्महत्या

## भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी पर लगाया परेशान करने का आरोप



सुंधा माता तलहटी पर साधु के सुसाइड करने के बाद भीड़ ने गिरफ्तारी की मांग की।

- आश्रम में से रास्ता लेने को लेकर चल रहा था विवाद

**रानीवाड़ा/ जसवंतपुरा,** (निसं)। जसवंतपुरा पुलिस थाने के अंतर्गत सुंधा माता तलहटी पर एक आश्रम में शुक्रवार को साधु ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी सहित कुछ और लोगों को आरोपित किया है।

थानाधिकारी मनीष सोनी ने बताया कि तलहटी पर स्थित एक आश्रम में आज सुबह एक साधु जिसका नाम रविनाथ (60) है, उसने पेड पर फंदा लगाकर लटक कर आत्महत्या कर ली है।

पूरे मामले के पीछे जमीन का विवाद सामने आ रहा है। ऐसी जानकारी मिली है कि आश्रम के पीछे भीनमाल विधायक पूराराम सहित कुछ लोगों की जमीन आई हुई है, परंतु डामर सडक से रास्ता नहीं होने एवं साधु के आश्रम में से रास्ता लेने को लेकर विवाद चल रहा है। तीन दिन पहले विधायक पूराराम के व्यक्तियों ने मौके पर पहुंचकर आश्रम में से खाई खोदने का प्रयास किया था। इसी विवाद के चलते साधु रविनाथ ने सुसाइड लिखकर आत्महत्या कर ली है।

घटना सूचना पर जसवंतपुरा थानाधिकारी मनीष सोनी मय जाब्ता मौका स्थल पर पहुंचे व उच्चाधिकारियों को सुचित करने पर जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्रसिंह, भीनमाल उपखण्ड अधिकारी जवाहरराम चौधरी,सांचौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दशरथसिंह, सांचौर उपाधीक्षक रुपसिंह, भीनमाल थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह, करडा थानाधिकारी अमरसिंह सहित भीनमाल जालौर का अतिरिक्त पुलिस जाब्ता घटना स्थल पर पहुंचे व संत के लटकते शव को नीचे उतार कर पोस्ट मार्टम के लिए भेजने की समझाइस की गई । मगर मौके पर उपस्थित सैकडो लोगों ने विधायक एवं सम्मलित लोगों को पहले गिरफ्तार करने के लिये अडे रहे। मौके पर जसवंतपुरा, रानीवाडा व भीनमाल पुलिस थाने का जाब्ता मौजूद है। साधु के भक्तों ने अंतिम संस्कार करने से पूर्व पुलिस के द्वारा जब्त सुसाइड नोट को ओपन करने की मांग की है। आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के बाद अंतिम संस्कार करने की बात की जा रही है।

सांचौर डीएसपी रूप सिंह इंदा सहित पुलिस अधिकारी साधु के भक्तों से समझाइस कर रहे हैं। मौके पर भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। इस मामले में भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी ने बताया कि उसकी खातेदारी जमीन सुंधा माता तलहटी के पास हनुमान आश्रम के पास आई हुई है। जिसे 30 सालों पूर्व खरीदा था। उसमें रिसॉर्ट बनाने की कार्यवाही जारी है। उसकी नियमानुसार पैमाईश की इजाजत तहसीलदार से लेने के बाद कल पटवारी के द्वारा मौके पर जमीन नपवायी थी। हनुमान आश्रम रास्ते के लिए मैंने मेरे खातेदारी में से जमीन छोड़ी है। पुलिस की मौजूदगी भी कल रही। आत्महत्या के मामले की जांच होनी चाहिए। दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। साधु के साथ न्याय होना चाहिए। मुझे तो इसमें हत्या का मामला प्रतीत होता है। हमने तो 2 दिनों से साधु के साथ राजी खुशी खेत को नपवाया था। हमारे बीच में कोई विवाद नहीं था। उनके कहने से मैंने मेरी खातिरदारी में से रास्ते के लिए भूमि छोडी है। जो मौके पर पडी है। मुझे इसमें साजिश लगती है।

जालोर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया की आज सुबह 6 बजे मिली जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। अंतिम संस्कार के लिए आश्रम वालो व भक्तों से समझाइश चल रही है। सुसाइड नोट में क्या है उसका खुलासा नहीं किया जा सकता। जांच प्रभावित हो सकती है। आश्रम से रिपोर्ट आने पर दर्ज कर न्याय दिलाया जायेंगा।

## युवक को धमकाने के लिए बीकानेर में फिर से फायरिंग

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में पिछले एक साल में फायरिंग की अधिकांश घटनाएं जस्सूसर गेट और इसके आस-पास के क्षेत्रों में हो रही हैं । देर रात एक बार फिर यहां पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी फायरिंग हुई, जिसके बाद पुलिस दो संदिग्ध युवकों की तलाश करते हुए धरपकड़ कर रही है। शुक्रवार सुबह तक पुलिस के हाथ कोई नहीं लग पाया।

दरअसल, देर रात जस्सूसर गेट पर पुराने लेन-देन के मामले में हनुमान सोनी को धमकाने के लिए दो युवक आए थे। इन युवकों ने सोनी पर हमला करने की नियत से फायरिंग कर दी। जस्सूसर गेट के ठीक सामने उस वक्त सैकड़ों की संख्या में लोग आ-जा रहे थे। दुकानें खुली थी। ऐसे में वहां भगदड़ मच गई। फायरिंग करके दोनों युवक वहां से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर नयाशहर पुलिस मौके पर पहुंची, बाद में एडिशनल एसपी अमित बुडानिया भी मौके पर आए। मौके से कारतूस, फायरिंग के छर्रे सहित कई सबूत खंगालने के लिए दर्जनभर से ज्यादा पुलिसकर्मी जुटे रहे।

नयाशहर थानाधिकारी गोविन्द सिंह चारण ने बताया कि हनुमान सोनी पर हमले के मामले में विष्णु साध और विक्की की तलाश की जा रही है। ये दोनों अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं।

MAHARAJ VINAYAK GLOBAL UNIVERSITY
(Dhand, Tehsil-Amer, Jaipur Delhi National Highway No. 11C, District-Jaipur, Rajasthan, India-302028
REQUIREMENT
The University requires following teaching faculty for the proposed M.Ed./B.Ed.-M.Ed. integrated programmes:-
(1) Professors (2) Associate Professors
(3) Assistant Professors (4) Tutors
Note:-
(1) Qualification and Experience as per NCTE Regulations.
(2) Salary as per UGC/NCTE and is negotiable.
(3) Eligible Candidates should send CV alongwith all relevant qualification documents & experience certificate on Email I.D. hr@mvgu.ac.in within five (05) days of date of advertisement.
(4) Preference will be given to NET/Ph.D. (Education) Qualified Candidates.
Registrar

## संक्षिप्त

### सुश्री रेखा मीणा ने एसडीएम पद संभाला



रेखा मीणा

**गोविंदगढ/अलवर, (निसं)।** गोविंदगढ उपखंड अधिकारी कार्यालय में उपखंड अधिकारी सुश्री रेखा मीना ने गोविंदगढ ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक से पूर्व शुक्रवार को उपखंड अधिकारी सुश्री रेखा मीणा ने कार्यभार ग्रहण किया जिस पर क्षेत्र के समाजसेवी आजाद खान कासम खान सहित ग्रामवासियों ने साफा एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत सम्मान किया। बैठक में एसडीएम सुश्री रेखा मीना ने समस्त विभागों के अधिकारियों स्थानीय नगर निकाय कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए की स्वाधीनता दिवस को उल्लास और गरिमा पूर्ण रूप से मनाए। वही आयोजन स्थल पर व्यवस्था किए जाने के अलावा देश में 13अगस्त से 15अगस्त तक केंद्र सरकार की ओर से आजादी के 75वे अमृत महोत्सव कार्यक्रम में हर घर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं जाने पर बल दिया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार यादव, अतिरिक्त मुख्य ब्लाक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अकबर खान, चिकित्सा प्रभारी डॉ मंगतूराम चौधरी, श्यामलाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामचरण मीणा, तेजसिंह, विधुत विभाग सहित उपखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

### अभिकर्ता नरेश पंजाबी सम्मानित



नरेश पंजाबी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा श्रीमाधोपुर के प्रबंधक छीतर सिंह निठारवाल एवं एसबीआई गजेंद्र सिंह ने एलआईसी के एजेंट नरेश कुमार पंजाबी को सुपर 51 एवं शाखा में पालिसी आधार पर प्रथम रहने पर शाखा परिसर में उपहार भेंट कर व साफा बांधकर सम्मानित किया गया। पंजाबी की इस उपलब्धि पर अनेकों लोगों ने बधाई दी है।

### अतिक्रमण हटवा मार्ग सुचारू कराया

**बहरोड/नीमराणा, (निसं)।** बहरोड कस्बे से गुजरने वाले तसींग रोड स्टेट हाईवे नंबर 111 पर लंबे समय से चल रहे अतिक्रमण पर राष्ट्रदूत में खबर लगने के बाद प्रशासन तथा स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रोड के बीच गहरे गड्ढे में भरे पानी की वजह से स्थानीय छात्र-छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं तथा सभी स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए बहरोड प्रशासन ने शुक्रवार को अतिक्रमण को हटाते हुए स्टेट हाईवे नंबर 111 को सुचारू करवाया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी सचिन यादव बहरोड के निर्देशानुसार तहसीलदार बहरोड के द्वारा पुलिस प्रशासन, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा पटवारी व कानूनगो आदि संबंधित प्रशासनिक मदद लेते हुए अतिक्रमण हटवाया गया। जल्द ही अवरुद्ध मार्ग की दुर्दशा को ठीक करते हुए डामरीकरण का कार्य किया जाएगा।

### एएनएम सुशीला शर्मा सम्मानित

**फागी, (निसं)।** राजस्थान सरकार के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं टीकाकरण में श्रेष्ठ कार्य करने पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय ने उप स्वास्थ्य गोहंदी एएनएम सुशीला शर्मा को जिला स्तर पर माला पहनाकर, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं 50 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया है। ज्ञात रहे की एएनएम सुशीला शर्मा को पूर्व में भी 2017 व 2018 में भी जिला स्तर पर प्रमाण पत्र व एक लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि मिल चुकी है।

### धर्मराज जाट अध्यक्ष बने

**निवाई, (निसं)।** भाजपा के अरनिया मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। मंडल अध्यक्ष एडवोकेट देवराज गुर्जर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों पर अरनिया मंडल का किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मराज जाट को बनाया गया है। मंडल के प्रवक्ता के रूप में लल्लूलाल सैन, मोतीलाल कसाणा और रामबिलास गुर्जर को कार्यकारिणी में शामिल किया है।

# रसद विभाग ने तीन प्रतिष्ठानों पर छापा मार घरेलू प्रयोग के 23 सिलेंडर जब्त किये



जिला रसद अधिकारी रामभजन मीणा व टीम ने डेयरी चौराहे के पास छापामार कार्यवाही कर व्यावसायिक उपयोग में लिये जा रहे घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर में घरेलू उपयोग के एचपी गैस सिलेण्डरों की बडे पैमाने पर हो रही कालाबाजारी की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के आदेशों पर जिला रसद अधिकारी रामभजन मीणा के नेतृत्व में शुक्रवार को मालपुरा में तीन प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही कर 23 घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डर व एक मोटर पम्प जप्त किया गया।

■ जिला रसद विभाग टीम की छापामार कार्यवाही से मालपुरा में हड़कंप मचा

जिला रसद अधिकारी रामभजन मीणा ने बताया कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डरों का अवैध रूप से उपयोग किये जाने तथा चौपहिया वाहनों में अवैध रूप से घनी आबादी क्षेत्र के बीच मोटरपम्प की सहायता से गैस भरकर अवैध कारोबार की मिली शिकायतों पर शुक्रवार को शहर के डेयरी चौराहे पर सुनिल चौधरी द्वारा मकान के पिछवाडे अवैध रूप से चौपहिया वाहनों में गैस भरने के ठिकाने पर छापामार कार्यवाही कर एक मोटर पम्प व 16 एचपी के घरेलू उपयोग के सिलेण्डर जप्ती की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार बस स्टेण्ड के बाहर सालासर कोटा कचोरी प्रतिष्ठान पर भी छापामार तीन गैस सिलेण्डर जप्त किये गये तो एक अन्य प्रतिष्ठान से चार सिलेण्डर जप्त किये गये। कुल तीन प्रतिष्ठानों पर की गई कार्यवाही में 23 सिलेण्डर जप्त कर स्थानीय वितरक बापू गैस एजेन्सी के प्रतिनिधि बाबूलाल चौधरी को सुपुर्द किया गया। जिला रसद विभाग टीम की औचक छापामार कार्यवाही से शहर में हडकम्प मच गया व सूचना आग की तरह फैल गई। दर्जनों प्रतिष्ठानों पर लगे घरेलू सिलेण्डरों को व्यापारियों ने हटा कर गायब कर दिये तो कई प्रतिष्ठानों को बंद कर ईधर-उधर हो गये।

डेयरी चौराहे पर घनी आबादी के बीच अवैध रूप से वाहनों में गैस भरने के चल रहे गौरखधंधे के ठिकाने पर इतनी बडी संख्या में मिले घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डरों को लेकर जिला रसद अधिकारी ने स्थानीय वितरक के कार्यालय में दस्तावेजों की पडताल की गई। आखिर एक ही प्रतिष्ठान पर इतने सिलेण्डर कहां से आये यह जांच का विषय है। इस कार्यवाही के दौरान ही भनक लगते ही बडोदा राजस्थान ग्रामीण बैंक वाली गली में चल रहे अवैध ठिकाने को बंद कर कारोबारी नौ दो ग्यारह हो गया। टीम में जिला रसद अधिकारी रामभजन मीणा के साथ निवाई प्रवृतक निरीक्षक किर्ति शर्मा व धर्मचन्द अग्रवाल शामिल रहे।

## कैंपर ने बाइक को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के निकट जाल पाली मोड के पास शुक्रवार को एक कैंपर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार तीन व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। गंभीर घायलों को एंबुलेंस की सहायता से श्रीमाधोपुर के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर राजेश मील ने दो गंभीर घायलों को जयपुर रैफर कर दिया।

जानकारी अनुसार घायलों में बजरंग लाल पुत्र कानाराम वर्मा निवासी कैलाश धींगपुर, कमलेश कुमार सैनी पुत्र फूलचंद सैनी निवासी आभावास तथा महावीर प्रसाद रणवा पुत्र गोपाल रणवा निवासी सांवलपुरा अलौदा खाटूश्याम जी निवासी हैं। तीनों बाइक पर सवार होकर ढालियावास श्रीमाधोपुर से अपने घर जा रहे थे तभी जाल पाली मोड के पास एक कैंपर ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर घायल हो गए। घायल महावीर प्रसाद ने बताया कि ठेकेदार कमलेश कुमार के साथ ढाल्यावास मंदिर में आरसीसी का कार्य कर रहे थे। बरसात होने से काम छोडकर घर जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया। कमलेश सैनी व बजरंग लाल को जयपुर रैफर कर दिया। वही महावीर प्रसाद का स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## जितनी ज्यादा हरियाली होगी, वातावरण उतना अधिक स्वच्छ होगा : डॉ. लवलीना



प्राचार्य डॉ लवलीना व्यास ने एक पौधा धरती के नाम वृक्षारोपण अभियान शुरू किया।

**अलवर, (निसं)।** एक पौधा धरती के नाम वृक्षारोपण अभियान की एक सार्थक पहल शुक्रवार को हरियाला कॉलेज बाबू शोभाराम अलवर की ओर से की गई। प्राचार्य डॉ लवलीना व्यास, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना गौतम, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुंदर बसवाल, डॉ सुरेंद्र चौधरी एवं छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. लवलीना व्यास ने बताया कि जितनी ज्यादा हरियाली विकसित होगी, वातावरण उतना ही अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ होगा। इसी उद्देश्य को लेकर वृक्षारोपण के प्रति विद्यार्थियों को शुद्ध वायु, आक्सीजन की महत्ता को समझाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र सलीम, साजिद, गुलाब, मोनू, सूरज, मनोज, राशिद कादिर, छात्राओं के साथ संकाय सदस्यों की भी सहभागि रही।

## समय सिंह की पुण्यतिथि मनाई

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में संचालित फुलेरा खेल गुरु पुरस्कार समिति के तत्वावधान में खेलगुरु स्व. समय सिंह की उनकी धर्मपत्नी रमीला देवी के सानिध्य में उनके निवास स्थान पर पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान खेलगुरु के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समिति के सन्तोष कुमार स्वामी ने गुरू समय सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरुदेव जीवन के अंतिम समय तक फुलेरा के लोगो मे खेल, व्ययाम एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में शरीक रहे साथ ही इनमें अठाणी रहकर मार्गदर्शन करते रहे। इस दौरान उदय सिंह, प्रेमवीर सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मुकेश पारीक, संदीप जैन, दिनेश गुर्जर, नितिन शर्मा, भूपेन्द्र शर्मा, मिन्टू जांगिड, मनीष वार्ष्णेय, रजनीश वार्ष्णेय, प्रवीण वर्मा, दिलीप, बाबूलाल अजमेरा, शिवचरण सैनी सहित अन्य उपस्तिथ रहे।

# मोबाइल छीनकर ले जाने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर में राह चलते लोगों के हाथ से मोबाइल छीनकर ले जाने वाले गिरोह के चार बदमाशों को अरावली विहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चार में से दो युवक खेडली, एक सकट व चौथा दौसा का है। सकट का युवक अलवर शहर में सोनावा डूंगरी पर कमरा किराए पर लेकर रहता था। ये दिन में कमरे पर रहते हैं। शाम के समय सुनसान जगहों की तरफ निकलते हैं। कोई मोबाइल पर बात करता दिखता उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग जाते हैं। ऐसी करीब 1 दर्जन से ज्यादा वारदात का खुलासा हुआ है।

पुलिस के पास मोबाइल स्नैचर करने की कई शिकायतें आ चुकी थी। जब ये युवक एक अगस्त को वारदात करने निकले तो पुलिस को खबर लगी। बाद में चारों को गिरफ्तार कर लिया।

■ अलवर शहर में एक दर्जन से ज्यादा मोबाइल छीनने की वारदात कबूली

इनके पास से मोबाइल, बाइक, सहित कई तरह का सामान जब्त किया है। इससे पहले 13 फरवरी 2022 को सकट निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि वह लाइब्रेरी से स्कीम आठ में किराए के कमरे पर जा रहा था। फोन पर बाते करते समय बाइक पर आए युवक छीन ले गए। इसी तरह 24 मई को शारदा सैनी ने रिपोर्ट दी कि मिलिट्री हॉस्पिटल से वह घर जा रही थी। रास्ते में बाइक पर बदमाश मोबाइल छीन ले गए।

जब कोई व्यक्ति मोबाइल पर बात कर रहा होता है तब वारदात करते हैं। मुंह पर हैलमेट या मास्क होता है। सोलंकी हॉस्पिटल के पास, दो बार मनुमार्ग रोड पर, काला कुआं, आर्य भट्ट कांचिंग रोड, स्कीम 8, बाल भारती स्कूल के पास, दक्ष हॉस्पिटल के पास, विवेकानंद अलवर, मोती डूंगरी के पास से, एसएमडी सर्किल के आसपास से 4 बार, मन्त्री का बड सहित कई अन्य जगहों पर मोबाइल छीन कर ले जाने की वारदातें की हैं।

उदय सिंह मीना पुत्र विजयराम मीना निवासी उम्र 23 साल निवासी सकट टहला राजगढ, हिरओम मीना पुत्र जगदीश मीना उम्र 23 साल निवासी कंचन का बास सालवाडी खेडली,हितेश कुमार मीना, शिंभू मीना उम्र 21 साल सालवाडी खेडली व राजकुमार मीना पुत्र शिवराम मीना उम्र 22 साल, बाजार पट्टी हुडला दौसा हैं।

## राजगढ़ भाजपा मंडल की संगठनात्मक बैठक आयोजित

**राजगढ, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल राजगढ की संगठनात्मक बैठक कस्बे के निजी गार्डन में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राहुल दीक्षित ने की। मंडल महामंत्री अजय यादव ने बताया की अरुण चतुर्वेदी ने संगठनात्मक मुद्दों के साथ मंडल की गतिविधियों की जानकारी ली। चतुर्वेदी ने बताया की देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। जिसमें हर घर तिरंगा अभियान चलाकर हर घर पर तिरंगा फहराना है। आगामी दिनों में राज सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ उपखंड स्तर पर बडा आंदोलन करना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष संजय सिंह नरूका, जिला प्रभारी विष्णु चेतावनी,नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया रहे। इससे पूर्व अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारत माता के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता विजय समर्थ लाल मीणा, सुनीता मीणा, जिला महामंत्री शिवलाल मीणा, रामावतार चौधरी, पवन जैन, प्रेमनाथ धामाणी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सैनी, अशोक बजाज, मंडल उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह, सीमा विजय, दिनेश सेन, सुरजीत सिंह, ज्योति सचदेवा, शक्ति केंद्र संयोजक प्रदीप शर्मा, लोकेश रावत, जितेंद्र सैनी, मनोज शर्मा, प्रेम नारायण मीणा, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक खंडेलवाल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जगदीश सैनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू दयाल सैनी, पार्षद रूप नारायण मीणा, धर्म चंद सैनी, प्रीति शर्मा, सुनीता प्रजापत आदि अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने तिरंगा यात्रा निकाली

**किशनगढबास, (निसं)।** अमृत महोत्सव के तहत भाजपा की ओर से हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष महामंत्री चेयरमैन वाइस चेयरमैन पार्षद पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।भाजपा मंडल महामंत्री मनोज मित्तल ने बताया कि शुक्रवार को अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा तथा तिरंगा यात्रा को लेकर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव की मौजूदगी में कोटकासिम किशनगढबास खैरथल हरसोली मोठूका मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री व चेयरमैन किशनगढबास खैरथल सहित पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 13 से 15 अगस्त तक पार्टी की ओर से तय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। दूसरी ओर व्यापारियों ने मुख्य बाजार से तोप सर्किल होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में राजा मालानी हिमांशु गुप्ता वेद प्रकाश लखानी ताराचंद बत्रा धर्मेंद्र हरवानी गोल्डी कामदार नरेंद्र चावंडिया सहित अनेक व्यापारी गण मौजूद रहे।

# बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेसियों ने धरना दिया

**टोंक, (निसं)।** आसमान छूती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने गांधी पार्क टोंक में धरना दिया गया।

धरने के पश्चात् घंटाघर चौराहे तक पैदल मार्च निकाल कर केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन किया गया साथ ही

■ पैदल मार्च निकाल केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन

सामूहिक रूप से गिरफ्तारियां दी गई। पूर्व जिलाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, शिवजीराम मीणा, निवाई ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, टोडा. ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक, अलका बैरवा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आतीफ नकवी, मणिन्द्र बैरवा, राशन विक्रेता संघ के मोहम्मद शकील, प्रदीप पारीक, अहसान बाबा, मासूम अली, जर्रार खान आदि ने केन्द्र सरकार की जन विरोधी दमनकारी नीतियों के संबंध में धरने को सम्बोधित किया। जिला प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि कैलाषी देवी मीणा, आदि मौजूद रहे।



टोंक ब्लॉक महामंत्री अहसान बाबा, महासचिव हंसराज गाता आदि ने सामूहिक रूप से गिरफ्तारियां दी।

## सार-समाचार

### पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड कि यूनिट कोटपूतली सीमेंट वर्क्स के अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन परिसर में पर्यावरण संरक्षण अभियान के अर्न्तगत पौधा वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एडीएम जगदीश आर्य ने कहा कि अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा निरन्तर पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है जो बहुत ही सराहनीय कार्य हैं। विशिष्ठ अतिथि ईकाई प्रमुख नीतिन दुराफे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में पौधे लगाने चाहिए। इस वर्ष 4500 से 5000 पौधों का वितरण किया जायेगा। अतिथियों का कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। संचालन सीएसआर मैनेजर संजीव कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष तकनीकी रवि कुमार, सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह, प्रबीर चटोपाध्याय, हरिश विजयवर्गीय, प्रवीन पाण्ड्या, हेमन्त श्रीवास्तव, निखिल कुमार, गिरवर लाल मीणा, रविन्द्र जैन, ट्रस्ट के देशराज कसाना, अशोक सुरेलिया, विजय यादव, प्रधानाचार्य अशोक कुमार सुरेला, महावीर प्रसाद यादव, पुरण कसाना, व्याख्याता धर्मपाल यादव, कैलाश यादव, सतीश यादव, रेणु देवी, सुशीला देवी आदि मौजूद रहे।

### एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिये

**अलवर, (निसं)।** (डीएसएमएम) के प्रदेश सह संयोजक डॉ रमेश बैरवा एवं जिला संयोजक एडवोकेट बीएल वर्मा के नेतृत्व में एसपी अलवर को शुक्रवार को ज्ञापन देकर कठूमर तहसील के थाना खेडली के गांव दांतियां के अनुसूचित जाति के तारा खटीक पर जानलेवा हमला एवं जाति उत्पीडन मामले में कानूनी कार्यवाही की मांग के लिए ज्ञापन दिया। इस पर संज्ञान लेकर एसपी ने खेडली थानाधिकारी को तुरंत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिएं। पीडित तारा खटीक के पिताजी गुडयाराम एवं अन्य परिवारजन, डीएसएमएम जिला सहसंयोजक एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव, एडवोकेट बनवारी मिमरोठ, अनिल खींची, निकेश, हरिओम, अतुल, निखिल, कुलदीप, रोबिन, सागर, प्रहलाद, ऋषभ, प्रदीप, गोपेश, मोनू, विष्णु, भुवनेश, एडवोकेट शब्बीर खान आदि शामिल रहे। ज्ञापन में लिखा कि कठूमर तहसील के खेडली थाना के गांव दांतिया के अनुसूचित जाति के व्यक्ति तारा खटीक उम्र 24 साल की गांव के दबंगों द्वारा बेरहमी से पिटाई कर जानलेवा हमला किया गया है लेकिन खेडली थाने की पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। पीडित और उसका परिवार डर के साए में है।

### शाहरुख हत्याकांड के दो आरोपी पकड़े

**टोंक (निसं)।** शाहरुख हत्याकांड में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फरार 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मृतक शाहरुख को शुक्रवार को सुबह कडी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सुपूर्दे खाक कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में शाहरुख पुत्र इस्लाम 25 साल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए थे। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी की अगुवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, कोतवाल जितेन्द्रसिंह आदि की गठित टीम ने तत्परता दिखाते हुए फरार हुए 2 आरोपी शादाब व जहीर अहमद को तलाश कर दबोच कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी से मृतक के परिजनो में व्याप्त आक्रोश कम हुआ है। मृतक शाहरुख का शुक्रवार को सुबह परिजनो ने कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

### वेद प्रकाश उपाध्याय का अभिनंदन

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय के लालसोट आगमन पर ब्राहमण समाज द्वारा भव्य स्वागत कर सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। भगवान श्री परशुराम मंदिर लालसोट में आयोजित सम्मान समारोह में ब्राह्मण समाज द्वारा विप्र फाउंडेशन के प्रदेश संगठन मंत्री शांतनु पाराशर, सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, युवा मंच के जिलाध्यक्ष आकाश भारद्वाज, महामंत्री मुरली गौत्तम, जिला प्रवक्ता चेतन शर्मा, मीडिया प्रभारी अजय गौतम सहित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण, दुपट्टा व साफा बंधवा कर भव्य स्वागत किया गया..इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन लालसोट के संरक्षक पुरुषोत्तम जोशी नगर अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी उपाध्यक्ष विनीत बोहरा , संजय उपाध्याय , राजेंद्र डोब, विनीत उपाध्याय, सुरेश सेडूलाई, मुकेश डोब, अवधेश जैमिनि, गोपाल बोहरा, गिर्राज सेडूलाई, राधामोहन मिश्रा, रमेश पंडा, महेश चांदपुर, मनोज डोब, महेश प्रहलादपुरा, ऋषि बावला नीरु वेष्णव, पं कल्याण शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सियाराम शर्मा सहित कई बंधु उपस्थित रहे।

### लाखों की चोरी का नहीं लगा सुराग

**सांभरझील, (निसं)।** यहां रेलवे स्टेशन मार्ग (नीम रोड) टेलीफोन एक्सचेंज के सामने, हनुमान नगर में रहने वाले पदमेश कुमार ठोलिया पुत्र स्वर्गीय जिनेन्द्र कुमार ठोलिया के निजी आवास पर 31 जुलाई की मध्यरात्रि को लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण व एक लाख साठ हजार रूपये की चोरी का छह दिन बाद भी पुलिस के हाथ को कोई सुराग नहीं लग सका है। इतनी बडी चोरी के बाद परिवार के लोग काफी सदमें में है। पीड़ित पदमेश ठोलिया के अनुसार 31 जुलाई को रात 9 बजे परिवार सहित घर पर ताला लगाकर पुष्कर-अजमेर गये थे, उसी दिन रात्रि करीब 12.45 पर जब वापस लौटे तो मेनगेट का ताला टूटा हुआ मिला। पूरे मकान की लाईट जल रही थी, घर के मुख्य दो कमरों का सामान बिखरा हुआ था और जिन आलमारियों में सोने-चांदी के आभूषण व चांदी के बर्तन व नगदी एक लाख साठ हजार रूपये थे पर अज्ञात चोर हाथ साफ कर गये। पदमेश ने बताया कि उनकी माताजी पिछले हफ्ते से तीर्थ यात्रा पर गयी हुयी है, उनके आने के बाद जो उनकी जानकारी में है कितने जेवरात चोरी गये है बता सकती है, फिलहाल अनुमानतः करीब 10 लाख के सोने-चांदी के आभूषण व बर्तन चोरी चले गये है।

### कबड्डी प्रतियोगिता में पांच खिलाड़ियों का चयन

**निवाई, (निसं)।** 48वीं राजस्थान राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 2022 अलवर शहर में आयोजित हो रही है जिसमे टोंक जिले की टीम में ग्राम पंचायत हिगोनिया बुजुर्ग की 5 खिलाडियों का चयन हुआ है। खिलाडी मनीषा गुर्जर, हंसा मीणा, चेतना बैरवा सोनू स्वामी और मनीषा गूर्जर टोंक जिले की टीम में भाग ले रही है। टोंक कबड्डी संघ के सचिव एवं कोच अब्दुल नकवी एवं हिंगोनिया विद्यालय के शारीरिक शिक्षक के साथ अलवर रवाना हुई।

## विधायक ने जनसमस्याएं सुनी

**अलवर, (निसं)।** विधायक बाबूलाल बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भनोकर और टीला का बास में जनसमस्याएं सुनी और अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर गांववासियों ने बिजली, पानी, सडक सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक का स्वागत किया। इस मौके पर निजी सचिव वीरु बैरवा, मत्सय कॉलेज के निदेशक नंदकिशोर मीणा, बच्चूसिंह नरूका, हरीराम मास्टर, समाजसेवी प्रहलाद जाटव, उपसरपंच विजेन्द्र मीणा, सुनिल मीणा, संतोष कैरव, जयराम बैरवा आदि मौजूद रहे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

ई - निविदा सं. : ईएल/टीआरडी/जेपी/04-आर/2022-23/टीएफ दिनांक : 04.08.2022

व.मं.बि.इंजी.(टीआरडी), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। एनआईटी संख्या : ईएल/टीआरडी /जेपी /04-आर/2022-23. कार्य का नाम : टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विथ कॉमन लूप लाईन एट गहलोता, साखून एण्ड गेगल आखरी स्टेशन इन फूलेरा-मदार सेक्शन ऑफ जयपुर डिविजन। अनुमानित लागत (रु) : 80,91,337.60. बिड सिक्युरिटि राशि (रु) : 1,61,800.00. निविदा खोलने की तिथि : 26.08.2022. नोट : ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15:00बजे तक। ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15:00बजे बाद। सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 607-AK/22

हमें /NWRailways पर फॉलो करें



**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक - एफ-13 ( ) उपा.आयो-II/ननिज/2022/236 दिनांक:- 02-8-22

मूल भूखण्ड सं. 54, स्कीम नम्बर 13, मुरलीपुरा ( म्युचुअल गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड ) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा श्रीमती सरला देवी बियाणी पत्नी श्री हरि प्रसाद बियाणी के नाम से क्षेत्रफल 222.22 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र ( अण्डरटेकिंग ), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटोप्रति, पंजीकृत विक्रय पत्रों की फोटोप्रति एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति के आधार पर उक्त भूखण्ड का उपविभाजन पश्चात नाम हस्तान्तरण किया जाना है। नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा श्री मनीष कुमार मोदी पुत्र श्री कल्याण मल के पक्ष में उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 222.22 वर्गगज में से दक्षिणी भाग का क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज का उपविभाजन पश्चात नाम हस्तान्तरण किया जाना है। इस उपविभाजन पश्चात नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति: संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय ( उपायुक्त, आयोजना द्वितीय ) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। -उपायुक्त ( आयोजना द्वितीय ) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर



हम उभरती हुई टीम हैं जिससे प्रक्रियायें और योजनायें बदलेंगी। हम टीम से सर्वश्रेष्ठ कराने की कोशिश कर रहे हैं।
- रमेश पोवार

महिला क्रिकेट टीम के कोच, टीम के बारे में।




**आज का खिलाड़ी**



### राफेल नडाल

स्पेनिश स्टार रफेल नडाल ने पेट की चोट के कारण शुक्रवार को मांट्रियल में होने वाले आगामी हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। इसी पेट की चोट के कारण उन्हें विम्बलडन में सेमीफाइनल से पहले ही हटने का फैसला करना पड़ा था। नडाल मांट्रियल में पांच बार के चैम्पियन हैं। नडाल ने एक बयान में कहा, ''अपने डॉक्टर से बात करने के बाद हमने प्रतिस्पर्धा शुरू करने से पहले कुछ और दिन का आराम लेने का फैसला किया। ड्रा में नडाल की जगह अमेरिकी खिलाड़ी मैकेंजी मैकडोनल्ड लेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# बैडमिंटन : सिंधु, श्रीकांत संग त्रिशा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में

बर्मिंघम, 5 अगस्त। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को महिला एवं पुरुष एकल के क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी, जबकि त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीनाथ की जोड़ी महिला युगल क्वार्टरफाइनल में कदम रखा।

गोल्डकोस्ट 2018 खेलों की रजत पदक विजेता सिंधु ने शीर्ष-16 मैच में युगांडा की हसीना कोबुगाबे को 21-10, 21-9 के सीधे गेमों में मात दी। दूसरी ओर, थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीकांत ने प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में श्रीलंका के दुमिंदु आबेविक्रम को 21-9, 21-12 से हराया। इससे पहले, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मौरिशियस की जेमिमाह लियुंग फोर सांग और गणेशा मुंगराह को मात देकर शीर्ष-8 में कदम रखा था। त्रिशा-गायत्री की जोड़ी ने जेमिमाह-गणेशा को आसानी के साथ 21-2, 21-4 से हराया था।

## पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में शरत-साथियान, सनिल-हरमीत

बर्मिंघम, 5 अगस्त। अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानसेकरन की पुरुष युगल जोड़ी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को बांग्लादेश के बॉम और रिदॉय को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। शरत-साथियान की जोड़ी ने बांग्लादेशी प्रतिद्वंदियों को 11-6, 11-1, 11-4 के सीधे गेमों में मात दी। दूसरी ओर, सनिल शेट्टी और हरमीत देसाई की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के डिलन चेंबर्स और शिन यान को 3-1 से हराकर शीर्ष-4 में जगह बनायी। भारतीय जोड़ी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदियों को 11-3, 9-11,11-9, 11-7 से शिकस्त दी।

## पुरुष 400 मीटर रिले के फाइनल में

बर्मिंघम, 5 अगस्त। भारतीय पुरुष 4400 मीटर रिले टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। मोहम्मद अनस यहिया, नूह निर्मल टॉम, मोहम्मद अजमल और अमोज जेकब की भारतीय टीम 3:06.97 के समय के साथ हीट-2 में दूसरे और कुल छठे स्थान पर रही। शीर्ष आठ टीमों ने फाइनल में जगह बनायी। भारतीय टीम अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्वर्ण पदक की दावेदारी पेश करेगी। इसी बीच, महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में ज्योति याराजी हीट-2 में 13.18 सेकंड में चौथे स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए एक स्थान से चूक गईं। वह क्वालीफाइंग दौर में कुल 17 में से 10वें स्थान पर रही। साथ ही, एंसी सोजन 6.25 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ क्वालीफिकेशन में कुल 13वें स्थान पर रहीं और महिलाओं की लंबी कूद के फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। उल्लेखनीय है कि फाइनल में पहुंचने के लिये 6.75 मीटर के निशान को पार करना था या शीर्ष 12 में जगह बनानी थी।

## महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में मनिका, श्रीजा

बर्मिंघम, 5 अगस्त। भारत की शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। गोल्डकोस्ट 2018 खेलों की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका ने शीर्ष-16 मैच में ऑस्ट्रेलिया की मिन्हयुंग जी को 11-4, 11-8, 11-6, 12-10 के सीधे गेमों में मात दी। दूसरी ओर, श्रीजा ने वेल्स की अपनी प्रतिद्वंदी शारलेट कैरी को नाटकीय मैच में 4-3 से मात दी। राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा ने सात गेमों के मैच में कैरी को 8-11, 11-7, 12-14, 9-11, 11-4, 15-13, 12-10 से हराया। पहले चार में से तीन गेम हारकर श्रीजा दबाव में थीं, लेकिन उन्होंने अगले तीन गेमों में शानदार वापसी करते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। इसी बीच, रीथ टेनिसन को शीर्ष-16 राउंड में मलेशिया की टी फेंग के हाथों 4-1 से हार मिली। फेंग ने पांच गेमों के मैच में टेनिसन को 11-2, 11-4, 9-11, 11-3, 11-4 से हराया।

राष्ट्रमंडल खेल

## स्पीकर गिरने के बाद रुकी कुश्ती प्रतियोगिता

बर्मिंघम, 5 अगस्त। ब्रिटेन के बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को एक शर्मनाक घटना पेश आयी जब कुश्ती के पहले सत्र के दौरान छत पर लगा एक स्पीकर गिर गया और बाउट रोकने पड़े। इसके बाद दर्शकों को हॉल खाली करने के निर्देश दिये गये। बर्मिंघम 2022 के आठवें दिन शुरू हुई कुश्ती प्रतियोगिता में पांच बाउट ही पूरे हुए थे कि छत पर लगा स्पीकर मैट चेयरमैन के पास आ गिरा। यह घटना भारतीय पहलवान दीपक पूनिया के बाउट के ठीक बाद हुई। स्पीकर गिरने के बाद आयोजकों ने पूरे परिसर की जांच के आदेश दिये, और प्रतियोगिता को स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:45 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 5:15 बजे) पुनः शुरू किया गया। एक कोच ने घटना के बारे में कहा, ''सभी सुरक्षित हैं। आयोजक किसी अवांछित घटना से बचने के लिये पूरी व्यवस्था की जांच कर रहे हैं।''

# यह पेरिस ओलंपिक के बड़े लक्ष्य के लिए छोटा सा कदम है : श्रीशंकर



बर्मिंघम, 5 अगस्त। राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक कर रजत पदक से संतोष करने वाले भारतीय एथलीट मुरली श्रीशंकर ने कहा कि यह अधिक से अधिक सफलता हासिल करने की उनकी भूख की शुरुआत मात्र है।

लंबे कद के इस एथलीट के लिए पदक जीतना आसान नहीं रहा क्योंकि तीसरे प्रयास में बाद 7.84 मीटर कूद लगाकर छठे स्थान पर खिसक गए थे। इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और चौथे प्रयास में 8.08 मीटर कूद लगाई जिससे वह ऐतिहासिक रजत पदक हासिल करने में सफल रहे। श्रीशंकर ने कहा, ''मैं वैश्विक प्रतियोगिताओं में लंबे समय से पदक का इंतजार कर रहा था। मैं विश्व इनडोर और विश्व आउटडोर प्रतियोगिताओं में सातवें, विश्व जूनियर में छठे, एशियाई इंडोर में चौथे और एशियाई खेलों में छठे स्थान पर रहा था।'' उन्होंने कहा, ''हर बार मैं पदक से वंचित रह जाता इसलिए यहां रजत पदक जीतकर मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। मैं विश्व स्तर की प्रतियोगिता में पदक के लिए वास्तव में लंबे समय से इंतजार कर रहा था। यह पेरिस ओलंपिक 2024 के बड़े लक्ष्य के लिए मेरा छोटा सा कदम है। मेरी निगाहें अब पेरिस ओलंपिक पर टिकी हैं।''

श्रीशंकर ने कहा, ''हर एथलीट इस दौर से गुज़रा है। (वर्तमान ओलंपिक चैंपियन) मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने यूनान में मुझसे कहा कि वह भी कई बार छठे और सातवें स्थान पर आए हैं और फिर उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। यह कदम दर कदम आगे बढ़ने की प्रक्रिया है।'' श्रीशंकर ने राष्ट्रमंडल खेलों की लंबी कूद में 44 साल बाद भारत को पदक दिलाया। उनसे पहले 1978 में सुरेश बाबू ने कांस्य पदक जीता था। वह बाबू, अंजू बॉबी जॉर्ज (2002 में मैनचेस्टर खेलों में कांस्य), और एमए प्रजुषा (2010 में नयी दिल्ली खेलों में रजत) के बाद इन खेलों में लंबी कूद में पदक जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं।

# नदीम ने नीरज चोपड़ा से दोस्ती पर कहा, हम प्रतिद्वंद्वी नहीं, 'भाला फेंक परिवार' का हिस्सा है : नदीम

बर्मिंघम, 5 अगस्त। पाकिस्तान के भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम का कहना है कि उन्हें यहां राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की कमी महसूस होगी क्योंकि वे 'एक' परिवार का हिस्सा हैं।

नीरज ने पिछले महीने विश्व चैम्पियनशिप में 88.13 मीटर के थ्रो से ऐतिहासिक रजत पदक जीता था जिसमें अरशद पांचवें स्थान पर रहे थे, हालांकि वह फाइनल्स के लिये क्वालीफाई करने वाले पहले पाकिस्तानी बने थे।

नीरज ने 'ग्रोइन स्ट्रेन' के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया जबकि अरशद के ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स के साथ पोडियम पर रहने की उम्मीद है। पीटर्स स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार हैं जिन्होंने हाल में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। अरशद ने पीटीआई से कहा, ''नीरज भाई मेरा भाई है। मुझे यहां उसकी कमी खल रही है। अल्लाह उन्हें स्वस्थ रखे और मुझे जल्द उनके साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिले। भारत-पाक प्रतिद्वंद्वियों के बीच यह 'भाईचारा' 2016 में गुवाहाटी में हुए दक्षिण एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के दौरान शुरू हुआ।

चार साल पहले जब एशियाई खेलों में नीरज ने स्वर्ण पदक जीता तो अरशद ने कांस्य पदक प्राप्त किया था। तब इस भारतीय ने पाकिस्तानी खिलाड़ी के प्रति गर्मजोशी नहीं दिखायी थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। अरशद ने कहा, ''वह अच्छा इंसान है। शुरू में आप थोड़ा 'रिजर्व' रहते हो। जब आप एक दूसरे को जानने लगते हो तो आप खुलने लगते हो।

उन्होंने कहा, ''हमारे बीच बहुत अच्छी मित्रता है। मैं उम्मीद करता हूं कि वह भारत के लिये प्रदर्शन करना जारी रखे और मैं अपने देश के लिये अच्छा करता रहूं। हम दोनों ने प्रभावित किया है। हम एक परिवार की तरह हैं। अरशद का विश्व चैम्पियनशिप में पांचवें स्थान पर रहना अच्छा प्रदर्शन कहा जा सकता है क्योंकि उन्होंने 2020 तोक्यो ओलंपिक के बाद चोट से वापसी की है। उन्हें अब भी यह कोहनी की चोट है।

पच्चीस साल के इस एथलीट ने कहा, ''तोक्यो ओलंपिक के बाद मैंने लंबे अंतराल के बाद विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया, मैं अपने खेल के बारे में अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे अब भी कोहनी में चोट है और इसका उपचार चल रहा है। ''

नीरज के ओलंपिक स्वर्ण पदक ने उन्हें पूरे देश की नजरों में रातों रात स्टार बना दिया। अरशद को वहां तक पहुंचने के लिये लंबा सफर तय करना है लेकिन उनका कहना है कि उन्हें अपनी सरकार से भी काफी समर्थन मिल रहा है। अरशद ने कहा, ''जिस तरह से नीरज भाई को आपके देश में शोहरत मिल रही है, मुझे अपनी सरकार और लोगों से काफी समर्थन मिला है। मैं इसके लिये शुक्रगुजार हूं।

## भविना ने फाइनल में पहुंचकर पदक सुनिश्चित किया

बर्मिंघम, 5 अगस्त। भारत की पैरा टेबल-टेनिस खिलाड़ी भविना पटेल ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शुक्रवार को महिला एकल क्लास 3-5 के फाइनल में पहुंचकर भारत के लिये पदक सुनिश्चित किया। पहली बार राष्ट्रमंडल खेल में भाग ले रही भविना ने सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड की स्यू बेली को तीन गेमों के मैच में 11-6, 11-6, 11-6 से हराया। भविना इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक खेल 2020 में रजत पदक जीत चुकी हैं।

## लाहिड़ी की विंडहम चैम्पियनशिप में अच्छी शुरुआत

ग्रीन्सबोरो (उत्तरी कैरोलिना), 5 अगस्त। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने विंडहम चैंपियनशिप के पहले दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की। लाहिड़ी ने छह बर्डी की लेकिन इस बीच वह दो बोगी भी कर बैठे। इनमें से एक बोगी उन्होंने 18वें और अंतिम होल में की। पहले दौर के बाद लाहिड़ी 14वें स्थान पर हैं।

जान हूह ने पहले दौर में नौ अंडर 61 का स्कोर बनाया जिसमें सात बर्डी और एक ईगल शामिल है। पहले दौर के बाद शीर्ष पर काबिज हैं। लाहिड़ी ने कुछ अच्छे मौके गंवाये। उन्होंने पहले, पांचवें और छठे होल में बर्डी बनायी लेकिन इस बीच तीसरे होल में उन्होंने अपना शॉट गंवाया। इसके बाद उन्होंने 12वें, 14वें और 15वें होल में बर्डी बनायी लेकिन 18वें होल में फिर से बोगी कर बैठे।

# श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत, अय्यर के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

फोर्ट लॉडरहिल (फ्लोरिडा), 5 अगस्त। भारत यहां लगातार दिन होने वाले चौथे और पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीतने और इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा।

शनिवार और रविवार को होने वाले इन मैचों में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी नजर होगी जिनके लिए टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाना मुश्किल बनता जा रहा है।

भारत अभी पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है और वह अमेरिकी दर्शकों के सामने आखिरी दो मैच जीतकर इसे अपने नाम करना चाहेगा। भारत की वर्तमान टीम में जिस एक खिलाड़ी पर सभी की नजर टिकी रहेगी वह श्रेयस अय्यर है। दीपक हुड्डा ने मौकों का अच्छा फायदा उठाया है और ऐसे में मध्यक्रम में अय्यर के लिए जगह बनाना मुश्किल होता जा रहा है।

एशिया कप के लिए केएल राहुल और विराट कोहली की टीम में वापसी तय है और ऐसे में अय्यर को बाहर बैठना पड़ सकता है। उन्होंने अब तक तीन मैचों में शून्य, 11 और 24 रन बनाये हैं और वह तेज गेंदबाजों की उठती गेंदों के सामने असहज नजर आते हैं। जब से राहुल द्रविड़ कोच बने हैं तब से किसी भी खिलाड़ी को पर्याप्त मौके मिले हैं लेकिन अय्यर के मामले में वह वनडे की तरह टी20 में अच्छी फॉर्म बनाकर नहीं रख पाए।

द्रविड़ ने पिछले ढाई महीनों में अय्यर को नौ टी20 मैचों में मौका दिया लेकिन पहले 10 ओवरों में खेलने का मौका मिलने के बावजूद वह एक बार भी अर्धशतक नहीं बना पाए। अगर अय्यर को आखिरी दो मैचों में मौका मिलता है तो उनके पास बड़ा स्कोर बनाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होगा।

पिछले मैच में अपने बेहतरीन शॉट से सभी को हैरान करने वाले सूर्यकुमार यादव को इस बार शीर्ष क्रम में अपने कप्तान रोहित शर्मा का साथ मिल सकता है। तीसरे मैच में रोहित को पीठ दर्द के कारण क्रीज छोड़नी पड़ी थी। तब वह 11 रन पर खेल रहे थे। लेकिन तीन दिन के विश्राम के बाद वह खेलने के लिए तैयार होंगे। रोहित जहां अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर भी गौर करेंगे वही निगाहें ऋषभ पंत पर भी टिकी रहेंगी जो अपने शॉट से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर सकते हैं।

आवेश खान पिछले दो मैचों में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाए थे लेकिन टीम प्रबंधन के पास उनको बनाए रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है क्योंकि हर्षल पटेल अभी पसली की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि कुलदीप यादव को श्रृंखला में मैच खेलने के लिए मिलता है या नहीं क्योंकि हर्षल के पूरी तरह फिट नहीं होने पर भारत अतिरिक्त स्पिनर के साथ उतर सकता है।

## फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुरु

नयी दिल्ली, 5 अगस्त। भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के टिकटों की बिक्री शुक्रवार को शुरू हुई। ओडिशा के भुवनेश्वर में 11 अक्टूबर से होने वाले विश्व कप के सभी मैचों के टिकट प्रशंसकों के लिये तीन महीने पहले ही उपलब्ध करवा दिये गये हैं। नयी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक विशेष मैच के बाद आधिकारिक तौर पर टिकटों की बिक्री शुरू की गई। इस लीजेंड्स मैच में फीफा लीजेंड और दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, पूर्व अमेरिकी महिला राष्ट्रीय टीम स्टार लिंडसे टारप्ले शामिल रहीं। आशालता देवी, सुनील छेत्री, गुरप्रीत सिंह संधू और अदिति चौहान सहित भारतीय महिला और पुरुष फ़ुटबॉल सितारे भी मैच का हिस्सा रहे। इसके अलावा, फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप भारत 2022 की ट्रॉफी भी मैच के दौरान प्रदर्शन पर थी और भाग लेने वाले बच्चों को उसके साथ पोज देने का मौका मिला। फीफा दिग्गज लिंडसे टारप्ले ने आयोजन के बाद कहा, ''फीफा युवा टूर्नामेंट में खेलना मेरे करियर के साथ-साथ यूएसए और दुनिया भर के कई अन्य सितारों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और यादगार पल था।

## यूएई लीग में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया के 15 खिलाड़ियों को मोटी रकम की पेशकश

सिडनी, 5 अगस्त। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की इंटरनेशनल लीग (आईएल टी20) ने आस्ट्रेलिया के चोटी के 15 खिलाड़ियों को बिग बैश लीग (बीबीएल) से हटने और उनकी लीग में खेलने के लिए 700000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की है, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चिंतित है।

इन दोनों लीग का आयोजन एक ही समय में होना है। बिग बैश लीग 13 दिसंबर से चार फरवरी के बीच खेली जाएगी जबकि आईएल टी20 का पहला टूर्नामेंट छह जनवरी से 12 फरवरी के बीच खेला जाना है। इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए दोनों लीग में शामिल होना नामुमकिन है।

'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' के अनुसार कम से कम 15 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को बिग बैश लीग से हटने और यूएई की लीग में खेलने के लिए सात लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की गई है। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ियों के मौजूदा केंद्रीय अनुबंध के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को बीबीएल में खेलने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। डेविड वॉर्नर 2014 में इस लीग में नहीं खेले थे।

बीबीएल का अब तक का सबसे अधिक भुगतान डार्सी शॉर्ट को 258,000 अमेरिकी डॉलर (370,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर) किया गया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को जो भुगतान किया गया है, उसकी तुलना में यह रकम काफी कम है। लेकिन आईपीएल लीग के मालिकों ने यूएई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में भी निवेश किया है और ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को बीबीएल के लिए अपने भुगतान ढांचे में बदलाव करने की जरूरत होगी। समाचार पत्र के अनुसार, '' यूएई लीग में खिलाड़ियों को मोटी रकम की पेशकश की गई है जो कि बीबीएल से बहुत अधिक है जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स संघ दबाव में हैं।''

## भारतीय पहलवान बजरंग 65 किग्रा के क्वार्टरफाइनल में

बर्मिंघम, 5 अगस्त। भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया को शुक्रवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों के 65 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में दो मिनट से भी कम समय लगा। उन्होंने शुरूआती दौर में नौराऊ के लोवे बिंघम को गिराकर आसान जीत दर्ज की।

गत चैम्पियन बजरंग ने एक मिनट अपने प्रतिद्वंद्वी को समझने में लिया और फिर 'जकड़ने' की स्थिति से अचानक बिघंम को पटक कर मुकाबला खत्म कर दिया। बिंघम को इस अचानक से हुए दांव का पता नहीं चला और भारतीय पहलवान आसानी से जीत गया।

बजरंग अब ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मॉरिशस के जीन गायलियाने जोरिस बांडोऊ के सामने होंगे। शुक्रवार को पुरूष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य भारतीय दीपक पूनिया (86 किग्रा) और मोहित ग्रेवाल (125 किग्रा) हैं। महिलाओं की स्पर्धा में अंशु मलिक (57 किग्रा), साक्षी मलिक (62 किग्रा) और दिव्या काकरान (68 किग्रा) भारतीय चुनौती पेश करेंगी।

## सट्टेबाजी कंपनी का समर्थन करने वाली शाकिब की पोस्ट की जांच करेगा बीसीबी

ढाका, 5 अगस्त। बांग्लादेश के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार शाकिब अल हसन फिर से विवादों से घिर गए हैं क्योंकि उनके देश के क्रिकेट बोर्ड ने सट्टेबाजी कंपनी के समर्थन में की गई उनकी हाल की सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 2019 में भारतीय सट्टेबाज की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने पर शाकिब पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश के वर्तमान नियमों के अनुसार सट्टे से जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधि को बढ़ावा देना या उसका समर्थन करना निषेध है।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, ''बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) इस ऑलराउंडर की हाल में सोशल मीडिया डाली गई उस पोस्ट की जांच करेगा, जिसमें उन्होंने ''बेटविनर न्यूज'' नामक कंपनी के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की थी।''

बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा कि शाकिब को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। शाकिब ने लगभग 400 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में 12,000 से अधिक रन और लगभग 650 विकेट लिए हैं। नजमुल ने कहा, ''दो बातें हैं। पहला अनुमति लेने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि हम इस तरह की अनुमति नहीं देंगे। सट्टेबाजी से जुड़ी किसी भी चीज में हम अनुमति नहीं देंगे। इसका मतलब है कि उन्होंने हमसे अनुमति देने के लिए नहीं कहा था। दूसरी बात हम यह जानना चाहते हैं कि क्या उन्होंने करार पर हस्ताक्षर किए हैं या नहीं।'' बीसीबी की गुरुवार को बैठक हुई जिसमें शाकिब कि सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया गया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी - अमित कुमार झा संपर्क नम्बर-7073340715-9874702021

**परिशिष्ट-IV-ए**
**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 24.08.2022 को ''जहाँ है जैसी है'' ''जो कुछ है यह है'' तथा ''जो कुछ है वहाँ है'' के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) को 26 अप्रेल 21 को बकाया रुपये 56,22,297.37/- की सुहैबस एक्सपोर्टस, श्री अखलाख अगवानी, श्री नजर अगवानी, श्रीमती सुहैबनजर अगवानी (ऋण ग्रहिता-सह ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | रुपये-30,13,200/- |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रुपये-3,01,320/- |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि | 23.08.2022 को सायं 5.00 तक |
| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | 17.08.2022 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| नीलामी की तिथि | 24.08.2022 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |
| सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति यूनिट नं. जी-8, ग्राउन्ड फ्लोर, महिमा क्रिस्टल माल, बनीपार्क, जपुर-302016 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 317.10 वर्गगज, और सीमाये निम्न है-पूर्व-दुकान नं. 7, पश्चिम-दुकान नं. 9, उत्तर-कोरीडोर, दक्षिण-कोरीडोर |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था)
स्थान - जयपुर
दिनांक- 03.08.2022



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9511322 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. राजेन्द्र कुमावत 2. चन्द्र प्रकाश कुमावत 3. प्रेम कांता कुमावत 4. सीताराम कुमावत | 30.07.2022 | 22,72,279.91/- | प्लाट, सर्वे नं. ए-39, इन्द्र वर्मा कॉलोनी, कच्ची बस्ती, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 109.72 वर्गगज और सीमाये है- पूर्व-अन्य, पश्चिम-रोड 20', उत्तर-अन्य, दक्षिण-अन्य |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है। ह./-

दिनांक- 06.08.2022
स्थान- जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

# अमेरिकी सिनेटर नैंसी पेलोसी के खिलाफ प्रतिबंध लगायेगा चीन

## चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि, ताइवान की यात्रा कर पेलोसी ने हमारी ''वन चाइना'' पॉलिसी का उल्लंघन किया है

बीजिंग, 5 अगस्त (वार्ता)। चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा है कि चीन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी और उसके नजदीकी रिश्तेदारों पर ताइवान की उकसाने वाली यात्रा के संबंध में प्रतिबंध लगाएगा।


मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमरीकी अधिकारी पेलोसी ताइवान में शांति और स्थिरता को खतरे में डालकर एक चीन के सिद्धांतों पर गहरी चोट पहुंचाई है। बयान में कहा गया है कि चीन के प्रासंगिक कानून के आधार पर चीन की तरफ से पेलोसी और उनकी नजदीकी रिश्तेदारों पर इस उकसाने वाली कार्रवाई पर प्रतिबंध लगाने की निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि चीन ने अमेरिका के साथ जलवायु परिवर्तन वार्ता, अवैध अप्रवासियों के प्रत्यावर्तन पर सहयोग, आपराधिक

- चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि, चीन ने अमेरिका के साथ जलवायु परिवर्तन वार्ता, अवैध अप्रवासियों के प्रत्यावर्तन पर सहयोग, आपराधिक और कानूनी सहायता तथा अंतरराष्ट्रीय अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई को रोकने का भी फैसला किया है।

और कानूनी सहायता तथा अन्तर्राष्ट्रीय अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई को रोकने का भी फैसला किया है। पेलोसी ने मंगलवार को चीन की चेतावनियों के बावजूद एशिया दौरे पर ताइपे का दौरा किया। चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है और उसके साथ किसी भी प्रत्यक्ष आधिकारिक विदेशी संपर्क का विरोध करता है। पेलोसी 25 वर्षों में ताइवान की यात्रा करने वाली सर्वोच्च रैंकिंग वाली अमेरिकी अधिकारी हैं।

ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने अमेरिका के तीसरी सबसे बड़ी नेता व प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पिलोसी की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और इसके जवाब में चीन द्वारा शुरु किए गए सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की।

वू बी.बी.सी. से शुक्रवार को बात करते हुए चीन की ओर से की गयी कार्रवाई को बहुत उकसाने वाला तथा एशिया में शांति और स्थिरता लिए बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि ताइवान चीन के सपनों के विस्तार का आखिरी टुकड़ा नहीं है। उनका यह बयान चीन के मिसाइल प्रक्षेपण किये जाने के बाद आया है।



*बर्मिंघम में चल रहे 2002 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के बजरंग पूनिया ने कमाल कर दिया। बजरंग पूनिया ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में कैनेडा के पहलवान को हराकर गोल्ड मैडल जीता। कॉमनवेल्थ गेम्स में यह उनका लगातार दूसरा गोल्ड मैडल है। उन्होंने फ्रीस्टाइल 65 कि.ग्रा. वर्ग में कैनेडा के लचलान मैकनिल को 9-2 से हराया। भारत का बर्मिंघम में कुश्ती में यह पहला और कुल छठा गोल्ड मैडल हैं। पहले हाफ में बजरंग ने चार अंक लिए। फिर दूसरे हाफ में मैकलीन ने दो प्वाइंट लेकर वापसी की कोशिश की, लेकिन बजरंग ने ऐसा नहीं होने दिया। बजरंग ने इससे पहले 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। वहीं 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने सिल्वर मैडल अपने नाम किया था।*

# बैंकिंग ब्याज दरें प्री कोविड स्तर से भी महंगी हो गईं

## रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दरों को आधा फीसदी बढ़ाने का फैसला किया

मुंबई, 5 अगस्त (वार्ता)। बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) के नीतिगत दरों में आज आधी फीसदी की बढ़ोतरी करने के साथ ही यह अब करोना महामारी के पहले के स्तर को पार कर गयी है। रिजर्व बैंक के आज के इस निर्णय से अब घर, कार और अन्य प्रकार के ऋण महंगे हो जाएंगे। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुये कहा कि देश में वैश्विक कारकों से महंगाई में बढ़ोतरी हो रही है। इस वर्ष जून में लगातार छठे महीने में खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक के लक्ष्य छह प्रतिशत से ऊपर बनी रही है। विकास को गति देने तथा महंगाई को काबू में करने के उद्देश्य से नीतिगत दरों में आधी फीसद की बढ़ोतरी की गयी है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है और महंगाई को मध्यावधि में छह प्रतिशत के लक्षित दायरे में लाया जा सकेगा।

- रिजर्व बैंक ने कहा कि, कई ग्लोबल कारकों की वजह से लगातार छः महीने से महंगाई में अनियंत्रित बढ़ोतरी हो रही है, इसे रोकने के लिए यही सबसे सटीक उपाय है।
- इस बढ़ोतरी के बाद बैंकों के लिए रैपो रेट 4.90 प्रतिशत से बढ़कर 5.40 प्रतिशत हो जायेगी। करोना महामारी आने से पहले रैपो रेट 5.15 प्रतिशत ही थी। इससे तय है कि, सभी प्रकार के लोन अब काफी महंगे हो जायेंगे।

उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी के बाद रेपो दर 4.90 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.40 प्रतिशत पर, सटैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी दर (एस.डी.एफ.) 4.65 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत बढ़कर 5.15 प्रतिशत, बैंक दर 5.15 प्रतिशत से बढ़कर 5.65 प्रतिशत पर तथा मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एम.एस.एफ.) 5.65 प्रतिशत पर पहुंच गयी है।

उल्लेखनीय है कि करोना महामारी के शुरू होने से पहले रेपो दर 5.15 प्रतिशत पर थी। माहामारी के दौरान लॉकडॉउन से मांग प्रभावित होने के कारण रिजर्व बैंक ने नीतिगत दरों में भारी कमी की थी और यह रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गयी थी। रिजर्व बैंक ने तीन बार बढ़ोतरी कर इसको करोना काल के पहले के स्तर के पार पहुंचा दिया है। हालांकि रिजर्व बैंक इसका उपयोग महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कर रहा है।

## उपराष्ट्रपति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एन.डी.ए. के प्रत्याशी जगदीप धनखड़ के बीच और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मार्गरेट अल्वा, जो विपक्ष की प्रत्याशी है, के बीच सीधा मुकाबला है।

संसद के दोनों सदनों के सदस्य इसमें मतदान करेंगे जिसमें राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी शामिल है। धनखड़ की जीत तय है क्योंकि लोकसभा से एन.डी.ए. का प्रचंड बहुमत है। धनखड़, एम. वेंकैया नायडू का स्थान लेंगे। पूर्व कन्द्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष नायडू का कार्यकाल 11 अगस्त, रक्षाबंधन को खत्म हो रहा है।

धनखड़ राजस्थान के झुंझुनूं के रहने वाले हैं और अब संसद के दोनों सदनों के मुखिया राजस्थानी होंगे क्योंकि लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी राजस्थानी हैं वे कोटा के हैं। धनखड़ केन्द्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। बाद में भाजपा ने उन्हें पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया था।

## सिख और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वे स्थानीय एयर पोर्ट और भारतीय उड़ानों में यात्रा करते समय अधिकतम 6 इंच के ब्लेड वाली कृपाण अपने साथ ले जा सकते हैं।

जब न्यायमूर्ति अब्दुल नज़ीर तथा जे.के. महेश्वरी की बैंच ने याचिकाकर्ता हिन्दू सेना को अपनी याचिका संबंधित उच्च न्यायालय में ले जाने की छूट दे दी तो वादी ने अपनी याचिका वापस ले ली। याचिका में इस बात का विरोध किया था कि कोई व्यक्ति अपने धर्म के आधार पर हवाई अड्डों पर कोई भी सामान ले जा सके, क्योंकि ऐसा किया जाना स्टाफ तथा यात्रियों के लिये संभावित खतरे का कारण बन सकता है।

याचिका में इस साल 4 तथा 12 मार्च के ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्यूरिटी के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें केवल सिख यात्रियों को कृपाण रखने की अनुमति दे दी गई थी तथा इस अनुमति में सिख कर्मचारी भी शामिल कर दिये गये थे।

ब्यूरो ने इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया था कि कृपाण का ब्लेड 15.24 सेमी (6 इंच) से बड़ा तथा कृपाण की कुल लम्बाई 22.86 सेमी (9 इंच) से ज्यादा नहीं होनी चाहिये। यह आदेश केवल भारतीय विमानों, जो देशी टर्मिनलों से देश के अंदर ही उड़ान भरेंगे, पर लागू किया गया था।

याचिका में तर्क दिया गया कि ब्यूरो के इस आदेश से हवाई अड्डे, विमान तथा यात्रियों की सुरक्षा में खामी पैदा हो सकती है तथा इस प्रकार, इस आदेश से जनता के जीवन तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मूलाधिकार का हनन हो रहा है, जिसकी गारंटी संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दी गई है। हिन्दू सेना ने कहा कि वह सनातन धर्म के लिये काम करने वाले एक अलाभकारी संगठन के रूप में रजिस्टर्ड है। हिन्दू सेना का कहना है कि वह हिन्दू समुदाय के उत्थान, गो-संरक्षण तथा धर्मशाला-निर्माण के लिये काम करती है।

## गर्भपात...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिनकी बैंच में जस्टिस जे.बी. पारदीवाला भी शामिल थे, ने कहा, ''इस कानून (एम.टी.पी. एक्ट एण्ड रुल्स) की एक प्रगतिशील व्याख्या होनी चाहिए, इस बात को मद्देनज़र रखते हुए कि मैडिकल के क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है।'' जस्टिस ने ''इन्टेन्ट ऑफ पार्लियामेंट'' का जिक्र किया जिसमें कहा गया है कि, ''... जब किसी महिला या उसके साथी द्वारा गर्भधारण रोकने के लिए इस्तेमाल किए गए साधन या उपकरण असफल होने के परिणामस्वरुप गर्भधारण हो जाए...''


एम.टी.पी. कानून एवं नियम के तहत जिन दो मुद्दों की जांच की जा रही है वो हैं कि, क्या बीस सप्ताह के गर्भ को खत्म करने के नियम में ढील दी जा सकती है, इस बात को देखते हुए कि मैडिकल के क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है, तथा, यह भी कि, वर्तमान कानून के तहत गर्भपात में विवाहित व अविवाहित का जो भेद है उसे खत्म किया जाए।

यह मुद्दा तब उठा जब 21 जुलाई को कोर्ट ने एक 25 वर्षीय महिला की प्रार्थना स्वीकार करते हुए उसे 24 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति दी और दिल्ली स्थित एम्स के डायरैक्टर को इस सम्बंध में एक मैडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश दिया यह देखने के लिए कि क्या इस तरह के गर्भपात से उक्त महिला की जान को तो कोई खतरा नहीं है। ज्ञातव्य है कि उक्त महिला लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी।

## कांग्रेस को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कांग्रेस अपने विरोध पर कायम रहेगी या यह सिर्फ एक ही दिन का कार्यक्रम है। चाहे जो कुछ भी हो कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन ने मीडिया की इतनी सुर्खियां बटोरी कि कश्मीर में धारा 370 हटने की तीसरी वर्षगांठ के कार्यक्रम भी कांग्रेसियों की बड़ी संख्या के आगे फीके पड़ गए। कांग्रेस के लोगों ने मूसलाधार बारिश वॉटर जैट्स व लाठियों के साथ किए गए भारी पुलिस बंदोबस्त व गिरफ्तारी की आशंकाओं का साहसपूर्वक मुकाबला किया। इससे पार्टी अन्ततः एक विपक्षी पार्टी के रूप में जागृत हो गई।



*भारत की पहलवान अंशु मलिक ने भारत को कुश्ती में पहला मैडल दिलाया। फ्रीस्टाइल 57 कि.ग्रा. वर्ग में रजत पदक जीतने वाली अंशु मलिक फाइनल में नाईजीरिया की ओडानायो फोलासाडो से 3-7 से हारीं। ओडानायो ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण जीता है। वहीं अंशु को पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में कोई पदक मिला है।*

# 'भाजपा एक दिन देश के तिरंगे को भी बदल देना चाहती है'

श्रीनगर, 5 अगस्त (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रिटक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को यह कहकर नया विवाद खड़ा दिया कि आने वाले समय में केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी देश के तिरंगे को बदल देगी और संविधान को खत्म कर देगी। महबूबा मुफ्ती जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाये जाने के तीन वर्ष के मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन करने के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें रैली नहीं निकालने दी। उन्होंने कहा, मैं देश के नागरिकों से कहना चाहती हूं कि आने वाले दिनों में भाजपा देश के संविधान को खत्म कर देगी।

उन्होंने कहा, वे लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता पर आधारित संविधान को खत्म कर देंगे और इसे एक धार्मिक देश बना देंगे। वे इस तिरंगे को भी बदल देंगे जिसे आप बहुत गौरव के साथ फहराते हैं। अगर भारत आज नहीं जगा तो बहुत कुछ खो जायेगा। कुछ नहीं बचेगा। पूर्व

- जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को यह कहकर केन्द्रीय सरकार और भाजपा पर बहुत संगीन आरोप लगाया
- पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, वो उसी तरह से इस मुल्क के संविधान और तिरंगे को बदलेंगे जिस तरह से जम्मू-कश्मीर का संविधान और झण्डा छीना था।

मुख्यमंत्री ने कहा, वे उसी तरह से इस मुल्क के संविधान और तिरंगे को बदलेंगे जिस तरह से जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा छीना था। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने यह कसम खाई है कि जो उनसे पांच अगस्त 2019 को छीना गया था उसे वापस लेंगे। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, हमने न केवल अपना झंडा और संविधान वापस लेने का संकल्प लिया है, बल्कि उन्हें कश्मीर मुद्दे को हल करने के लिए मजबूर करने का भी, जिसके लिए लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।

महबूबा ने कहा कि पांच अगस्त न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए 'काला दिन' था। इससे पहले दिन में, उन्होंने इस बात का ,खंडन किया कि जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति है। उन्होंने कहा,जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा के दुर्भावनापूर्ण इरादों का खुलासा हो गया है, दमन और डर का पैटर्न अब देश के बाकी हिस्सों में भी दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। अपनी 'पालतू एजेंसियों' को हथियार देना और असंतोष को दबाने के लिए कड़े कानूनों का इस्तेमाल करना आदर्श बन गया है।

उन्होंने कहा,आपकी चुप्पी और मिलीभगत ने भारत सरकार को कहर बरपाने के लिए प्रोत्साहित किया। आज वे भारतीय लोकतंत्र का समर्थन करने वाले हर स्तंभ को तोड़कर उसे कुचल रहे हैं।

भाजपा का जम्मू-कश्मीर का तथाकथित एकीकरण जो कभी नहीं हुआ, हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। सामान्य स्थिति का मुखौटा उतना ही सच है जितना 'सबका साथ, सबका विकास'।

## ममता बनर्जी का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनसे विचार विमर्श नहीं किया था। जहां टी.आर.एस. और जे.एम.एम. ने सोनिया और राहुल गांधी को ई.डी. द्वारा तलब किए जाने की मर्त्सना की हैं, वहीं पश्चिम बंगाल के स्वयं केन्द्रीय जांच एजेंसियों से गले तक भर जाने के बावजूद टी.एम.सी. ने ई.डी. की आलोचना से दूरी बना रखी है। यह संभव माना जा रहा है कि बनर्जी, आप नेता अरविंद केजरीवाल जैसे विपक्ष के नेताओं से शनिवार को मुलाकात करेंगी, लेकिन सोनिया का राहुल गांधी के साथ उनकी कोई मीटिंग तय नहीं हैं।

## क्या सुनक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अंत में प्रश्न किया, ''क्या कृपया वास्तविक लिज़ खड़ी होंगी?''

इससे पहले भी जब सोमवार को उनकी प्रचार अभियान टीम ने एक नुकसानदायक बयान दिया था तब भी ट्रस को यू-टर्न लेने को बाध्य होना पड़ा था। उनकी टीम ने कहा था कि सरकार यदि निवासरत सार्वजनिक क्षेत्र के उन कर्मचारियों, जो लंदन के बाहर रहते हैं, को कम वेतन देती तो वह 8.8 बिलियिन पाउण्ड (10.75 बिलियन डॉलर) प्रति वर्ष बचा सकती है।

बर्ली ने नीतियों पर लिए गए उनके यू-टर्न्स की लिस्ट बताते हुए कहा कि ''आप उन क्षेत्रों के सरकारी कर्मचारियों का वेतन कम करना चाहती थीं और फिर आप कहती हैं कि आप ऐसा नहीं चाहती थीं।'' ट्रस ने जोर देकर कहा कि मीडिया ने इस प्रस्ताव का गलत अर्थ निकाला।

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के तुरंत बाद दिए गए ट्रस के बयान को भी बर्ली ने चुनौती दी। ट्रस ने कहा था कि वे ब्रिटिश लोगों के यूक्रेन के पक्ष में लड़ने की पक्ष धर हैं। लेकिन ब्रिटिश लड़ाके उसके बाद से बंदी बनाए जाते रहे हैं और उन पर भाड़े के सैनिक होने का आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा यूक्रेन के अलगाववादी क्षेत्र डोनेट्स्क उन पर मृत्युदण्ड का खतरा मंडरा रहा है। ट्रस ने जोर देकर कहा कि हमेशा से यहां ट्रैवल एडवाइस थी कि ब्रिटिश लोगों को यूक्रेन नहीं जाना चाहिए। सुनक को भी कठोर प्रश्नों का सामना करना पड़ा, जिनमें से एक सवाल डिज़ाइनर जूतों के शौक से संबंधित था।

# 'कांग्रेस ने काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन के लिए 5 अगस्त का दिन ही क्यों चुना'

## अमित शाह ने कहा कि, कांग्रेस का यह विरोध असल में रामजन्मभूमि शिलान्यास व जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने का विरोध है

नई दिल्ली, 5 अगस्त। गृहमंत्री अमित शाह ने देशभर में कांग्रेस के प्रदर्शन का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि आखिर कांग्रेस ने प्रदर्शन के लिए आज का ही दिन क्यों चुना?

उन्होंने कहा कि आखिर प्रदर्शन के लिए काले कपड़े क्यों पहने गए? उन्होंने कहा कि पिछले साल आज के ही दिन प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर मंदिर का शिलान्यास किया था।

आज के दिन तो जश्न मनाया जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राह पर चलते हुए आज के दिन विरोध प्रदर्शन किया। अमित शाह ने कांग्रेस द्वारा आज के दिन काले कपड़ों में प्रदर्शन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अभी तक तो रोज सामान्य कपड़ों में प्रदर्शन

- अमित शाह ने कहा कि, इतनी जगह शिकस्त खाने के बाद भी तुष्टिकरण नहीं छोड़ रही है कांग्रेस उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने सीक्रेट रूप से हिन्दुत्व के विरोध एवं तुष्टिकरण का अपना एजेण्डा आगे बढ़ाया है।
- उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबसे लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन उसने राम मंदिर का विवाद नहीं सुलझाया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने 500 साल पुराने इस विवाद का पटाक्षेप करते हुए आज के ही दिन अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया था।

किया जा रहा था। आज आखिर काले कपड़ों में प्रदर्शन क्यों किया गया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबसे लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन उसने राम मंदिर का विवाद नहीं सुलझाया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने 500 साल पुराने इस विवाद का पटाक्षेप करते हुए आज के ही दिन अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया था।

अमित शाह ने कहा कि इतनी जगह शिकस्त खाने के बाद भी तुष्टिकरण नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने सीक्रेट रूप से अपना तुष्टिकरण का एजेंडा आगे बढ़ाया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि मैं बता देना चाहता हूं कि तुष्टिकरण की नीति न देश के लिए अच्छी न कांग्रेस के लिए अच्छी। वहीं ई.डी. की कार्रवाई पर अमित शाह ने कहा कि सभी को देश के कानून का पूरी तरह से सम्मान करना चाहिए।

# 'प्रजातंत्र अब केवल एक याद बन कर रह ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है कि जनता के मुद्दे उठाये ही नहीं जाते।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह तानाशाही ''दो बड़े व्यवसायियों के हित में, दो व्यक्तियों द्वारा चलाई जा रही हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपील की कि हर आदमी आगे बढ़कर सरकार से सवाल करे।

गांधी ने कहा कि विपक्ष लोकतन्त्र की ताकत के आधार पर, लोकतंत्र की खातिर लड़ रहा है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''सारी संस्थाएं सरकार का पूरी तरह समर्थन एवं सहयोग'' कर रही हैं। भारत की हर संस्था आर.एस.एस. के नियन्त्रण में हैं। संख्याएं स्वतन्त्र नहीं रही हैं। हमारी लड़ाई किसी पार्टी से नहीं है। आज हम उस पूरे इन्फ्रास्ट्रक्चर से लड़ रहे हें, जो एक पार्टी के साथ खड़ा हो गया हैं। आर्थिक व्यवस्था भाजपा आर.एस. एस. का एकाधिकार हैं, संस्थानिक रूप से उनका एकाधिकार है। यही कारण है कि विपक्ष विक्षुब्ध है लेकिन वह क्षोभ बहुत प्रभावी तरीके से बाहर नहीं आ पा रहा।''

गांधी ने कहा कि मँहगाई एक वास्तविकता है लेकिन इसे लेकर एक भिन्न सोच एवं अवधारणा पैदा की जा रही है।

गांधी ने पूछा, ''भारत में स्टार्टअप्स कहाँ हैं?''

उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स अपने कार्यकारियों को निकाल रहे हैं।

गांधी ने आगे कहा, ''कोविड़ के दौरान लाखों लोग मर गये, लेकिन सरकार कह रही है कि यह असत्य है। कीमतें बढ़ रही हैं लेकिन सरकार इस बात से इनकार कर ही है। बरोजगारी बढ़ रही है लेकिन सरकार इस तथ्यों को स्वीकार नहीं करती। सारा प्रचार एवं संचार तन्त्र सरकार के हाथों में है।''

गांधी ने कहा, '' मैं जितना ज्यादा सच कहूँगा, मुझ पर उतना ही ज्यादा हमला होगा। मेरे साथ समस्या यह है कि मैं सच्ची बात कहता हूँ और डरता नहीं हूँ। मैं मूलभूत मुद्दों को उठाने का अपना काम करता रहूँगा। मैं अपने काम को जारी रखूँगा।''

गांधी ने कहा कि डर वे रहे हैं, जो धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''वे जनता की ताकत से डरते हैं। वे इसलिये डर रहे हैं क्योंकि वे 24 घण्टे झूठ बोलते हैं, कोई महँगाई नही है, कोई बरोजगारी नहीं हैं, कोई चीनी हमले नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि उन पर होने वाले बढ़ते जायेंगे, क्योंकि वे (राहुल) जनता के मुद्दों को उठाते हैं।

गांधी ने कहा, ''मुझे यह अच्छा लगता है जब मेरे राजनैतिक विरोधी मुझ पर हमले करते हैं तो मुझे बड़ी खुशी मिलती है क्योंकि मैं अपनी विचारधारा की ताकत को समझता हूँ, अपने युद्ध क्षेत्र की ताकत को समझता हूँ और यह समझता हूँ कि यह लड़ाई क्यों लड़ी जा रही है।''

इसी बीच, कांग्रेस के नेताओं ने महँगाई के खिलाफ प्रधानमंत्री निवास तक की अपनी पद यात्रा शुरू कर दी। इसके बाद, पार्टी सांसद राष्ट्रपति भवन तक पैदल जायेंगे।

राहुल ने कहा, ''तथ्य यह है कि भारत में लोकतन्त्र एक स्मृति मात्र बन गया है। इसके परिणाम सामने आयेंगे। जब लोग उठते हैं तो परिणाम सामने आते हैं। आप मुझसे जो सवाल पूछना चाहें, पूछिये। हर व्यक्ति को मालूम है कि (ई.डी.) की सच्चाई क्या है। मैं आर.एस.एस. से प्रश्न पूछना चाहता हूँ। अगर आप (आर.एस.एस.) मुझ पर हमला करेंगे, तो मुझे खुशी होगी क्योंकि इस तरीके से इस युद्ध क्षेत्र को और ज्यादा और बेहतर समझ सकूँगा।

उन्होंने कहा, ''वे गांधी परिवार पर हमले क्यों करते हैं?'' क्योंकि हम लोकतन्त्र और समरसता के लिये लड़ते हैं और हम सालों से लड़ते आ रहे हैं। मेरे परिवार के सदस्यों ने अपने जीवन कुर्बान कर दिये। जब भारत को हिन्दू-मुसलमान के आधार पर बाँटा जाता है तो हम आहत होते हैं। जब किसी पर, दलित होने के कारण, हमला होता है तो हम दुखी होते हैं। हम एक परिवार माम नहीं हैं, हम एक विचारधारा हैं।''

''हिटलर भी चुनाव जीता करता था। पूरा संस्थानिक ढ़ाँचा उसके साथ था। मुझे इन संस्थाओं पर अधिकार दे दीजिये तो मैं आपको दिखा दूँगा कि चुनाव कैसे जीते जाते हैं।''

इसके बाद, काले वस्त्र पहने हुये, कांग्रेस नेता महँगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ सड़कों पर आ गये। उनके साथ राहुल गांधी तथा प्रिंयका गांधी भी थे। उन सबकों संसद और ए.आई.सी.सी. मुख्यालय के बाहर नाटकीय गतिरोध के बीच, पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

कांग्रेस सांसदों, जिनमें राहुल गांधी भी शामिल थे, ने संसद-भवन परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया तथा उसके बाद, महँगाई, अत्यावश्यक सामानों पर जी.एस.टी. बढ़ाये जाने तथा बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के एक हिस्से के रूप में, ये सब लोग पद यात्रा करते हुये राष्ट्रपति भवन की ओर बढ़ गये।

प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सांसद सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे तथा माँग कर रहे थे कि अत्यावश्यक वस्तुओं पर बढ़ाई गई जी.एस.टी. वापस ली जाये। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी की महिला सांसदों के साथ अपने हाथों में बैनर लिये संसद के गेट नम्बर 1 के बाहर खड़ी हुई थी।

लेकिन इन प्रदर्शनकारियों को दिल्ली पुलिस ने रोक दिया तथा राष्ट्रपति भवन की तरफ नहीं बढ़ने दिया। सोनिया गांधी ने पद यात्रा में भाग नहीं लिया। अन्य सांसदों को दिल्ली पुलिस ने विजय चौक पर गिरफ्तार कर लिया।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि गिरफ्तार किये गय 64 सांसदों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल, अधीर रंजन चौधरी तथा गौरव गोगाई भी शालि थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस इन लोगों को विजय चौक से पुलिस बसों में ले गई।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908